# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 30 अंक 292 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर बुधवार 23 अप्रैल 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00




## सोना सचमुच सोना है

नई दिल्ली

10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम मंगलवार को सर्राफा बाजार में पहली बार 1 लाख रुपए पर पहुंच गया। इधर, चांदी की कीमत 342 रुपए गिरकर 95,900 रुपए प्रति किलो हो गई है। सोमवार को चांदी का भाव 96,242 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने 28 मार्च को 1,00,934 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,500 रुपए, मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 रुपए, कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 92,900 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 1,01,350 रुपए है। इसी प्रकार चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 रुपए और भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 रुपए है। शादियों का मौसम शुरू हो गया है, ऐसे में सोने के गहनों की मांग बढ़ रही है। मुंबई, दिल्ली और चेन्नई जैसे शहरों में ज्वेलर्स ने बताया कि ऊंची कीमतों के बावजूद बिक्री में तेजी है, क्योंकि लोग सोने को निवेश और समृद्धि के प्रतीक के रूप में देखते हैं।

## कीमत एक लाख के पार कैसी शादी-कैसा त्योहार

### 112 दिन में 23,838 रुपए महंगा

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक यानी, 112 दिन में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,838 रुपए बढ़कर 1 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव 86,017 रुपए प्रति किलो से 9,883 रुपए बढ़कर 95,900 रुपए पर पहुंच गया है।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने फिर से कहा

# संसद ही सुप्रीम संस्था

नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने फिर से कहा है कि संविधान के बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए। संविधान क्या होगा? इसे अंतिम रुप से तय करने वाले निर्वाचित प्रतिनिधि ही होंगे और इससे ऊपर कोई अथॉरिटी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि संसद सुप्रीम संस्था है। राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान के पद औपचारिक या सजावटी हो सकते हैं। मेरे हिसाब से नागरिक सर्वोच्च है। हर किसी की अपनी भूमिका होती है। उपराष्ट्रपति ने एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट द्वारा



संविधान की प्रस्तावना को लेकर व्याख्याओं में असंगति पर सवाल उठाया। जगदीप धनखड़ ने कहा, एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रस्तावना संविधान का हिस्सा नहीं है (गोलकनाथ मामला) दूसरे मामले में उसने कहा कि यह संविधान का हिस्सा है (केशवानंद भारती)। बता दें कि गोलकनाथ केस में संसद अनुच्छेद 368 के तहत मौलिक अधिकारों को संशोधित या समाप्त नहीं कर सकती, क्योंकि मौलिक अधिकार संविधान का अभिन्न हिस्सा हैं। यानी कि संसद को मौलिक अधिकारों में कटौती करने का अधिकार नहीं है। केशवानंद भारती केस में सर्वोच्च न्यायालय की 13 जजों की संविधान पीठ ने 7:6 के बहुमत से फैसला दिया कि संसद अनुच्छेद 368 के तहत संविधान के किसी भी हिस्से को संशोधित कर सकती है, लेकिन यह संविधान की मूल संरचना को नष्ट नहीं कर सकती। मूल संरचना में संविधान की सर्वोच्चता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, संघीय ढांचा, शक्ति पृथक्करण, न्यायिक समीक्षा, और मौलिक अधिकारों का सार शामिल है।

## ट्रेनिंग के दौरान विमान क्रैश, पायलट की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अमरेली के शास्त्री नगर स्थित रिहायशी इलाके में एक निजी कंपनी के प्रशिक्षण केंद्र का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे विमान के पायलट की मौत हो गई। बताया जाता है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विस्फोट हुआ था जिससे आग लग गई थी।

## बदमाशों ने छात्रा को चलती ट्रेन से फेंका, मौत

**भागलपुर।** भागलपुर के सबौर में बदमाशों ने मंगलवार सुबह छात्रा को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। 21 साल की काजल चोर के पीछे भाग रही थी। ट्रेन से गिरने की वजह से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर ही करीब एक घंटे तक एंबुलेंस के इंतजार में छात्रा ने दम तोड़ दिया।

## महाराष्ट्र में हिंदी अनिवार्य नहीं, 6 दिन बाद फैसला वापस

**मुंबई।** महाराष्ट्र में स्कूली पढ़ाई के लिए अब हिंदी अनिवार्य भाषा नहीं होगी। राज्य सरकार ने हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने कहा कि मराठी अनिवार्य होगी, अंग्रेजी दूसरी भाषा और तीसरी भाषा ऑप्शनल यानी वैकल्पिक होगी। फैसला वापस लेने से 6 दिन पहले यानी बुधवार को ही महाराष्ट्र में 1 से 5वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी अनिवार्य की गई थी।

# जम्मू-कश्मीर में पुलवामा के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला, 27 मौतें

## आतंकियों ने टूरिस्ट के नाम पूछकर मारी गोली, दो विदेशियों की भी मौत

पहलगाम

जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को 2019 के पुलवामा अटैक के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ। पहलगाम में मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे आतंकियों के हमले में 27 पर्यटकों की मौत हो गई। इनमें 2 विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। पहले प्रशासन ने एक मौत की ही पुष्टि की थी, करीब 4 घंटे बाद 27 मौतों की बात स्वीकार की है। आतंकियों ने घुड़सवारी कर रहे पर्यटकों में से एक टूरिस्ट से पहले उसका नाम पूछा, इसके बाद उसके सिर में गोली मार दी। इसके बाद आतंकी वहां मौजूद अन्य पर्यटकों पर फायरिंग करते हुए भाग निकले। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा ने ली है। घटना पहलगाम की बैसरन घाटी में हुई, इसमें 20 लोग घायल भी हुए हैं। इनमें कुछ स्थानीय लोग भी हैं। घटना को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब से गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की है। पीएम से बातचीत के बाद शाह श्रीनगर पहुंच गए हैं।



### तुम्हें नहीं मारेंगे, मोदी को बता देना

कर्नाटक के शिवमोगा से कश्मीर में छुट्टियां मनाने आयी पल्लवी ने बताया कि वह आज सुबह ही पति के साथ पहलगाम पहुंचे थे और घूमते हुए बैसरन आए थे। पल्लवी को यकीन नहीं आ रहा है कि उसके साथ जो हुआ वह भयानक सपना है या फिर वास्तविकता। सुरक्षाकर्मियों के बीच बैठी पल्लवी बार-बार अपने बेटे को गले लगाते हुए कह रही थी कि हमें नहीं पता था कि यह सैर हमारी जिंदगी को बर्बाद कर देगी। पति पर गोलियां चलाने वाले ने कहा कि जाओ तुम्हें नहीं मारता, जाकर मोदी को बता देना।

### हाई-लेबल चर्चाएं और मीटिंग

घटना को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब से गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की है। उन्होंने शाह से मौके पर जाने को कहा है। पीएम से बातचीत के बाद शाह श्रीनगर के लिए रवाना हो गए। इधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी से बातचीत करके हालातों की जानकारी ली। सुरक्षाबलों ने पहलगाम में हमले वाले इलाके को घेर रखा है। हेलिकॉप्टर के जरिए इलाके पर नजर रखी जा रही है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

### आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

### आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट: राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की खबर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है। आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दावों के बजाय अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए, ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं।



## भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत

दमोह (स्वतंत्र मत)।

दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार चौकी महादेव घाट पुल के पास मंगलवार सुबह करीब 11 बजे एक बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में बोलेरो में सवार करीब एक दर्जन से अधिक यात्रियों में 6 यात्रियों वैजयंती, लौग बाई, हल्की बाई, संपत बाई, गुड्डी बाई व रचना की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं 7 गंभीर को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया जिसमें जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. रविंद्र सिंह सहित डॉक्टर टीम ने उन सभी का चेकअप किया जिसमें दो बच्चों तमन्ना उम्र करीब 10 से 15 वर्ष पिता देवेंद्र सिंह भींटा, शिब्बू पिता हरि उम्र 8 से 10 वर्ष डुंगरिया निवासी का चेकअप कर मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया। घायलों में रज्जो सिंह उम्र 55 वर्ष निवासी पौड़ी, वैभव सिंह पिता देवेंद्र उम्र 12 वर्ष, आयुष बहरोघाट जबलपुर, अंकित पिता रज्जो सिंह, रविंद्र पिता डोमेन उम्र 22 वर्ष निवासी बिजोरी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दमोह जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में अनमोल जिंदगियों के असामयिक निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपये एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है।

**गंभीर रूप से घायल 5 लोग जबलपुर रेफर**

## यूपीएससी सिविल सर्विसेज का फाइनल रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली।** यूपीएससी ने सिविल सर्विस एग्जाम 2024 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। प्रयागराज की शक्ति दुबे ऑल इंडिया टॉपर बनी हैं। कुल 1009 कैंडिडेट्स का नाम मेरिट लिस्ट में शामिल है। मेरिट लिस्ट ऑफिशियल वेबसाइट पर रिलीज की गई है। यूपी के प्रयागराज की शक्ति दुबे ने ऑल इंडिया टॉप किया है। शक्ति ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में ग्रेजुएशन किया है। परीक्षा में पॉलिटिकल साइंस और इंटरनेशनल रिलेशंस उनके ऑप्शनल सब्जेक्ट थे। ये उनका 5वां अटेम्प्ट था। रैंक 2 पर हर्षिता गोयल हैं। हर्षिता मूल रूप से हरियाणा की हैं और कई वर्षों से गुजरात के वडोदरा में रह रही हैं। रैंक 3 में पुणे महाराष्ट्र के अर्चित पराग डोंगरे हैं जिन्होंने वीआईटी, वेल्लोर से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री ली है। उनका एक ऑप्शनल सब्जेक्ट फिलॉसफी (दर्शनशास्त्र) था। यूपीएससी टॉपर्स के टॉप 5 में 3 लड़कियों ने जगह बनाई है। वहीं टॉप 10 में 4 लड़कियां शामिल हैं। यूपीएससी ने कहा कि टॉपर्स ने आईआईटी, एनआईटी, वीआईटी, जेएनयू, दिल्ली यूनिवर्सिटी और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग, ह्यूमैनिटीज, विज्ञान, कॉमर्स, मेडिकल साइंस और आर्किटेक्ट में ग्रेजुएशन किया है।



शक्ति दुबे टॉपर : टॉप 5 में 3 लड़कियां

## 8 साल की बच्ची से दरिंदगी कान काटे, चेहरा कुचला

**छतरपुर।** छतरपुर में एक 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई। आरोपी बच्ची को उसके घर से करीब 600 मीटर दूर ले गया। उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और उसके चेहरे पर पत्थर से वार किया। इतना ही नहीं, उसने बच्ची का कान भी काट दिया। गंभीर हालत में पहले उसे अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसे जिला अस्पताल में पीआईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसपी आगम जैन ने बताया कि आरोपी बच्ची को टॉफी का लालच देकर ले गया था। बच्ची के शरीर में पत्थर मारने के निशान हैं।

## मुस्लिम नेताओं का बड़ा प्रदर्शन

### 30 अप्रैल को पूरे देश में बत्ती गुल कार्यक्रम की तैयारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ कानून के खिलाफ बड़े प्रोटेस्ट तहफ्फुज-ए-औकाफ कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें मुस्लिम समाज के बड़े नेता शामिल रहे। वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने अपना आंदोलन तेज करने की पूरी रूपरेखा तैयार की है। आगामी 24 अप्रैल को दिल्ली के इंडिया इस्लामिक सेंटर में वक्फ बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 26 को कोलकाता में सम्मेलन होगा। महाराष्ट्र में 27 को वक्फ




मुस्लिम संगठन इकट्ठा होंगे। वहीं 30 अप्रैल को पूरे देश में बत्ती गुल कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी है, मुस्लिम समाज के लोग रात को 9 बजे अपने-अपने घरों की बिजली बंद करेंगे।

## मुझे ईडी के बुलावे का इंतजार

### पीएम मोदी के सलाहकारों पर प्रियंका गांधी ने साधा निशाना

नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड केस को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को उनके सलाहकार गलत सलाह दे रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि लोगों को पता है कि जांच एजेंसियां राजनीतिक कारणों से गलत इस्तेमाल हो रही हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह प्रवर्तन निदेशालय से बुलावे का इंतजार कर रही हैं। उन्हें हैरानी है कि उन्हें अभी तक क्यों नहीं बुलाया गया। वहीं प्रियंका गांधी ने बीजेपी के आरोपों को खारिज किया है। बीजेपी का आरोप है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने यंग इंडियन नाम से एनजीओ बनाकर नेशनल हेराल्ड की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पने की कोशिश की। प्रियंका गांधी ने कहा कि कोई भी इन संपत्तियों को बेच नहीं सकता। वे इसे अपने वारिस या किसी और को भी नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि ये संपत्तियां उनके नाम पर भी नहीं हैं। प्रियंका गांधी ने सवाल किया, तो इसे संपत्ति हड़पना कैसे कहा जा सकता है? उन्होंने दावा किया कि ये आरोप झूठे हैं। प्रियंका गांधी ने अपने पति रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की पूछताछ का भी जिक्र किया। रॉबर्ट वाड्रा से 2008 के हरियाणा जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ हो रही है। प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्हें बार-बार बुलाया जा रहा है। उनसे ऐसे सवाल पूछे जा रहे हैं, जिनका कोई मतलब नहीं है। जैसे कि उन्होंने 17 साल पहले अपनी मां को 4 लाख रुपये क्यों दिए थे।



# ‘पांच दिन में हटाएं वीडियो’

### रामदेव के शरबत जिहाद वाले बयान को हाईकोर्ट ने बताया अक्षम्य

नई दिल्ली

रूह अफजा को शरबत जिहाद बताने वाले बाबा रामदेव को दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बाबा रामदेव का बयान अक्षम्य है और इसका समर्थन नहीं किया जा सकता है। इस बयान को किसी भी तरह से ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। उसके बाद दोपहर 12 बजे कोर्ट में दोबारा सुनवाई हुई तो बाबा रामदेव के वकील के तेवर नरम पड़ गए और उन्होंने कोर्ट से कहा कि मैंने सलाह दी है और हम वीडियो निकाल रहे हैं। इस पर हाईकोर्ट ने कहा, जब मैंने वीडियो देखा तो मुझे अपने कान और आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। बाबा रामदेव के वकील का कहना था कि हमने पहले ही वीडियो निकालने के लिए कह दिया है। इस पर कोर्ट ने कहा, हलफनामा दाखिल करें। दरअसल, बाबा रामदेव के बयान के खिलाफ हमदर्द की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। मामले में मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई की है। कोर्ट ने बाबा रामदेव के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। इस पर हमदर्द के वकील ने एक और बयान का हवाला दिया। रामदेव के वकील ने कहा, कृपया निष्पक्षता का फायदा ना उठाएं।



### विवादित विज्ञापन हटाए जाएंगे

हमदर्द के वकील ने कहा, इस बयान को हटाया जाना चाहिए। जब से हमने मुकदमा दायर किया है, तब से कुछ और आ गया है। रामदेव के वकील ने कहा, वे इसे हमें दे सकते हैं। यह किसी और प्लेटफॉर्म की कहानी है। जो कुछ भी मेरे नियंत्रण में है, उसे हटा दिया जाएगा। प्रिंट या वीडियो में सभी विवादित विज्ञापन हटा दिए जाएंगे या उचित रूप से बदल दिए जाएंगे।

### अगली सुनवाई 1 मई को

कोर्ट ने कहा, इसे हलफनामे पर आना चाहिए। एक हलफनामा दर्ज किया जाए जिसमें कहा जाए कि वो भविष्य में इस तरह का कोई बयान या विज्ञापन, सोशल मीडिया पोस्ट जारी नहीं करेंगे। कोर्ट ने कहा, हम नहीं चाहते कि ऐसे मामले सामने आएं। कोर्ट ने कहा कि हलफनामा 5 दिनों में दायर किया जाए। 1 मई को केस सूचीबद्ध किया गया है।

# आवासीय आदिवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिहकी में व्याप्त भर्रेशाही

## इन दिनों लोगों के बीच बना चर्चा का विषय

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।

पाण्डेय शिक्षा समिति द्वारा संचालित आवासीय आदिवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिहकी में व्याप्त भर्रेशाही इन दिनों लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है ज्ञात हो कि उक्त आवासीय विद्यालय का संचालन पाण्डेय शिक्षा समिति भमरहा सतना मैहर मुख्यालय जयसिंहनगर के द्वारा किया जाता है उक्त आवासीय विद्यालय में तीन छात्रावास संचालित होने की बात बताई गई है आवासीय आदिवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिहकी जिसका डाइस कोड 23160511114 है जिसमें 300 सीट है जिसका बोर्ड लगाकर विद्यालय संचालित किया जा रहा है इसके अलावा उक्त विद्यालय में दो छात्रावास और संचालित है आदिवासी बालक छात्रावास टिहकी जिसका डाइस कोड 2316051110 है इसमें 100 सीट हैं तथा दूसरा आदिवासी बैगा छात्रावास टिहकी जिसका डाइस कोड 23160511116 है उक्त छात्रावास में 200 सीट है और ये तीनों छात्रावास एक ही जगह संचालित होने की बात बताई गई है किन्तु जब इस विषय की जानकारी उक्त विद्यालय के कर्मचारियों से ली गई तो उन्होंने बताया कि ये छात्रावास मात्र 200 सीट का है अन्य दो छात्रावास कहां संचालित है और उनमें कितने छात्र हैं इस संबंध की जानकारी देने में असमर्थता व्यक्त की गई विचारणीय प्रश्न है कि जब शासन द्वारा तीन छात्रावास संचालित किए जाने की स्वीकृति दी गई है तो वह कहां संचालित है तीनों छात्रावास के लिए स्वीकृत सीट 600 है किन्तु मात्र दो सौ सीट का ही छात्रावास संचालित है शेष 400 सीट का छात्रावास कहां




संचालित है किसी को पता नहीं है सूत्रों की मानें तो शासन से 600 सीट के हिसाब से प्रतिमाह बजट प्राप्त होता है किन्तु हकीकत में मात्र दो सौ सीट की व्यवस्था है बांकी चार सौ छात्रों के लिए जो पैसा शासन से मिलता है कहां जाता है कोई बताने वाला नही है शासन से छात्र वृत्ति के नाम पर 1155 रुपए दिया जाता है खाद्यान्न का उठाव भी छात्र संख्या के अनुसार किया जाता है छात्रावास के रख रखाव गद्दे चादर तकिया पलंग आदि के लिए शासन से अलग से पैसा मिलता है इसके साथ ही पुस्तकालय एवं प्रकाश व्यवस्था के नाम पर भी लाखो रुपए प्राप्त होते हैं उक्त संस्थान में कार्यरत लोगों ने बताया कि मार्च महीने में अवकाश घोषित होने के कारण एक भी छात्र छात्रावास में नहीं है जबकि शासन के निर्देश अनुसार अप्रैल महीने में सभी विद्यालयों को संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं इसके बाद भी छात्रावास में एक भी छात्र नहीं है और छात्रों को मिलने वाले अनुदान राशि एवं उनके भोजन कप?ा एवं अन्य मद में खर्चा दिखाकर हर महीने लाखों रुपए की चपत शासन को लगाई जा रही है पाण्डेय शिक्षा समिति द्वारा उक्त आवासीय विद्यालय से मात्र एक किलोमीटर दूर ग्राम बरकछ में भी एक आवासीय विद्यालय छात्रावास संचालित है और वहां भी छात्रों के न होने के बाद भी हर महीने लाखों रुपए फर्जी बिल व्हाउचर लगा कर शासन को चूना लगाया जा रहा है उल्लेखनीय हैं कि पाण्डेय शिक्षा समिति विगत बीसों वर्षों से इस क्षेत्र में आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास का काम अपने हांथ में लेकर शिक्षा के नाम पर करो?ों रुपए की चपत शासन को लगाने में कोई कसर नहीं छो? रहा है शासन से छै सौ सीट का छात्रावास स्वीकृति होने के बाद मात्र दो सौ छात्रों की व्यवस्था बनाई गई है और चार सौ छात्रों के नाम पर हर महीने मिलने वाले लाखों रुपए का फर्जी वा?ा किया जा रहा है जबसे विद्यालय छात्रावास संचालित है तबसे आज तक में करो?ों रुपए का गोलमाल किये जाने की संभावना जानकारी लोगों द्वारा व्यक्त की जा रही है किन्तु यहां पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों को फुर्सत नहीं है कि उक्त समिति द्वारा संचालित छात्रा वास एवं आवासीय विद्यालयों की तरफ देख ले और केवल कागजों में संचालित विद्यालयों एवं छात्रावास के नाम पर की जा रही धोखा ध?ी पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई करे इस संबंध में सूत्रों ने बताया कि पाण्डेय शिक्षा समिति के संचालक की ऊंची पक? होने के कारण कोई भी अधिकारी उनके काम काज में हस्तक्षेप करना उचित नहीं मानते हैं और उसका परिणाम यह है कि उक्त समिति के द्वारा हर महीने शासन को करो?ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है और शासन प्रशासन मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है इस संबंध में क्षेत्र के जागरूक लोगों द्वारा आयुक्त महोदय शहडोल संभाग से निष्पक्ष जांच एवं कार्यवाही की मांग की गई है।

### इनका कहना है

पाण्डेय शिक्षा समिति के संचालक यस पी पाण्डेय से दूरभाष पर हुई चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि आवासीय विद्यालय के साथ साथ बैगा छात्रावास एवं आदिवासी छात्रावास दोनों वहीं संचालित है दोनों छात्रावास एवं आवासीय विद्यालय मिलाकर कुल छात्रों की संख्या पांच सौ बताई गई अप्रैल महीने में विद्यालय संचालित किए जाने के लिए शासन द्वारा जारी आदेश के संबंध में कहा गया कि जुलाई महीने से विद्यालय एवं छात्रावास संचालित होता है और बीच में कोई अवकाश नहीं दिया जाता है इसलिए अभी अप्रैल महीने में छात्रावास एवं विद्यालय चालू नहीं किया गया है।

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण

शहडोल (स्वतंत्रमत)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने विकासखण्ड सोहागपुर अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोरतरा, पोंगरी, श्यामडीह, पटासी एवं खेतौली में आयोजित टीकाकरण सत्रों का औचक निरीक्षण किया। आरोग्य मंदिर गोरतरा, पोंगरी, श्यामडीह, पटासी में सी.एच.ओ. के अनुपस्थित रहने पर एक सप्ताह का वेतन कटाने का नोटिस देने के निर्देश मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिंहपुर को दिये। उन्होंने गर्भवती माताओं से चर्चा की तथा कहा कि गर्मी के मौसम में खुद को एवं बच्चों को बिमारी से सुरक्षित रखने विशेष सावधानी आवश्यक है। बिमार होने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार करायें। उन्होनें निर्देश दिये की आयुष्मान अरोग्य मंदिर में ओआरएस एवं दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें और आवश्यकता अनुसार मरीजों को उपलब्ध कराये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि भीषण गर्मी में लू से बचने मौसमी के फलों का सेवन करे तथा अनावश्यक घर से न निकलें दिन में ज्यादा से ज्यादा पानी पियें एवं घर




से निकलते वक्त गमछे या टोपी का उपयोग करें एवं पुदीना, धनियां आदि के सरबत आदि का उपयोग करें तथा लू के लक्षण जैसे उल्टी आना, गला सूकना, तथा बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर की सलाह ले, क्योंकि सुरक्षा ही बचाव का मुख्य साधन है।

# शराब ठेकेदार द्वारा पत्रकार को दी गई जान से मारने की धमकी

जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)

इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार पंकज कुमार पांडेय को शराब ठेकेदार द्वारा उसके अवैध कारोबार के संबंध मे समाचार चलाने को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त आशय की शिकायत पुलिस अधीक्षक शहडोल को दिए गए शिकायत पत्र में पंकज कुमार पांडेय ने लेख किया है कि गत 20 अप्रैल को रात्रि साढे ग्यारह बजे एक शादी समारोह से लौटते समय शराब ठेकेदार रंजीत गुप्ता ने अपने स्टाफ कर्मचारियों के साथ मुझसे गाली गलौज की और अभद्र व्यवहार करते हुए लूट के झूठे केस में फैसाने एवं जान से मारकर खत्म करने की धमकी दी। रंजीत गुप्ता को उसके गलत सलत अवैध कारोबार की खबरें मीडिया में चलाये जाने से आपत्ति है, जबकि वो शराब के वैध ठेके अलावा ढाबों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध ढंग से शराब बिकवाने का कार्य ध?ल्ले से करता है। इस आशय की शिकायत पत्रकार द्वारा आबकारी विभाग को भी की गई जिससे वह बुरी तरह चिढा हुआहै। पत्रकार पंकज पांडेय का कथन है कि जब आरोपी अवैध ढंग से कारोबार संचालित करता है तो एक पत्रकार के नाते उससे संबंधित खबर देना उसका पत्रकार का दायित्व है मगर पत्रकारीय दायित्व निभाने के कारण शराब ठेकेदार उसे जाने से मारने और झूठे प्रकरण में फंसा देने की धमकी दे रहा यह एक संगीन अपराध है। पत्रकार ने पुलिस अधीक्षक शहडोल से आरोपी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कराकर कडी कानूनी कार्रवाई कराने की मांग करते हुए अपनी रक्षा कराए जाने की प्रार्थना की है।

# सरस्वती विद्यालय ओपीएम में पृथ्वी दिवस मनाया गया



शहडोल (स्वतंत्रमत)

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओ पी एम अमलाई में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें ग्लोब के माध्यम से भैया बहिनों को पृथ्वी के बारे में जानकारी दी गई। ग्लोब में स्थित अक्षांश एवं देशांतर रेखाएं, पृथ्वी की गतियां ,मानवीय क्रियाओं एवं पर्यावरण प्रदूषण पर प्राचार्य मृगेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रकाश डाला गया एवं वसुधैव कुटुंबकम का अर्थ स्पष्ट करते हुए सामाजिक कर्तव्य बोध कराया गया ।पृथ्वी के संरक्षण में एवं जन चेतना संवर्धन में भैया बहनों की भूमिका बताते हुए विविध सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी किए। भैया बहिनों ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से ब? च?कर भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में विजयी भैया बहिनों कृष्णा सिंह, आयुष शर्मा, अनुराग सेन, संस्कार तिवारी, तमन्ना गोंड एवं आचार्य परिवार में सीतेश प्रजापति जी को पुरष्कृत किया गया। आचार्यों में पी डी मिश्रा, राम नरेश सिंह, नारायण दास त्रिपाठी, बी के पाठक, अकबर खान, वीरेंद्र तिवारी, कमला मिश्रा, मधु गुप्ता द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर अनुष्का कर्ण के मार्गदर्शन में नन्हे शिशुओं ने पर्यावरण संचेतना एवं प्रकृति के संरक्षण पर सुंदर प्रस्तुति दी। साथ ही नवीन प्रवेशी भैया बहिनों का राम नारायण तिवारी आचार्य जी द्वारा तिलक वंदन कर स्वागत किया गया।

# बाल मजदूरी कराने वाले को 2 साल तक जेल की सजा का प्रावधान

शहडोल (स्वतंत्रमत)

अपर कलेक्टर सरोधन सिंह की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में बाल और किशोर श्रम प्रतिषेद एवं विनियमन संशोधित अधिनियम 2016 के तहत जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में आयोजित की गई। अपर कलेक्टर ने कहा कि 14 साल से कम उम्र का बच्चा मजदूर के रूप में काम नहीं कर सकता, बाल मजदूरी करवाने वाले व्यक्ति को 2 साल तक जेल की सजा हो सकती है, बाल मजदूरी करने वाले को 20 हजार रूपये से लेकर 50 हजार रूपये तक का जुर्माना भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि बाल श्रम से संबंधित शिकायत कोई भी नागरिक पुलिस 100, चाइल्ड लाइन 1098 पेंसिल पोर्टल पर कर सकते हैं। बैठक में जिला नोडल अधिकारी बाल श्रम चरणा गुप्ता बताया कि बाल श्रमिक को नियोजित करने पर अधि0 की धारा 14 (1) के तहत तथा किशोर श्रमिक को खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में नियोजित करने पर अधि0 धारा 14 (1क) के तहत



कम से कम छः माह की अवधि का कारावास, लेकिन जिसे दो वर्ष तक ब?ाया जा सकता है या इसके अलावा कम से कम 20 हजार रूपये का जुर्माना है, लेकिन जिसे 50 हजार रूपये तक ब?ाया जा सकता है अथवा ये दोनों दण्ड का प्रावधान है। उपर्युक्त धाराओं के आधीन अपराध को दोहराने पर कम से कम एक वर्ष की अवधि का कारावास, लेकिन जिसे 3 वर्ष तक ब?ाया जा सकता है। उन्होंने पी?ित बाल किशोर श्रमिक की सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छु?ाए गए बच्चे की मूलभूत आवश्यकताएं छु?ाए जाने के तत्काल बाद अवश्य पूरी की जानी चाहिए, बाल कल्याण समिति रू छु?ाए गए बच्चों को 24 घंटे के अंदर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करना अनिवार्य है, जो जांच का आदेश देगी, जिसमें चिकित्सा जांच, आयु का निर्धारण, मध्यस्थ देखभाल और सुरक्षा, माता पिता का पता लगाना एवं श्रमिक के घर का सत्यापन किया जाना शामिल किया जा सकता है, सामजिक जांच की रिपोर्ट 15 दिन के अंदर दाखिल की जायेगी। इस स्तर पर या जांच की समाप्ति पर बाल कल्याण समिति किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के माध्यम से एफआईआर में अतिरिक्त धारायें शामिल करने की सिफारिश कर सकती है। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह,जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग मनोज लारोकर, जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अमरनाथ सिंह, संजीव वर्मा सहित जिला टास्क फोर्स समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश

शहडोल (स्वतंत्रमत)

कमिश्नर संभाग सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में बेला बाई सिंह पति ललन सिंह निवासी ग्राम पंचायत प?मनिया तहसील पुष्पराजग? जिला अनूपपुर ने कमिश्नर को आवेदन देतु हुए बताया कि उनके पति ललन सिंह की मृत्यु 2024 में



हो गई थी, उनके पति के नाम से संबंल कार्ड बना हुआ है पति की मृत्यु के बाद उन्होंने संबंल योजना के तहत मिलने वाली राशि के लिए आवेदन किया हैं। किन्तु अभी तक उन्हें संबल योजना के तहत राशि नहीं मिल पाई है। उनका कहना था कि उन्हें संबल योजना के तहत मिलने वाली राशि का दिलाई जाए। जिस पर कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# ग्राम पंचायत रसपुर में रेत खनन बंद कराने के लिए अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।** जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल ने बताया कि ग्राम पंचायत रसपुर में रेत खनन से पानी का जल स्तर नीचे जा रहा है किसानों कि भूमि बंजर हो रही है, कुंआ तालाब का भी जल स्तर बहुत नीचे चला गया है ज्ञापन सौंपते समय सरपंच शंभू कोल, उप सरपंच रामप्रेम पटेल, ब्लॉक कांग्रेस संगठन महामंत्री हरि शंकर कोरी पप्पू साकेत, रामनरेश पटेल, अमित पटेल, सत्यनायरण द्विवेदी, भागवत, संदीप, धर्मेंद्र, राजकुमार सहित किसान शामिल हुए। रेत खनन में उपयोग पोकलैंड मशीन से बड़ी बड़ी खाई कर दी गई है झांपर नदी में संजय



दुबरी राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व से सटी हुई है झांपर नदी, जिससे आने वाले जंगली जानवरों को जान खतरा बना रहता है।

# कलेक्टर ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में नानदाऊ बैगा निवासी सिंहपुर, ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि वे शासन के मापदण्डों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों की श्रेणी में आते हैं। लेकिन उन्हें अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। उनका कहना था कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। जिस पर



कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर प्रधानमंत्री आवास दिलाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सुल्ताना बी पिता मोहम्मद अजीम निवासी वार्ड नं0 2 धनपुरी ने आवेदन देते हुए कलेक्टर को बताया कि उनके पिता मोहम्मद अजीम के नाम पर गरीबी रेखा की सूची का राशन कार्ड बना हुआ था जिससे हमें राशन मिलता था। उन्होनें बताया कि करीब 2 साल पहले उनका राशन कार्ड गुम गया है, राशन कार्ड गुम जाने के कारण हमें राशन नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना था कि राशन कार्ड की एक डुप्लीकेट कॉपी प्रदान की जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जन सुनवाई में अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए।

# मनचाहा घूस की रकम न मिलने पर लाइन मैन उपभोक्ता को कर रहा परेशान, संभागायुक्त एवं जिलाधीश से हुई शिकायत

## बिजली विभाग ब्योहारी में मची भर्राशाही, नये मीटर कनेक्शन के नाम पर 10 हजार वसूल रहा लाइनमैन

ब्योहारी (स्वतंत्रमत)

सरकार भले ही भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश और जीरो टॉलरेंस की बात कर रही हो पर जमीनी हकीकत कुछ और ही है। हर शासकीय विभागो में काम के बदले रुपये की मांग की जाती है। बिना घूस के किसी भी काम का समय पर पूर्ण होना मानो माथे को पत्थर पर पटकने जैसा है। पैसे के फेर में काम की लेट लतीफी और लालफीता साही के कारण आम इंसान अपने काम को समय पर पूर्ण होने की उम्मीद ही छो? देता है। ऐसा ही एक मामला बिजली विभाग ब्यौहारी का है जहाँ रुपये न मिलने पर लाइनमैन द्वारा उपभोक्ता को बिजली कनेक्शन देने में कोताही बरता जा रहा है।

**क्या है मामला**- आकृत शर्मा पिता शिवकुमार शर्मा निवासी ब्यौहारी वार्ड नं 05 ने विद्युत विभाग में पदस्थ लाइनमैन रामगोपाल द्विवेदी की जिला कलेक्टर एवं



संभागायुक्त संभाग शहडोल से शिकायत करते हुए लिखा है कि मुझे लाइनमैन रामगोपाल द्विवेदी द्वारा कनेक्शन देने हेतु गुमराह किया जा रहा है जिसके पीछे की मुख्य बजह लाइनमैन को मनचाहा रिश्वत न मिलना है। उपभोक्ता द्वारा बताया गया कि मैं बिजली कनेक्शन हेतु कई माह से प्रयासरत हूँ परंतु विजली विभाग ब्यौहारी में पदस्थ लाइनमैन रामगोपाल द्विवेदी के द्वारा




लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है और मुझे मानसिक रूप से प्रता?ित किया जा रहा है।

**ये है शिकायत के बिंदु**- बताया गया कि 20 जुलाई 2024 को घरेलू विजली कनेक्शन दिलाने के नाम पर लाइनमैन रामगोपाल द्विवेदी द्वारा रु.10000६- की मांग की गई जो मेरे द्वारा मजबूरन में रु. 5000 नगद दिया गया। कनेक्शन हेतु निर्धारित शुल्क लाइनमैन रामगोपाल द्विवेदी के कहने पर मैने रु. 2807 की राशि जमा कर दी जिसकी रशीद मेरे पास उपलब्ध है,इसके बाबजूद मुझे विजली कनेक्शन सर्विस नंबर प्रदान नही किया गया। लाइनमैन रामगोपाल द्विवेदी के द्वारा बार-बार टालमटोल किये जाने पर मेरे द्वारा शिकायत सीएम हेल्पलाइन मे दर्ज कराया गया जिसका शिकायत क्रमांक 30016546 है।शिकायत दर्ज होने के बाद रामगोपाल द्विवेदी मेरे घर आये और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाते हुए कनेक्शन दिलाने का आश्वासन दिया गया। 18 दिसम्बर 2024 को रामगोपाल द्विवेदी द्वारा मीटर लगाते हुए सर्विस वायर को खंभे से जो?कर सप्लाई चालू कर दिया गया किन्तु आज दिनाँक तक बिजली बिल जारी नही किया जा रहा है। जिसकी भी शिकायत मेरे द्वारा सीएम हेल्पलाइन क्रमांक (30760520) किया गया तब लाइनमैन रामगोपाल द्विवेदी 5 अन्य लोगों के साथ मेरे घर आकर धमकी दी कि अगर मैने शिकायत वापस नही ली तो कई गंभीर परिणाम भुगतने पडेगे। बीते 8 माह से मैं लगातार लाइनमैन रामगोपाल द्विवेदी से संपर्क कर रहा हूँ तो इनके द्वारा बोला गया कि आप बिजली जलाएं बाकी मैं सब देख लूँगा। मैं मानसिक तनाव में हूं कि इकट्ठा बिजली का बिल न आ जाय जिसको मै जमा करने में असमर्थ हो जाऊं।

# गर्मी के तेवर तल्ख, आग उगल रहा सूरज

## चुभन से लोग हो रहे हलाकान, कई जिलों में लू का प्रकोप



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर के साथ ही प्रदेश भर में गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिल रहे है। हालात ये हैं कि सुबह से ही सूरज की तेज धूप चुभने लगती है। वहीं दिन होते-होते झुलसा देने वाली गर्मी पड़ने लगती है। गर्मी के प्रकोप के चलते स्वास्थ्य विभाग ने भी आमजन के लिए एडवायजरी जारी की है। बात करें जबलपुर की तो जबलपुर में भी विगत कई दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है, जिससे हलाकान करने वाली गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग की माने तो जबलपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं प्रदेश के पूर्वी हिस्सों यानी सीधी, सतना, टीकमगढ़, छतरपुरए सिंगरौली सबसे गर्म रहे। प्रदेश के सीधी जिले में लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार रहा। वहीं 27 शहरों में पारा 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में प्रदेश में तेज गर्मी रहेगी, साथ ही तापमान में बढ़ोतरी का दौर रहेगा। कई शहरों में लू का अलर्ट भी जारी किया गया है।

**संभाग में भी लू का रहेगा असर :**-मौसम विभाग के अनुसार इंदौर, रीवा, ग्वालियर और चंबल संभाग के 9 जिलों में लू चल सकती है। इनमें अलीराजपुर, बड़वानी, शिवपुरी, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ सीधी और सिंगरौली शामिल हैं। वहीं जबलपुर, भोपाल, उज्जैन और सागर संभाग में भी गर्मी का असर रहेगा। यहां भी लू जैसे हालात ही रहेंगे। गौरतलब है कि गर्मी के भीषण प्रकोप के कारण मौसमी बीमारियों के मरीज भी बढ़ गए हैं। जिसके चलते चिकित्सकों ने आमजन को सावधानी बरतने की सलाह दी है।



# डेयरी स्टेट प्रोजेक्ट पर भोपाल से नगण्य कार्यवाही

**पिछले 3 वर्षों में एप्रोच रोड की मंजूरी नहीं, विजन डॉक्यूमेंट पर भी चुप्पी**

**जबलपुर।** प्रदेश के एकमात्र जबलपुर डेयरी स्टेट प्रोजेक्ट में डेयरीया शिफ्टींग के लिए नोटीस भेजे गये, लेकिन डेयरी संचालकों ने इसकी अनदेखी की। अतः जब इस संबंध में प्रबंध संचालक भोपाल से मार्गदर्शन मांगा गया तक एक माह बितने के बावजूद भी भोपाल से कोई जवाब नहीं आया है। राजधानी से डेयरी स्टेट प्रोजेक्ट की अनदेखी से चिंतित होकर डॉ पीजी नाजपांडे तथा साथीयों न जब पुनः कार्यपालन अधिकारी डॉ एसएस मायला से चर्चा हुई तब खुलासा हुआ की इस प्रोजेक्ट का कोई बजट ही नहीं। 3 वर्ष पूर्व में डेयरी स्टेट के एप्रोच रोड के लिए डीपीआर बनाया गया था, किंतू उसकी न तो मंजुरी मिली, न ही बजट मिला नतिजन वहां जाने के लिए एप्रोच रोड ही नहीं है।

### विजन डॉक्यूमेंट पर भी कार्यवाही नहीं

जबलपुर कलेक्टर को डेयरी स्टेट परियोजना के लिए विजन डॉक्यूमेंट प्रस्तुत किया गया था, जिसे उपसंचालक पशुपालन विभाग जबलपुर ने प्रबंध संचालक डेयरी स्टेट को अग्रीम कार्यवाही के लिए भेजा था। इसे भी आज 5 माह बीत रहे है, किंतू भोपाल से इस पर भी चुप्पी साधी गयी है।

### 5 मई से आंदोलन

नर्मदा बचाने के लिए डेयरीयों का शिफ्टींग अत्यंत जरूरी यह बताते हुए कार्यवाही नहीं हुई तो 5 मई से आंदोलन करेंगे। चर्चा में टीके रायघटक, डीके सींग, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, संतोष श्रीवास्तव, एड जीएस सोनकर, हरजीवन विश्वकर्मा, दिलीप कुंडे, अर्जुन कुमार, लखन लाल प्रजापति, एमए गोंटिया, राममिलन शर्मा शामिल थे।

# रीवा से दक्षिण के लिए समर स्पेशल ट्रेन शुरु

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे से गाड़ी संख्या 01704/01703 रीवा-चर्लपल्ली (सिकंदराबाद)रीवा द्वि.साप्ताहिक



ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 10-10 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है इस गाड़ी में वातानुकूलित श्रेणी एवं शयनयान श्रेणी के कोच रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 01704 रीवा/चर्लपल्ली सिकंदराबाद विशेष ट्रेन दिनांक 24 अप्रैल 2025 से 25 मई 2025 तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को रीवा स्टेशन से दोपहर 13:00 बजे प्रस्थान करए सतना 14: 05 बजे, मैहर 14:38 बजे, कटनी मुड़वारा 15:50 बजे, दमोह 17:23 बजे, सागर 18:30 बजेए बीना रात 19:50 बजे, रानी कमलापति 22 बजे, इटारसी 23:35 बजे पहुँच कर एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन दोपहर 14:45 बजे चर्लपल्ली सिकंदराबाद स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01703 चर्लपल्ली सिकंदराबाद-रीवा विशेष ट्रेन दिनांक 25 अप्रैल 2025 से 26 मई 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को चर्लपल्ली सिकंदराबाद स्टेशन से शाम 16:55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए इटारसी दोपहर 12:25 बजे, रानी कमलापति 15:40 बजेए बीना 18:15 बजे, सागर 19:20 बजे, दमोह 20:38 बजे, कटनी मुड़वारा 22:50 बजे, पहुँच कर तीसरे दिन मैहर मध्य रात्रि 1:38 बजे, सतना 02:05 बजे और भोर 03:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।

## रेफरी, कोचिंग सेमिनार आयोजित



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कुराश एसोसिएशन जबलपुर के महासचिव शशांक सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि अमेच्योर कुराश एसोसिएशन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार कुराश एसोसिएशन जबलपुर के द्वारा जबलपुर जिला स्तरीय कुराश रेफरी एवं कोचिंग सेमिनार की आयोजन कृषि उपज मंडी पनागर स्थित कुराश एकेडमी पनागर में आयोजित किया गया। रेफरी एवं कोचिंग सेमिनार में प्रतिभागियों को अमेच्योर कुराश एसोसिएशन मध्यप्रदेश महासचिव राहुल व्यास के द्वारा प्रशिक्षित किया गया ।

# जैन समाज की रावण से तुलना करने वाले नेता निष्कासित

## भाजपा नेताओं का ऑडियो हुआ था वायरल, प्रदेश अध्यक्ष ने जारी किया आदेश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जैन समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर भाजपा ने आचार्य विद्यासागर मंडल अध्यक्ष और पूर्व मंडल अध्यक्ष को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद वीडी शर्मा ने आदेश जारी किया है। मंडल अध्यक्ष जागृति शुक्ला और पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राजपूत को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया है। अब जल्द ही आचार्य विद्यासागर मंडल के लिए नए अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। 15 अप्रैल को जागृति और शैलेन्द्र सिंह का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें दोनों ने जैन समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। ऑडियो सामने आने के बाद जैन समाज के लोगों थाने में हंगामा कर दिया था। भाजपा ने दोनों नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नगर अध्यक्ष ने तीन दिन में नोटिस का जवाब देने कहा था, इसके बावजूद जब संतोषजनक जवाब नहीं मिला तब संगठन ने दोनों ही नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। मामले में नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा इस मामले से पार्टी की छवि धूमिल हुई है और यह अनुशासनहीनता की दायरे में आता है, इसलिए दोनों को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाता है।

## समर कैम्प में खिलाड़ी सीखेंगे जूडो की बारीकियां

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता ने बताया कि मप्र ओलंपिक संघ के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा शालेय शिक्षा विभाग व क्रीड़ा भारती महानगर व जिला जूडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में 24 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शहर के विभिन्न क्षेत्र में किया जा रहा है। जिला जूडो संघ के सचिव व वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि इस ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य जूडो के विकास के लिए नई-नई प्रतिभाओं की खोज करना उन्हें जूडो की नवीनतम तकनीक तथा बारीकियों से अवगत कराना है। शिविर के दौरान अंतरराष्ट्रीय जूडो खिलाड़ियों को लाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे हमारे नवोदित खिलाड़ी कुछ नया सीखने का प्रयास करें। जूडो की अहम भूमिका को आत्मरक्षा एवं आत्मविश्वास की दृष्टि से एक आवश्यक खेल कला मानते हुए प्रत्येक विद्यार्थी विशेष कर छात्रों को आवश्यक रूप से इस खेल का प्रशिक्षण लेना लाभप्रद है। शिविर शहर के श्री त्रिभुवनदास मालपानी हायर सेकेंडरी स्कूल मिलोनीगंज, पीएम श्री रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगानगर गढ़ा, कछपुरा स्कूल गुलौआ चौक रेलवे क्रॉसिंग आदि में आयोजित किए जा रहे हैं।

# शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस



**जबलपुर।** शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय में 22 अप्रैलको विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेश वर्मा कुलगुरुए रानी दुर्गावती विवि, विशिष्ट अतिथि डॉ अल्केश अतुर्वेदी प्राचार्य पीएमश्री महाविद्यालय, प्राचीश जैन संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग, सारस्वत अतिथि निलेश चन्द्र पाण्डेय प्राचार्य हितकारिणी महिला महाविद्यालय जबलपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं प्राचार्य साहिर शेख द्वारा विद्यालय एवं अतिथि परिचय से हुआ। आयोजित कार्यक्रम चित्रकला, नारालेखन में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रसस्ति पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किये गए। मुख्य अतिथि डॉ राजेश वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि भारतीय संस्कृति में किस प्रकार प्रकृति का महत्त्व पूर्व से ही समाहित है। डॉ अल्केश अतुर्वेदी ने बताया की भारतीय परंपरा का प्रकृति से गहरा जुड़ाव है जिसका साक्षी पूरा विश्व है। प्राचीश जैन द्वारा विद्यार्थियों को उनके स्तर पर छोटे-छोटे कार्य कर प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यासए महोकौशल प्रांत जबलपुर के प्रान्त संयोजक एवं प्राचार्य हितकारिणी महिला महाविद्यालय डॉ निलेश पाण्डेय के द्वारा विद्यार्थियों को न्यास राष्ट्रीय सचिव अतुल भाई जी के गुल्लक अभियान के उद्देश्य से छात्रों में संचय भाव उद्भव करने के लिए गुल्लक वितरित की गयी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के विज्ञान शिक्षक श्रीमती शीतल वाईकर, इंदु पटेलएम, मनोज चौरासिया के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा परिसर में 25 पेढ़-पौधों पर क्यूआर कोड लगाये गए, जिसका उद्घाटन भी अतिथियों द्वारा किया गया।



# प्रद्युम्न बने विजेता, ऋषि उपविजेता

## प्रतिष्ठा स्पोर्टिंग एसोसिएशन और खितौला पुलिस द्वारा आयोजन

**सिहोरा।** प्रतिष्ठा स्पोर्टिंग एसोसिएशन और खितौला पुलिस थाना द्वारा बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 13 अप्रैल 2025 से 16 अप्रैल तक खितौला थाना मैदान में किया गया। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एसडीओपी सिहोरा पारूल शर्मा और सिहोरा टीआई विपिन रहे।

समापन मुख्य अतिथि विधायक संतोष बरकडे ने बैडमिंटन टूर्नामेंट की सराहना की। ओपन वेन्स एकल ग्रुप के फाइनल विजेता प्रद्युम्न और उपविजेता ऋषि रहे। जिन्हें ट्रॉफी और विजेता को 5000 रुपये और उपविजेता को 2500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया और ओपन महिला ग्रुप में विजेता शिवानी और उपविजेता दृष्टि रहीं और युगल ग्रुप में विजेता प्रद्युम्न और ऋषि रहे।

## जुए फड़ पर पुलिस की दबिश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने जुआ फड़ों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। दबिश के दौरान दो अलग-अलग स्थानों से कुल 23 हजार 50 रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद किए गए। रांझी थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि विश्वकर्मा मोहल्ला मानेगांव में मोनू सोनकर के बाड़े के पास बिजली के खंभे के नीचे कुछ लोग ताश पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर संयुक्त टीम ने दबिश दीए जहां जुआ खेलते 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में अनूप सोनकर घमापुर, राहुल रजक माढ़ोताल, शैंकी रैकवार घमापुर, गोलू उर्फ कुनाल रांझी सहित अन्य शामिल हैं। इनके पास से ताश की गड्डी और 20 हजार 450 रुपये बरामद किए गए। ऐसे ही अन्य कार्रवाई में मड़ई कोलान मोहल्ला के पीछे बिजली खंभे के नीचे जुआ खेल रहे सौरभ कोल उर्फ टक्कू, अजय कोल, देवकुमार कोल, मोहन रैकवार, शुभम केवट और कुलदीप प्रसाद धानुक को गिरफ्तार किया है।

# विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता के सूने घर का टूटा ताला

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानातंर्गत करमेता निवासी विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता रंजन कुमार पांडे के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कीमती जेवर व नगदी चुरा ले गये। जिस वक्त वारदात हुईए उस वक्त पीड़ित परिवार पटना बिहार गया हुआ था। जिन्होंने अपने मोबाईल पर आनलाईन सीसीटीव्ही कैमरे चैक किये तो उन्हें चोरी का पता चला। जिसके बाद उन्होंने पड़ोसी से चैक कराया और मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करायी। पुलिस ने बताया कि रंजन कुमार पांडे विगत नौ अप्रैल की सुबह वह परिवार सहित बख्तियारपुर जिला पटना बिहार गये हुए थे। 17 अप्रैल की सुबह उन्होंने अपने जबलपुर करमेता स्थित घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरों को ऑनलाईन चैक किया तो पूरा सामान अस्त व्यस्त पड़ा नजर आया। जिसके बाद उन्होंने पड़ोसी पवन यादव को फोन कर अपना घर चैक करने के लिये कहा तो पवन यादव ने घर चैक कर बताया कि कोई अज्ञात चोर घर के मेन गेट का कुन्दा तोड़कर घर के अंदर लगी आलमारी खोलकर लॉकर तोड़कर आलमारी में रखे जेवर चोरी कर ले गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसके घर की आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर जिसमें सोने की 1 बेंदी, 1 नथ चैन लगी हुयी, एक जोड़ी बाली, एक जोड़ी सुई धागा, 4 नग लोंग, 2 लाकेट, चांदी की 6 जोड़ी पायल, 8 सिक्के तथा नगदी 8 हजार रूपये नहीं थे।

## पत्थर फेंकने वालों के घर हैं काँच के : डॉ. सुभाष तिवारी

**जबलपुर।** बजट सत्र के दौरान सदन में विपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए एम.आई.सी. एवं सदन के सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय जो बना है वह नियम एवं कानून के अनुरूप बना है। उस भवन में कोई कमी नहीं है। पर उन्होंने विपक्षी पार्षदों को आईना दिखाते हुए बताया कि दयानंद सरस्वती वार्ड के अंतर्गत नेपियर टाउन स्थित जो कांग्रेस का कार्यालय बना है। यह पूर्णतः अवैध है और अभी तक नगर निगम में टैक्स भी नहीं चुकाया गया है। जिसके कारण नगर निगम द्वारा तीन-तीन बार कुर्की करने संबंधी नोटिस जारी किया जा चुका है।

# उखरी और एकता चौक में उलझा यातायात

## ट्रैफिक सिग्नल की कमी, रोजाना लग रहा जाम



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर में हर समय लग रहे जाम से निजात पाने के लिए ट्रैफिक सिग्नल की जरूरत महसूस की जा रही है। उखरी चौराहा और एकता चौक पर सिग्नल नहीं होने से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इन स्थानों पर अक्सर वाहन चालक एक दूसरे से टकराते रहते हैं और दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। यह मार्ग बल्देव बाग, यादव कॉलोनी, विजय नगर दीनदयाल चौक से जुड़ा है और इन चौराहे पर राहगीरों की 24 घंटे आवाजाही बनी रहती है। दिन रात बड़े और छोटे वाहन गुजरते रहते हैं। लंबे समय से दोनों स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की मांग यहां के स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार की जा रही है। बावजूद इस पर पुलिस प्रशासन और नगर निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। जाम से राहगीर दिन रात परेशान हो रहे हैं। कई बार वाहन आमने-सामने टकरा जाते हैं। जिससे इन दोनों चौराहे पर अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो जाती है और यातायात जाम के कारण अराजक हो जाता है। बेतरतीब ढंग से सड़क पर खड़े वाहन भी यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

**पार्किंग नहीं, सड़क पर वाहनः**-इन चौराहे पर दिन में कई बार जाम लगता है। इसकी वजह से ट्रैफिक रेंगने लगता है। उखरी चौराहे वाले मार्ग पर तीन से चार अस्पतालें भी हैं इन अस्पतालों में वाहन पार्किंग स्थल नहीं है जिससे यहां के स्टॉफ के कर्मचारी और मरीज के परिजन सड़क पर वाहन पार्क कर देते हैं इस रास्ते पर व्यवसायिक दुकानें संचालित हो रही हैं इन दुकानों में आ रहे ग्राहक अपने सड़क में वाहन खड़े कर देते हैं जिससे आधे हिस्से का मार्ग अतिक्रमण की चपेट में काबिज हो गया है। क्षेत्र के आसपास की उखरी बस्ती, श्रद्धा कालोनी साकेत नगर के क्षेत्रवासियों का कहना है कि सिग्नल लगने से दुर्घटनाओं की आशंकाएं कम होंगी और तभी स्थाई समाधान हो सकता है। उखरी चौराहा और एकता चौक में लोगों के वाहन आपस भिड़ जाते हैं कौन किस दिशा में जा रहा। यह असमंजस की स्थिति इन जगहों पर आज भी बरकरार है। आए दिन इस चौराहे पर अनगिनत छोटे बड़े हादसे होते हैं। बड़ी दुर्घटनाओं में कुछ लोगों की मौतें भी हो चुकी है। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन इन हादसों के बाद भी सबक नहीं ले रहा है। स्थानीय लोगों की मांग है कि उखरी चौराहे पर सिग्नल लगाया जाये और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए तो रोज लग रहे जाम से मुक्ति मिलेगी। आवागमन सुचारू रूप से चलेगा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

### द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | PRO-52 2025_UAD_417344_1 22/04/2025 | पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड में कुदरत मेडिकल से लेकर रजक जी के मकान तक सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 02 माह रू. 12.96 लाख | रू. 2000/- रू. 9724/- | 07/05/2025 |
| 2. | PRO-52 2025_UAD_417344_2 22/04/2025 | पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड में मोहम्मदी गेट से करमचंद चौक एवं करमचंद चौक से तुलाराम चौक तक पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | 03 माह रू. 23.48 लाख | रू. 5000/- रू. 17615/- | 07/05/2025 |
| 3. | PRO-52 2025_UAD_417344_3 22/04/2025 | पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड में मालवीय चौक से गंजीपुरा मोड (हरदौल मंदिर) तक सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लोक लगाने का कार्य। | 03 माह रू. 20.33 लाख | रू. 5000/- रू. 15249/- | 07/05/2025 |
| 4. | PRO-52 2025_UAD_417344_4 22/04/2025 | पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड में रजा किराना से लेकर रोज टेलर्स तक एम 30 सीसी सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य | 03 माह रू. 30.94 लाख | रू. 5000/- रू. 23209/- | 07/05/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर निगम, जबलपुर**

# मानपुर नगर की खस्ताहाल सड़क हुई जानलेवा ...!

## बड़ी दुर्घटना के इन्तजार में प्रशासन

मानपुर (स्वतंत्रमत)



विधानसभा मुख्यालय मानपुर के मुख्य सड़क मानपुर से ब्योहारी पहुंच मार्ग का निर्माण करोड़ों के लागत से बनवाया गया था। यह पक्की सीसी सड़क डबल चौड़ाई के साथ तकरीबन 44 किमी लम्बा बनवाया गया था, जो मध्यप्रदेश विकास निगम लिमटेड विभाग द्वारा बनवाया गया था, यह हाइवे सड़क जगह - जगह बुरी तरह से फट गया है तो कई जगह धंस गया है, इसमें अनगिनत गड्ढे भी हो गये हैं, मानपुर बसस्टैंड से भड़ारी नदी पुल तक की यह सड़क जरजर हो कर गड्ढों में विलीन हो गया है। इस सड़क में चलने के पहले कई वार सोचना पड़ता है तो सकुशल शुरक्षित सफर होने के लिये सड़क में उतरने के पहले अपने ईस्ट और आराध्य ईस्वर से प्रार्थना करना जरूरी हो गया है। इस सड़क में चलने वाले बाहन हप्ते के अंदर कबाड़ का रूप ले लिया करते हैं, इस सड़क में आये दिन लोग गिरते लड़खड़ाते हुये बड़े मुसीबत रूपी जानलेवा दुर्घटना से बाल - बाल बचते रहते हैं।

जिस घातक सड़क के दुर्दशा स्थिति के बारे में अखबारों के माध्यम से प्रकाशित हुआ था तब सेमरा से सोन नदी तक फरमल्टी के लिये कुछ गड्ढों में सीमेंट गिट्टी रेत के मिक्स को डलवाकर लीपा पोती करवा कर मोटी रकम वाला बिल भंजवा लिया गया, जब कि पंद्रह दिन के अंदर उस सड़क का वही जरजर स्थिति हो गई, मानपुर बसस्टैंड से कॉलेज तिराहा के पहले तक इस सड़क में पिछले साल डामरी परत चड़वा दिया गया था जो नस्ट होकर इस सड़क को जरजर - खंडहर का रूप ले चुका है।

तहसील ब्लॉक मुख्यालय और राष्टीय उद्यान बांधवगड़ से सटे मानपुर में विधायक, कलेक्टर, एसडीएम, जिला पंचायत अध्यक्ष, राजनैतिक दलों के बड़े पदाधिकारियों का भृमण बना ही रहता है जो इस सड़क से परचित हैं, जिसके बाद भी इस सड़क का मरम्त तक नहीं हो रहा है, जिस विषय को लेकर क्षेत्र में अपयश रूपी असंतुस्ट रूपी चर्चायें जोर - सोर पर हैं।



# पोषण पखवाड़ा के तहत पोषक तत्वों से भरपूर अनाजों एवं सब्जियों से बने व्यंजनों का किया गया प्रदर्शन

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में श्री अन्न एवं स्थानीय स्तर पर पोषक तत्वों से भरपूर अनाजों एवं सब्ज्यिों से बने व्यंजनों का प्रदर्शन, चित्रकारी, रंगोली प्रतियोगिता, महिला स्व सहायता समूहों, राष्ट्रीय सेवक एवं राष्ट्रीय यूथ केन्द्रों के साथ एनीमिया संबंधित गतिविधियां, आंगनबाड़ी केंद्र एवं शालाओं में बच्चों व्दारा योगाभ्यास का आयोजन, उच्च खतरे वाली गर्भवती महिलाओं की पोषण स्वाण् की सतत निगरानी हेतु गृह भेंट, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को नकारे एवं आंगनबाड़ी केंद्र के आस पास के प्लास्टिक को एकत्र कर साफ सफाई संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वा0 एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण शहरी विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें



उमरिया (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के दूर दराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण भी कराया। जनसुनवाई में हरभूषण कोल ग्राम पठारीकला ने कब्जे के आधार पर त्वरित नक्शा तरमीम कराने, अरूण कुमार लोनी ग्राम मझोखर ने गृहस्थीं का सामान, अनाज ओलावृष्टि से नष्ट होने पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, अजीत व्दिवेदी ग्राम मुड़गुड़ी ने सुंदरलाल व्दारा प्रार्थी के व्यक्तिगत ट्रांसफार्मर को निकालने, बाधा पहुंचानें तथा गाली गालौज करने, धानू तेल ग्राम छोटी बरही ने न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदिया के आदेश का पालन करते हुए भूमि कब्जा दिलाने, धन्नू बैगा ग्राम पनवारी ने सीमांकित भूमि पर कब्जा होने, दीनदयाल जायसवाल नौरोजाबाद ने गाड़ी के भाड़ा का भुगतान कराने, बैसाखू, रंगूलाल, बबलू, बीरभान, राम गोपाल, श्रवण कुमार निवासी ग्राम कोठिया एवं कुशमहा के ग्रामीणों ने जलाश को अतिक्रमण से मुक्त कराने संबंधी आवेदन दिया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण कराया।

# कांग्रेस का सदस्य बनना गर्व और सम्मान का प्रतीक

## जोनल यूथ कॉर्डिनेटर ने की युवाओं से अभियान मे हिस्सा लेने की अपील

उमरिया (स्वतंत्रमत)



कांग्रेस के सांथ अधिक से अधिक युवाओं को जोडने् तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु राहुल गांधी की मंशानुसार इस बार संगठन द्वारा विशेष रणनीति बनाई गई है। इसी तारतम्य मे युवा कांग्रेस संगठन चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उक्ताशय की जानकारी जबलपुर जोन के यूथ कॉर्डिनेटर अंकित यादव ने गत दिवस एक पत्रकारवार्ता मे दी। उन्होने कहा कि कांग्रेस देश का संबसे पुराना राजनैतिक संगठन है, जिसके नेतृत्व मे जनता द्वारा आजादी की लड़ाई लड़ी गई। पार्टी के असंख्य नेताओं ने भारत की एकता-अखण्डता और नवनिर्माण मे अपने प्राणों की आहुति दी है। ऐसे महान संगठन का सदस्य बनना अपने आप मे गर्व और सम्मान का प्रतीक है। वार्ता मे पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, त्रिभुवन प्रताप सिंह, युकांध्यक्ष विजेन्द्र सिंह अब्बू, प्रवक्ता अशोक गौंटिया, विक्रम सिंह, विनीत सिंह, अभिनय सिंह, अयाज खान, रोहित तिवारी, आयूष सिंह, पारस प्रजापती पुष्पेन्द्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर जिले मे नेता बनो-नेता चुनो अभियान लांच किया गया।

**27 अप्रेल से नामांकन**

यूथ कॉर्डिनेटर अंकित यादव ने बताया कि युवा कांग्रेस निर्वायन के तहत नामांकन 27 अप्रेल से शुरू होकर 6 मई को समाप्त होगा। अपराधिक गतिविधियों मे लिप्त लोगों को पदाधिकारी नहीं बनाया जायेगा। ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध 1000 रूपये की फीस जमा कर 11 मई से 11 जून तक आपत्ति की जा सकेगी। इस पर फैंसला डीसीसी एवं आईवाईसी द्वारा स्क्रूटनी मे किया जायेगा। मेंम्बरशिप 11 मई से 11 जून तक एप द्वारा की जायेगी। नये मेम्बर पदाधिकारी का चुनाव लडने् के सांथ ही वोटिंग भी कर सकेंगे। यूथ कांग्रेस के सदस्य तथा पदाधिकारी वही लोग होंगे जिनकी जन्मतिथि 27 अप्रेल 1990 से 26 अप्रेल 2007 (आयु 18 से 35) के बीच हो। इस प्रक्रिया के तहत प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिलाध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष तथा ब्लाक अध्यक्षों के चुनाव कराये जायेंगे। जोनल यूथ कॉर्डिनेटर अंकित यादव ने जिले के युवाओं से कांग्रेस के सदस्यता अभियान तथा निर्वाचन प्रक्रिया मे बड़-चड़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

# वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । केन्द्र सरकार द्वारा वित्त विधेयक 2025 संशोधन अनुसार दिनांक 01.01.2025 के पूर्व सेवा निवृत्त पेंशनरों को आठवें वेतनमान के लाभ से वंचित किए जाने के विरोध में पूरे भारत में जिला कलेक्टर व सम्भागीय अधिकारी कमिश्नर के माध्यम से वित्त सचिव भारत शासन नई दिल्ली को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। इसी तारतम्य में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन जिला उमरिया द्वारा जिला कलेक्टर उमरिया के माध्यम से विरोध स्वरूप ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वक्त अध्यक्ष ब्रजभान प्रसाद मिश्र, संरक्षक वृन्दावन द्विवेदी, उपाध्यक्ष करन सिंह, सचिव देवेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष जे एल विश्वकर्मा, अजय सिंह, महेन्द्र प्रसाद भट्ट, प्रेमलाल राय, सह सचिव आशुतोष श्रीवास्तव, रामलाल अग्रवाल, शिव मंगल सिंह, मीडिया प्रभारी राम लखन सिंह चौहान, सीता प्रसाद शुक्ल, एसपी तिवारी आदि पेंशनर उपस्थित रहे

# स्वच्छता, व्यवस्था और अतिक्रमण हटाने के नाम पर मानपुर नगर पीछे क्यों... ?

मानपुर (स्वतंत्रमत)



जिले के मानपुर नगर परिषद में सड़क और नाली बहुत बने हैं, जब कि सफाई के नाम पर मानपुर नगर में बहुत कमी दिख रही है। नगर के कई वार्डो और कसबों में सड़क के किनारे बाड़ी रुंधाई और खरपत वार के अतिक्रण से सड़के दोनो तरफ की पटरी दबे हुये हैं, जिन संकली सड़कों में चलना मुस्किल होता है, कई जगह सड़कों में मिट्टी, रेत, ईंटा और गिट्टी के ढेर लगे हुये हैं जिस से उन सड़कों में आये दिन जाम लगता रहता है। कई कसबों में सड़क से सटाकर सड़क किनारे घर और बाउंड्री के निर्माण हो रहे हैं जिस अतिक्रमण से भविस्य में भारी समस्या का मूल कारण बन सकता है। लंका टोला पक्की सड़क में बड़े - बड़े गहरे घातक गड्ढा हैं जो जानलेवा दुर्घटना को आमंत्रित करते हैं। रोड किनारे कई जगह सड़े कचरों के ढेर लगे हुये हैं तो कई जगह नाली जाम होने से कीचड़ युक्त गंदे पानी का ठहराव हो रहा है और कई जगह नाली खुली छोड़ दी गई है जिसमें अक्सर मवेशी गिरते रहते हैं। नाली निर्माण करते समय ठेकेदारों द्वारा सड़क के ऊपर कई जगह गिट्टी - मिट्टी के मिक्चर को फैला कर अथवा ढेर लगाकर छोड़ दिया गया है, जिसके सफाई न होने से वहां से निकलना मुश्किल होता है। मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने सड़क में अतिक्रमण छाया हुआ है, वही टूटी हुई नाली हॉस्पिटल के एक मुख्य द्वार को बंद कर दिया है और दूसरे द्वार से निकलने में गाड़ी के पहिया और मानव के पैर नाली के अंदर समाते हुये बड़े दुर्घटना से बच पाते हैं। हॉस्पिटल के सामने और नगर के कई तिराहों में स्टेट लाइट का अभाव है, अतिक्रमणकारीयो ने वार्ड नम्बर तीन के हैंड पम्प को भी आधा दवा दिये हैं, कई संकले पक्के सड़कों में पटरी तक नही है, बाजार में नाली से सड़क तरफ दुकान लगा लिये जाते हैं जिस से सड़क में जाम लग जाता है। अतिक्रमण से कई सड़क बहुत संकले हो गये हैं, कई तालाबों में सफाई तक नहीं है। मानपुर नगर के ऐसे दयनीय परस्थिति में सीघ्र सुधार करवाये जाने के लिये नगर वासियों ने जनप्रतिनिधियों से बड़ी उम्मीद लगाये हुये हैं क्योंकि जिन्हें जनता ने चुनकर पार्षद बनाया है उनका दायित्व है कि वे अपने वार्डो में विकास करे और आमजन की असुविधा को दूर करे।

# 24 अप्रैल को डॉ अंबेडकर संगोष्ठी में शामिल होंगे राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और विधायक मनीषा सिंह

**उमरिया (स्वतंत्रमत)**। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 24 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर संगोष्ठी का कार्यक्रम करने जा रही है। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति जनजाति के अलावा हर वर्ग के लोग शामिल होंगे जिसमें बाबा साहब अंबेडकर के विचारों और उनके व्यक्तित्व को



लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 24 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की संगोष्ठी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, जैतपुर (शहडोल) विधायक मनीषा सिंह एवं सीधी विधायक और पूर्व सांसद रीति पाठक मौजूद रहेंगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि संगोष्ठी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गई है जिसके लिए खासतौर पर अनुसूचित जाति/जनजाति के मोर्चे प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री अग्रवाल ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को मनाये जाने के साथ लगातार बाबा साहब के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इसी तारतम में बृहद रूप से 24 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर संगोष्ठी का जिला स्तरीय आयोजन भाजपा कार्यालय भरौली में किया गया है। जिसमें अनुसूचित जाति/ जनजाति के वर्गों के लोगों के साथ अन्य सभी वर्गों के लोग हजारों की तादाद में शामिल होंगे। इस दौरान मुख्य अतिथियों के संबोधन में बाबा साहब अंबेडकर के विचारो एवं देश और समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया जाएगा।

# महाविद्यालय में विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस मनाया गया

उमरिया (स्वतंत्रमत)




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय आर.व्ही.पी.एस. महाविद्यालय उमरिया में विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने विश्वक रचनात्मककता एवं नवाचार पर अपने विचार व्क्तत किए। डॉ. पी.डी. रावत ने रचनात्मक स्वरूप को बताते हुए छात्र-छात्राओं को नवाचार पर बड़चड़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। राजेन्द्र पटेल, अर्थशास्त्र विभाग द्वारा रचनात्मक एवं नवाचार 2025 की थीम बाहर निकले और नवाचार करें, की जानकारी प्रदान की गई एवं डॉ. अरविंद शाह बरकड़े, कार्यक्रम अधिकारी ने नवप्रवर्तन और छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं का आंकलन करते हुए अपने-अपने योग्यता, कौशल के हिसाब से कोई भी रचनात्मकता, कला, साहित्य और संगीत अन्य क्षेत्रों में अपने भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने का मंच तैयार करनें की जानकारी दी गई। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विमला मरावी, के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेन्द्र प्रसाद पटेल अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. देवेश कुमार अहिरवार, डॉ. रमेश प्रसाद कोल एवं समस्त अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का आभार डॉ. देवेश कुमार अहिरवार के द्वारा किया गया।

# खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

उमरिया (स्वतंत्रमत)। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी प्रतिपाल सिंह महोबिया ने बताया 1 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियो से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को दस हजार, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को आठ हजार तथा कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को छः हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी उन्होने बताया कि वर्ष 2024 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। खेलवृत्ति हेतु आवेदन संबंधित जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किए जा सकत है।

# कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत नरवाई जलाना किया प्रतिबंधित

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उमरिया जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। उन्होने कहा है कि खेत में आग के अनियंत्रित होने पर जन धन संपत्ति प्राकृतिक वनस्पति एवं जीव जन्तु आदि नष्ट हो जाते है, जिससे व्यापक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैः शनैः घट रही है और उत्पादन प्रभावित होता है। खेत में पड़ा कचरा भूसा डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं, जिन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उर्त्सजन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वर्तमान मे गेहूँ फसल की कटाई उपरांत नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने समस्त हार्वेस्टर मालिकों को निर्देशित किया है कि फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा। कंबाईन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अथवा स्ट्रा रीपर में से कोई भी एक मशीन साथ में रखना अनिवार्य होगा। फसलों की कटाई उपरांत नरवाई में आग लगाना पूर्णतरू प्रतिबंधित होगा। पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नाटिफिकेशन द्वारा नरवाई में आग लगाना दण्डनीय होगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163(2) के अंतर्गत आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

# यूपीएससी में अभिशील जायसवाल ने 538वी रैंक के साथ जिले को किया गौरवान्वित

**उमरिया (स्वतंत्रमत)**। मंगलवार की दोपहर को यूपीएससी का फायनल परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है , जिसमें उमरिया जिले के नौरोजाबाद स्थित जीएम काम्प्लेक्स निवासी अभिषील जायसवाल ने 538वीं रैंक हासिल कर उमरिया जिले को गौरान्वित किया है। उनकी इस सफलता पर उनके माता पिता, ईष्ट मित्रों ने बधाई दी है। अभिषील ने हाई स्कूल तक की पड़ाई नौरोजाबाद तथा बिरसिंहपुर पाली से पूरी की है। इंदौर से हायर सेकेण्डरी की पड़ाई पूरी की है।



बनारस से ग्रेजुएषन बीए एलएलबी किया है तथा मास्टर डिग्री बैंगलोर से ली है। बताया जाता है कि वर्ष 2022 में पहली बार यूपीएससी का फेस किया था। दूसरी बार में उन्हें यह सफलता मिली है। अभिषील के पिता राजेष जायसवाल जोहिला क्षेत्र एसईसीएल नौरोजाबाद मुख्यालय में वायरलेस आपरेटर के पद पर पदस्थ है। माता स्नेहलता जायसवाल गृहिणी है। अभिषील दो भाई एवं एक बहन है। वर्तमान में अभिषील लखनऊ उत्तरप्रदेष रेल्वे में कार्यरत है, इसके बाद भी इन्होने अपनी तैयारी जारी रखी और दूसरी बार में ही यूपीएससी में 538वीं रैंक लाई।

# उच्च न्यायालय जबलपुर से मिली राहत, जनपद अध्यक्ष ने कहा- सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं

मण्डला(स्वतंत्रमत)।






बीते माह जनपद पंचायत अध्यक्ष बीजादांडी श्रीमति करिश्मा राजेन्द्र पट्टा के खिलाफ सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था जिसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था जिसको लेकर श्रीमति करिश्मा राजेन्द्र पट्टा ने उच्च न्यायालय जबलपुर की शरण ली थी उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे जबावदारों पर आरोप थे कि उन्होंने आविश्वास प्रस्ताव लाने की प्रक्रिया में घोर लापरवाही बरती है। जनपद पंचायत बीजादांडी में सदन कक्ष होने के बाद भी 65 किमी दूर जिला मुख्यालय जनपद सदस्यों को बुलाया गया। जिनके बिना प्रस्ताव के हाथ उठवाकर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।

इसी के साथ अविश्वास प्रक्रिया में लापरवाही बरती गई। जिसको लेकर जनपद अध्यक्ष ने सवाल खड़े किए थे लेकिन जिला स्तर एवं कमिश्नर कार्यालय से राहत न मिलने पर उच्च न्यायालय की शरण ली गई। जहां से जनपद पंचायत बीजादांडी की जनपद अध्यक्ष श्रीमति करिश्मा राजेन्द्र पट्टा को उच्च न्यायालय जबलपुर से स्थागन आदेश मिल गया है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में डब्लूपी संख्या 13574/2025 श्रीमती करिश्म राजेंद्र पुट्टा को दिनांक 21 अप्रैल 2025 संजय कुमार अग्रवाल वरिष्ठ अधिवक्ता तथा मोहित नायक याचिकाकर्ता के अधिवक्ता। मुकुंद अग्रवाल राज्य के शासकीय अधिवक्ता याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अविश्वास प्रस्ताव दिनांक 06.03.2025 को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता ने प्रस्तुत किया कि 1994 के नियमों का पालन नहीं किया गया है। कोई गुप्त मतदान नहीं हुआ।

कार्यवाही को बंद कमरे में रिकॉर्ड किया गया तथा हाथ उठाकर मतदान किया गया। प्रतिवादियों को सात कार्य दिवसों के भीतर प्रक्रिया शुल्क का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी करें। नोटिस चार सप्ताह के भीतर वापस किए जाने योग्य बनाए जाएं। दिनांक 06.03.2025 का संकल्प अगली सुनवाई की तारीख तक स्थगित रहेगा। राज्य की ओर से उपस्थित सरकारी अधिवक्ता को कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग मंगाने का निर्देश दिया जाता है। इस मामले को चार सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया जाएगा। इस संबंध में जनपद सदस्य राजेन्द्र पट्टा ने बताया कि जनपद पंचायत बीजादांडी में 12 जनपद सदस्य हैं जिसमें से 9 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कहीं थी इसकी पूरी प्रक्रिया जिला योजना भवन मंडला में सम्पन्न हुई जिसमें अनेक तरह की त्रुटि की गई थी। जिसकी शिकायत कमिश्नर कार्यालय जबलपुर की गई थी जहां से राहत न मिलने के बाद उच्च न्यायालय की शरण ली गई उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नही उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यस्थल पर किसी टीम की सफलता केवल एक व्यक्ति के कार्यों पर निर्भर नहीं होती, बल्कि पूरी टीम के सामूहिक प्रयास पर निर्भर करती है। प्रत्येक टीम के सदस्य द्वारा की गई कड़ी मेहनत और समर्पण को स्वीकार करना और उसकी सराहना करना महत्वपूर्ण है। आखिरकार टीम द्वारा किए गए अच्छे काम के लिए प्रशंसा के शब्द मनोबल और प्रेरणा को बढ़ाने में बहुत मददगार हो सकते हैं। जब टीम के सदस्य मूल्यवान और सराहनीय महसूस करते हैं, तो उनके अपने काम में लगे रहने और प्रतिबद्ध होने की संभावना अधिक होती है। वहीं जनपद अध्यक्ष करिश्मा राजेन्द्र पट्टा ने कहा कि टीम के सदस्यों के प्रयासों को पहचानना और उनकी सराहना करना महत्वपूर्ण है। जब टीम के सदस्यों को उनके योगदान के लिए मूल्यवान और सराहना महसूस होती है तो वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और लक्ष्य हासिल करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के लिए अधिक प्रेरित होते हैं। यह गर्व और संतुष्टि की भावना भी पैदा करता है जिससे वे अपने काम में अधिक उत्साही और व्यस्त हो जाते हैं।

संगठन के प्रति वफादारी की भावना पैदा होती है। एक सकारात्मक कार्य संस्कृति सहयोग, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देती है, जो संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं। जब कर्मचारी मूल्यवान और सराहनीय महसूस करते हैं, तो वे अपने काम के प्रति अत्यधिक व्यस्त और प्रतिबद्ध होने की अधिक संभावना रखते हैं। यह बदले में उत्पादकता और बेहतर प्रदर्शन को बढ़ाता है। प्रशंसा एक शक्तिशाली प्रेरक के रूप में कार्य करती है जो व्यक्तियों को अपेक्षाओं से बढ़कर और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है। यह टीम के सदस्यों के बीच टीमवर्क और सहयोग को भी बढ़ाता है जिससे समग्र प्रदर्शन में सुधार होता है। प्रशंसा के शब्द साझा करने से न केवल पिछली उपलब्धियों को मान्यता मिलती है बल्कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को भी बढ़ावा मिलता है।



## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ धरने पर

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मंगलवार से धरने पर चला गया है कलेक्ट्रेट के पास धरना दे रहे कर्मचारियों से भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रफुल्ल मिश्रा ने चर्चा की और कहा कि भाजपा सरकार हर कर्मचारी संगठन के साथ है उनकी हर मांगों को नियमानुसार पूरा कर रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा नीति 2023 को लेकर एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अपनी मांगों को लेकर 22 अप्रैल से अनिश्चित हडताल में हैं। संविदा नीति का पूर्ण रूप से लाभ न प्रदान करते हुए कर्मचारियों की सुविधा में कटौती कर सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश की अव्हेलना कर कर्मचारियों के साथ बादा खिलाफी की गई है जिसके विरोध में प्रदेश के समस्त 32000 एनएचएम कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन के पश्चात 22 अप्रैल को अनिश्चित कालीन हड़ताल में बैठ गये है जिससे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है जिसमें आम जन को टीकाकरण की सुविधा प्राप्त नहीं हो सकी गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांचे प्रभावित हुई एनआरसी व एसएनसीयू का कार्य प्रभावित रहा साथ ही एनसीडी में आने वाले मरीजों के बीपीए शुगर की जांच नहीं हो सके मरीज व वृद्धजन परेशान होते रहे इसी तरह टीबी व मलेरिया की जांचे नहीं होने से मरीज परेशान होते नजर आये साथ ही प्रदेश भर में स्वास्थ्य शिविरों एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम व रिपोटिंग पर हड़ताल का असर देखा गया संघ के पदाधिकारियों से चर्चा में बताया गया कि जब तक पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा अनुसार व सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संविदा नीति 2023 के अनुरूप एनएचएम कर्मचारियों को लाभ प्रदान नहीं किया जाता तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी इसी क्रम में प्रदेश के समस्त जिलों में निम्न गतिविधियां कर्मचारियों के द्वारा प्रतिदिन की जायेगी।

## समाजसेवियों ने परिक्रमावासियों पर बरसाए फूल



**मण्डला।** दो दिवसीय उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा का भक्तों द्वारा आयोजन किया गया था। जिसमें आसपास के जिलों से भी नर्मदा भक्तों ने सहभागिता की। परिक्रमा में शामिल भक्तों का अनेक स्थानों पर स्वागत सत्कार किया गया। ये यात्रा जब देवदरा पंचायत में शिफा ट्रेडर्स के सामने पहुंची तो शिफा ट्रेडर्स के संचालक वाजिद अली द्वारा परिक्रमा में शामिल भक्तों का भव्य स्वागत किया गया। भक्तों पर जेसीबी से पुष्प वर्षा की गई ढोल नगाड़े से स्वागत किया एंव शीतल पेय वितरित किया गया वाजिद अली के द्वारा नर्मदा भक्तों का स्वागत हमारे देश की वसुधैवकुटुम्बकम् के विचार को पुष्टि प्रदान करता है जिसकी सर्वत्र चर्चा एवं प्रशंसा हो रही है। स्वागत समारोह में सरपंच शेर सिंह पन्द्राम, नागेन्द्र जैन, उदयकांत अवस्थी, जाहिद अली, राजेन्द्र अग्रवाल, नवीन जैन, पुरषोत्तम वर्मन, सुनील ठाकुर, उत्कर्ष अवस्थी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

बता दें कि उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा का दूसरा चरण का समापन रविवार को हुआ। शनिवार को घाघा घाघी में रात्रि विश्राम के बाद प्रातः घाघा घाघी नर्मदा तट नाव से पार करके बबैहा गरम पानी कुण्ड पहुंचे। यहां गरम पानी कुण्ड में परिक्रमा में शामिल भक्तों ने गरम पानी कुण्ड व नर्मदा में स्नान कर यात्रा को आगे बढ़ाया। बबैहा में अल्प विराम के बाद यात्रा आगे की और बढ़ी। वहीं यहां से कुछ परिक्रमावासी ग्वारी, तिंदनी होते हुए कटरा होते व्यास नारायणगंज मंदिर में अपनी परिक्रमा पूरी की। वहीं कुछ परिक्रमावासी तिंदनी से एमपीटी के आगे गाजीपुर होते हुए जिलहरी घाट के गुरूकुल में कुछ देर विश्राम किया। जहां से माँ नर्मदा नदी के किनारे-किनारे नए पथ मार्ग से सहस्त्रधारा पहुंचे। जहां से गौंझी, देवदरा, नेहरू स्मारक होते हुए जेलघाट, नाव घाट, बुधवारी चौक से किले घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर में दो दिवसीय उत्तरवाहिनी माँ नर्मदा परिक्रमा का समापन किया।

## आज लगेगा रोजगार मेला

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम के अंतर्गत रोजगार मेला का आयोजन 23 अप्रैल को नगर पालिका के टाउनहॉल में प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक किया जाएगा। इच्छुक आवेदक रोजगार मेले में अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार पंजीयन एवं अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## भैंस से भरा ट्रक खाई में गिरा

मण्डला/मवई।

मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ की सीमा में बसे विकासखंड मवई से 7 किलोमीटर की दूरी पर मोहगांव बकरमुंडी घाट पर वाहन क्रमांक एमएच 40 सीएम 7942 के पलट जाने से अनेक भैंसों की मौत हो गई। वाहन में लगभग 20 नग भैंस लोड थी जो कि बाहर जा रही थी यह गोरखधंधा कई वर्षों से निरंतर चल रहा है यह काम मवई से छत्तीसगढ़ सीमा के बीच होता है विश्वास सूत्रों से यह जानकारी प्राप्त हुई है छत्तीसगढ़ बॉर्डर से मसना, मूरता अमवार, रहटाखेरों के जंगलों से सप्लाई किया जाता है अगर इसकी निष्पक्षता से जांच की जाए तो ऐसे कई नामी चेहरे सामने आ सकते हैं जो इस दुष्कृत में शामिल हैं शासन और प्रशासन की संरक्षण में कई वर्षों से फल फूल रहा है ऐसी घटनाएं कई बार घट चुकी है पर प्रशासन इनके ऊपर कोई कड़ी



कार्रवाई नहीं करता यदि एक बार कड़ी कार्रवाई की जाए तो इस तस्करी पर लगाम लगाया जा सकता है। इस गोरख धंधा में स्थानीय लोगों का भी अंश पूंजी जुड़ा हुआ है मवई पुलिस जांच में जुटी हुई है अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।



## आमने-सामने टकराये दो चार चका वाहन

### प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को किया रेफर

**नैनपुर ।** बालाघाट से नैनपुर एंव मंडला से बालाघाट जा रहे दो वाहन भीम्मानाला के पास आपस में टकरा गये । जिससे तीन लोग घायल होना बताया जा है। घटना के सम्बन्ध में बताया जा रहा है कि तूफान वाहन क्रमाक एम पी 20बी ए 8860 ने वैगानार वाहन क्रमांक एमपी 20सी एफ 2536 को जोरदार टक्कर मारा जिससे वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन में सवार तीन लोगों को चोट आई है। वाहन में सवार मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के रीडर रविन्द्र लिलहरे की पत्नि और बच्ची एंव वाहन चालक प्रमोद पाठक घटना में चोटिल हुए है। जो मंडला से बालाघाट जा रहे थे जिन्हें तत्काल सिविल अस्पताल नैनपुर लाया जाकर भर्ती कराया गया। डाक्टर के द्वारा बताया गया

बच्ची का पेर फैक्कर हो गया। जिसे गोंदिया रिफर किया गया है?। घटना के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष दरसियो ने बताया कि तूफान वाहन चालक ने सामने है आ रहे वाहन को उल्टे तरफ से टक्कर मारी उक्त वाहन में मजदूर सवार थे घटना में किसी भी मजदूर को चोट नहीं लगी।

## पेंशनर्स एसोसिएशन का ज्ञापन

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश में एक साथ जिला मुख्यालयों पर आठवें वेतन आयोग के विरोध में जिला शाखा ने बीके राय जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्टर को एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा वर्तमान में आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की गई है जिसमें भविष्य में 1 जनवरी 25 से पेंशनरों के पेंशन में कटौती किया जाना या पेंशन समाप्त किया जाना प्रस्तावित है जिसकी प्रतिक्रिया स्वरूप पूरे मध्य प्रदेश में विरोध हुआ व आज सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन सौंपा गया।

## श्रीमती चंपा बाई शुक्ला का निधन

**नैनपुर।** वार्ड क्रमांक 9 निवासी रामकुमार शुक्ला, नागेश शुक्ला, राकेश शुक्ला की माता जी श्रीमती चंपा बाई शुक्ला का गत रात्रि में देवलोक गमन हो गया। आपकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नाते-रिश्तेदारों चिर-परिचितों की उपस्थिति रही। सभी ने दो मिनट का मोन रख अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## आज से 6 मई के बीच रेल यात्रियों को होगी असुविधा

### अनेक यात्री गाड़ियों के स्थान और रूट में हुआ परिवर्तन

### गोंदिया में तीसरी लाइन निर्माण के चलते दपूमरे का फैसला

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।



दक्षिण पूर्वी मध्य रेल नागपुर मंडल अंतर्गत आगामी 23 अप्रैल से 06 मई तक रेल यात्रियों को अपनी यात्रा में असुविधा झेलनी पड़ेगी। गोंदिया से चलने वाली यत्रीगाडिया इस दौरान प्रभावित रहेंगी । लिहाजा कुछ गाड़ियों के रास्ते परिवर्तित किये गये है तो कुछ रेल गाड़ियों को महाराष्ट्र के बिरसोला और मध्य प्रदेश के बालाघाट से संचालित किया जाएगा। बताया गया है कि गोंदिया रेलवे स्टेशन में तीसरी लाइन के अथवा गोंदिया में निर्मित नए रेल ओवर रेल ब्रिज के नॉन इंटरलॉकिंग के कार्य के चलते विभिन गाड़ियों को कैन्सल, शॉर्ट टर्मिनेट, अथवा डाईवर्ट किया गया है। इस लिए सभी यात्रियों को अब अपनी अपनी यात्रा को ट्रेनों के समय सारणी ओर सूचना को ध्यान में रखते हुए करना होगा।

**गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोडी के मध्य चलने वाली ट्रेन गाड़ी संख्या** - 68813/68814 गोंदिया तिरोडी गोंदिया दिनांक 25 अप्रैल से 06 मई तक यह गाड़ी महाराष्ट्र के बिरसोला स्टेशन से प्रारम्भ होगी ओर यही पर समाप्त होगी ।

गाड़ी संख्या 78803/78804 गोंदिया कटंगी गोंदिया यह गाड़ी दिनांक 25 अप्रैल से 06 मई तक पूर्णतः रद्द रहेगी ।

गाड़ी संख्या 68809/68810 गोंदिया तिरोडी गोंदिया दिनांक 25 अप्रैल से 06 मई तक यह गाड़ी बिरसोला स्टेशन से प्रारम्भ होगी और यही पर समाप्त होगी ।

गाड़ी संख्या 68811/68812 गोंदिया कटंगी गोंदिया दिनांक 23 अप्रैल से 06 मई तक यह गाड़ी बिरसोला स्टेशन से प्रारम्भ होगी ओर यही पर समाप्त होगी ।

**गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर ,जबलपुर की ओर चलने वाली ट्रेने** - गाड़ी संख्या 68817 गोंदिया गढ़ा 24 अप्रैल से 06 मई तक बिरसोला स्टेशन से प्रारम्भ होगी। इसी प्रकार 68818 गढ़ा गोंदिया 23 अप्रैल से 05 मई तक बिरसोला में समाप्त होगी।

गाड़ी संख्या 51707/51708 जबलपुर गोंदिया जबलपुर दिनांक 25 अप्रैल से 06 मई तक यह गाड़ी बिरसोला स्टेशन से प्रारम्भ होगी ओर यही समाप्त होगी ।

गाड़ी संख्या 22173/22174 जबलपुर चन्दाफ़ोर्ट जबलपुर 25,29 अप्रैल और 01, 02, और 06 मई को बलाघाट स्टेशन में समाप्त ओर यही से प्रारम्भ भी होगी ।

. गाड़ी संख्या 11753 रीवा इतवारी एक्सप्रेस रीवा से 23, 28,30 अपर को और 03, 05 मई को व्हाया नैनपुर, सिवनी छिन्दवाड़ा होकर चलेगी । जबकि 11754 इतवारी रीवा इतवारी से 24, 29 अप्रैल और 01,04, 06 मई को व्हाया नैनपुर, सिवनी छिन्दवाड़ा होकर चलेगी ।

**गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर होकर जाने वाली जो मार्ग परिवर्तित की गई है वे गाड़िया इस प्रकार है** - गाड़ी संख्या 16367 काशी तमिल संगम एक्सप्रेस यह गाड़ी कन्यकुमारी से 24 अप्रैल को ओर 01 मई को परिवर्तित मार्ग बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, जबलपुर हो कर बनारस जाएगी। गाड़ी संख्या 16368 काशी तमिल संगम एक्सप्रेस यह गाड़ी बनारस से 27 अप्रैल को ओर 04 मई को परिवर्तित मार्ग जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह हो कर जाएगी । गाड़ी सांख्य 12389/12390 गया चेन्नई गया एक्सप्रेस दिनांक 04 अप्रैल को गया से अपने परिवर्ती मार्ग जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह हो कर ओर चेन्नई से 06 मई को अपने परिवर्ती मार्ग बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, जबलपुर हो कर जाएगी।

## बीपीएल कार्ड में धन्ना सेठों का कब्जा: भूख हड़ताल के बाद जांच के आदेश, भाजपा जिलाध्यक्ष ने तुड़वाया अनशन

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले हितग्राहियों के अधिकारों पर जब धन्ना सेठों ने सेंध लगा दी है लम्बे समय से यह मुद्दा विभिन्न मंचों से सुनाई देता रहा है पूरे जिले में दो लाख से अधिक बीपीएल कार्ड धारी हैं जो कि राशन के साथ अन्य सुविधाओं का लाभ ले रहें है कौन पात्र है और कौन आपात्र है इसकी जांच भी नहीं हो रही है दस्तावेज कुछ कह रहें है और अधिकारी कुछ और जिसको लेकर महाराजपुर निवासी कमलेश मिश्रा ने सोमवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आरंभ की श्री मिश्रा ने कलेक्ट्रेट के पास अपना धरना आरंभ करने के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण का पूजन किया और धरना पर बैठ गए इस धरने को जिले भर के पत्रकारों ने समर्थन दिया है। जरूरतमंद और गरीब राशन कार्ड के लिए सरकारी कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं उन्हें सर्वे के नाम पर परेशान किया जा रहा है। यहीं नही नगर पालिका मंडला के द्वारा गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए दिए गए आवासों में भी घपलेबाजी की गई है। जांच को लेकर चल रहे धरने पर मंगलवार को तहसीलदार मण्डला हिमांशु भलावी, भारतीय जानता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा पहुंचे जिन्होंने धरनाकर्ता श्री मिश्रा से संवाद किया और उनके द्वारा उठाई गई मांगों पर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया। इस दौरान भूख हड़ताल पर बैठे श्री मिश्रा को जिला अध्यक्ष ने जूस पिलाया और धरना समाप्त कराया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने उपस्थित पत्रकारों से संवाद करते हुये कहां कि पत्रकार समाजहित में काम करते हैं उन्हें अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है वहीं पत्रकार समाजहित के ही मुद्दे शासन प्रशासन के सामने लाते हैं लिहाजा प्रशासनिक अधिकारियों को भी संवेदना के साथ उचित कार्यवाही की जानी चाहिए। बता दे कि 25 दिसंबर 2000 को एनडीए सरकार द्वारा शुरू





किया गया था गरीबी रेखा से नीचे बीपीएल प्रत्येक परिवार को हर महीने 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है। बीपीएल कार्ड के लिए आवेदन राज्य के खाद्य की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा सकता है। इसके अलावा आप अपने नजदीकी क्षेत्रीय कार्यालय में जाकर भी आवेदन दे सकते हैं। आवेदन के साथ आपको आधार कार्ड और पते का प्रमाण जैसे दस्तावेज जमा करने होंगे। इसके बाद नगर पंचायत, नगर पालिका, जनपद पंचायत से अनुमोदन के बाद बीपीएल कार्ड जारी किया जाता है बीपीएल कार्ड गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को जारी किया जाता है।

यह कार्ड प्राप्त करने के लिए कुछ नियम हैं जिनमें भारत का नागरिक होना परिवार की सालाना आय 1 लाख से कम होना और किसी के पास सरकारी नौकरी या पेंशन न होना शामिल है बीपीएल कार्ड के लिए पात्रता होनी चाहिए भारत का नागरिक होना आवश्यक है और घर में कोई भी चार पहिया वाहन नहीं होना चाहिए परिवार का आवास कच्चा होना चाहिए और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होनी चाहिए, बीपीएल कार्ड के लाभ सब्सिडी वाले खाद्यान्न की आपूर्ति बीपीएल परिवारों को रियायती दर पर खाद्यान्न, गेहूं, चावल, चीनी, की आपूर्ति की जाती है अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ बीपीएल कार्ड धारक कई सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पात्र होते हैं घर में किसी भी तरह का वाहन नहीं होना चाहिए। सरकार ने राशन कार्ड के नियमों में बदलाव किया है जो 15 फरवरी 2025 से लागू होंगे जिन लोगों ने ई-केवाईसी नहीं करवाई होगी उन्हें राशन नहीं मिलेगा राशन कार्ड धारकों को अब अपने आधार कार्ड से ई-केवाईसी करवानी होगी यह अनिवार्य है वरना राशन की सुविधा बंद हो जाएगी बीपीएल कार्ड के लिए एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया से संबंधित है। सरकारी स्वास्थ्य और शिक्षा योजनाओं का लाभ सरकारी सहायता योजनाओं जैसे वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति और अन्य लाभ सब्सिडी पर राशन मुफ्त शिक्षा और छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। कुछ मामलों में लोगों ने पैसे देकर फर्जी बीपीएल कार्ड बनवाए हैं जिससे वास्तविक गरीब लोगों को लाभ से वंचित होना पड़ा है पैसा लेकर कुछ अधिकारियों और बिचौलियों पर बीपीएल कार्ड बनवाने के लिए पैसे लेने के आरोप हैं जहां कुछ लोग जो बीपीएल के मानदंडों के अनुसार पात्र नहीं हैं उन्होंने बीपीएल कार्ड प्राप्त कर लिया है जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है जो वास्तविक बीपीएल परिवारों के लिए आरक्षित है भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं जिले में एक समाजसेवी ने बीपीएल कार्ड योजना में भ्रष्टाचार के खिलाफ आमरण अनशन किया है क्योंकि उनके अनुसार गरीब लोगों को उनका हक नहीं मिल रहा है। अब देखना होगा कि इस धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल का असर कितना होता है।

संपादकीय

## एकतरफा ऐलान के मायने

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ऐलान कर दिया है कि कांग्रेस के साथ गठबंधन यूपी चुनाव 2027 में भी जारी रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि सपा, इंडिया ब्लॉक के साथ ही यूपी चुनाव में जाएगी। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में साथ आए थे। अखिलेश यादव और राहुल गांधी की जोड़ी इस बार हिट साबित हुई और गठबंधन ने 80 में से 43 सीटें जीत लीं। आम चुनाव नतीजों से उत्साहित दोनों दल गठबंधन जारी रखने की मंशा तो जाहिर कर रहे थे लेकिन दिल्ली और हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के स्टैंड से भविष्य को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया था।

अब कांग्रेस से गठबंधन को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के इस एकतरफा ऐलान के अब सियासी मायने तलाशे जाने लगे हैं। सवाल ये भी उठ रहे हैं कि क्या अखिलेश यूपी में लालू यादव वाला रोल खोज रहे हैं? दरअसल, लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल और अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी, दोनों ही जनता परिवार से निकली हैं। बिहार में लालू यादव की पार्टी का बेस वोट मुस्लिम और यादव हैं और यूपी में इस वोटबैंक पर सपा की पकड़ मजबूत मानी जाती है। आरजेडी का 1999 से ही कांग्रेस से गठबंधन है। इस गठबंधन में लालू यादव और आरजेडी का रोल बड़े भाई का है। सीट शेयरिंग से लेकर तमाम फैसले लालू यादव ही लेते हैं। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में यह देखने को भी मिला, जब लालू यादव ने कांग्रेस को एक-एक सीट के लिए पानी पिला दिया था। कांग्रेस के पूरा जोर लगाने के बाद भी आरजेडी पूर्णिया और बेगूसराय सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं हुई और ग्रैंड ओल्ड पार्टी को ये फैसला मानना पड़ा था।

अखिलेश यादव भी यूपी में लालू यादव वाला रोल ही चाहते हैं। लोकसभा चुनाव से लेकर यूपी उपचुनाव तक, अखिलेश के तेवर वैसे ही दिखे भी। लोकसभा चुनाव के समय अखिलेश ने कांग्रेस की डिमांड दरकिनार कर 17 सीटें देने का ऐलान किया और अंत में कांग्रेस को उतनी ही सीटों पर लड़ने की सहमति देनी पड़ी। अखिलेश ने तो सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत के दौरान कांग्रेस से अपने दावे वाली सीटों से संभावित उम्मीदवार के नाम देने तक के लिए कह दिया था। विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस भी बराबर सीटों पर लड़ने की दावेदारी कर रही थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। तमाम रस्साकशी के बाद अखिलेश ने कांग्रेस की चारू केन के लिए एक सीट दी, वह भी साइकिल के सिंबल पर। कांग्रेस के संगठन की जैसी तस्वीर बिहार में है, कमोबेश वैसा ही हाल यूपी में भी है। राजनीति में फैसले रातोंरात नहीं होते, खासकर गठबंधन के। गुणा-गणित, मोल-तोल, नफा-नुकसान के आकलन और लंबी कवायद के बाद ही राजनीतिक पार्टियां गठबंधन को लेकर फैसला लेती हैं। अखिलेश ने इस एक दांव से कांग्रेस को उलझा दिया है। अगर ऐसी परिस्थितियां बनती हैं कि कांग्रेस से गठबंधन नहीं हो पाए तो सपा के पास इसके लिए ग्रैंड ओल्ड पार्टी को ही जिम्मेदार ठहराने का आधार होगा। अखिलेश और उनकी पार्टी यह कहने की स्थिति में होगी कि हमने तो दो साल पहले ही ये ऐलान कर दिया था कि हम गठबंधन में चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस को साथ लेकर चुनाव लड़ने के ऐलान के पीछे अखिलेश के दो मकसद हैं- एंटी वोट का बिखराव रोकना और चुनावी फाइट को सीधे मुकाबले का रूप देना।

# पुस्तकें कल्पवृक्ष भी हैं और कामधेनु भी



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

विश्व पुस्तक दिवस जिसे विश्व पुस्तक कॉपीराइट दिवस भी कहा जाता है, पुस्तक-संस्कृति को बल देने और पढ़ने की प्रवृत्ति के आनंद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाने वाला एक विश्व उत्सव है। हर साल 23 अप्रैल को दुनिया भर में पुस्तकों के दायरे को पहचानने, उसे प्रोत्साहन देने एवं दुनिया को जोड़ने के लिए पुस्तक उत्सव अतीत और भविष्य के बीच एक कड़ी, पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच एक पुल है। इस अवसर पर, यूनेस्को और पुस्तक उद्योग के तीन प्रमुख क्षेत्रों - प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता और पुस्तकालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन, अपने स्वयं के प्रयासों के माध्यम से, दिवस के उत्सवों की प्रेरणा को बनाए रखने के लिए एक वर्ष के लिए विश्व पुस्तक राजधानी का चयन करते हैं। किताबें, अपने सभी रूपों में, हमें सीखने और खुद को सशक्त रखने का मौका देती हैं। वे हमारा मनोरंजन भी करती हैं और हमें दुनिया को समझने में मदद करती हैं, साथ ही दूसरों की दुनिया में झांकने का मौका भी देती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है 'अपने तरीके से पढ़ें', यह थीम सभी आयु वर्ग के लोगों विशेषत: बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार किताबें चुनने और पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य बच्चों को पढ़ने में आनंद आने का अनुभव कराना और उनकी पढ़ने की आदत को मजबूत बनाना है।

23 अप्रैल विश्व साहित्य में एक प्रतीकात्मक तिथि है। इस दिन कई विश्वप्रसिद्ध लेखकों का जन्मदिवस या पुण्यतिथि होती है। विलियम शेक्सपियर, मिगुएल डे सर्वेंट्स और जोसेप प्लाया का इसी दिन निधन हुआ था, जबकि मैनुएल मेजिया वल्लेजो और मौरिस ड्रून इसी दिन पैदा हुए थे। यूनेस्को ने 23 अप्रैल 1995 को इस दिवस को मनाने की शुरुआत की थी। पैरिस में यूनेस्को की एक आमसभा में फैसला लिया गया था कि दुनियाभर के लेखकों का सम्मान करने, उनको श्रद्धांजली देने और किताबों के प्रति रुचि जागृत करने के लिए इस दिवस को मनाया जाएगा। पुस्तकों को ज्ञान का बाग भी कहा जाता है। यदि कोई इन पुस्तकों से सच्ची दोस्ती कर ले तो यकीन मानिए उसे जीवन भर का ज्ञान और हर समस्या का समाधान कुछ ही समय में मिल जाता है। समस्याओं एवं परेशानी के दौर में पुस्तक दोस्ती का पूरा फर्ज निभाती हैं। पुस्तक का महत्व सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक है, किसी भी युग या आंधी में उसका महत्व कम नहीं हो सकता, इंटरनेट जैसी अनेक आंधियां आयेगी, लेकिन पुस्तक संस्कृति हर आंधी में अपनी उपयोगिता एवं प्रासंगिकता को बनाये रख सकेगी। क्योंकि पुस्तकें पढ़ने का कोई एक लाभ नहीं होता। पुस्तकें मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं तथा सोचने समझने के दायरे को बढ़ाती हैं। किताबों का अस्तित्व खत्म नहीं हो सकता। आधुनिकता की बात करें तो भी यह बात हर वक्त संभव नहीं कि किताबों के स्थान पर लैपटॉप आदि से पढ़ा जाए।




पुस्तक या किताब लिखित या मुद्रित पेजों के संग्रह को कहते हैं। पुस्तकें ज्ञान का भण्डार हैं। पुस्तकें हमारी दुष्ट वृत्तियों से सुरक्षा करती हैं और सकारात्मक सोच को निर्मित करती है। अच्छी पुस्तकें पास होने पर उन्हें मित्रों की कमी नहीं खटकती है वरन वे जितना पुस्तकों का अध्ययन करते हैं पुस्तकें उन्हें उतनी ही उपयोगी मित्र के समान महसूस होती हैं। पुस्तकें एक तरह से जाग्रत देवता हैं उनका अध्ययन मनन और चिंतन कर उनसे तत्काल लाभ प्राप्त किया जा सकता है। तकनीक ने भले ज्ञान के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, पर पुस्तकें आज भी विचारों के आदान-प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम हैं। महात्मा गाँधी को महान बनाने में गीता, टालस्टाय और थोरो का भरपूर योगदान था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व ख्याति दिलाने में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, यही कारण है कि उन्होंने पुस्तक संस्कृति को जीवंत करने का अभिनव उपक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम में अनेक बार किया। पुस्तकों में जीवन का रहस्यमय एवं रोमांचक संसार है। इसलिये पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहन देकर ही हम उन्नत संस्कार, संसार एवं सृष्टि का निर्माण कर सकेंगे। किताबों में ही किताबों के बारे में जो लिखा है वह भी बहुत उल्लेखनीय और विचारोत्तेजक है। मसलन टोनी मोरिसन ने लिखा है- 'कोई ऐसी पुस्तक जो आप दिल से पढ़ना चाहते हैं, लेकिन जो लिखी न गई हो, तो आपको चाहिए कि आप ही इसे जरूर लिखें।'

शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। नि:संदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने, मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। नरेन्द्र मोदी प्रयोगधर्मा एवं सृजनकर्मा राजनायक हैं, तभी उन्होंने उपहार में 'बुके नहीं बुक' यानी किताब देने की बात कही। सत्साहित्य में तोप, टैंक और एटम से भी कई गुणा अधिक ताकत होती है। अणुअस्त्र की शक्ति का उपयोग ध्वंसात्मक ही होता है, पर सत्साहित्य मानव-मूल्यों में आस्था पैदा करके स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण समाज की संरचना करती है। इसी से सकारात्मक परिवर्तन होता है जो सत्ता एवं कानून से होने वाले परिवर्तन से अधिक स्थायी होता है। यही कारण है कि मोदीजी भारत को बदलने में सत्साहित्य की निर्णायक भूमिका को स्वीकारते हैं।

पुस्तकें चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन हैं। उत्तम विचारों से युक्त पुस्तकों के प्रचार और प्रसार से राष्ट्र के युवा कर्णधारों को नई दिशा दी जा सकती है। देश की एकता और अखंडता का पाठ पढ़ाया जा सकता है और एक सबल राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पुस्तकें प्रेरणा की भंडार होती हैं उन्हें पढ़कर जीवन में कुछ महान कर्म करने की भावना जागती है। पुस्तकें कल्पवृक्ष भी है और कामधेनु भी है, क्योंकि इनकी छत्रछाया में मनुष्य अपनी हर मनोकामना को पूरा करने की शक्ति एवं सामर्थ्य पाता है। पुस्तकें अमूल्य है और जन-जन के लिये उपयोगी है, निश्चित ही वे एक नये व्यक्ति और एक नये समाज-निर्माण का आधार भी है। पुस्तकें ही व्यक्ति में सकारात्मकता का संचार करती है। नये मूल्य, नये मापदण्ड, नई योग्यता, नवीन क्षमताएं, आकांक्षाएं और नये सपने- तेजी से बदलती जिंदगी में सकारात्मकता को स्थापित करने में पुस्तकों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

इंसान घर बदलता है, लिबास बदलता है, रिश्ते बदलता है, दोस्त बदलता है, फिर भी परेशान क्यों रहता है? क्योंकि उसने पुस्तकरूपी कल्पवृक्ष की छाया में बैठना बन्द कर दिया है जबकि इन्हीं पुस्तकों की सार्थक कोशिश होती है कि इंसान बदलें, उसकी सोच बदलें, उसका व्यवहार बदलें लेकिन बदलने की उसकी दिशा सदैव सकारात्मक हो ताकि वह जिंदगी के वास्तविक मायने समझ सके। जब तक इंसान खुद को नहीं बदलता, वह अपनी मंजिल को नहीं पा सकता। मंजिल को पाने एवं जीत हासिल करने के लिए स्वयं का स्वयं पर अनुशासन जरूरी है। यही सूत्र पुस्तक-संस्कृति की उपयोगिता एवं महत्व को उजागर करता है। पुस्तकें एक रचनात्मक एवं सृजनात्मक दुनिया है, जिसमें विद्वान लेखकों, विचारकों एवं मनीषियों ने अपनी कलम में वही सब कुछ लिखा होता है जिसे उन्होंने अपने आस-पास की जिंदगी में देखा है, भोगा है। इन पुस्तकें के विचार किसी न किसी के द्वारा कभी न कभी सोचा, कहा, लिखा, मनन किया या जीया गया होता है। ये पुस्तकें एक जरिया है, झरोखा है, जिसमें युगों का ज्ञान है, महापुरुषों के अनुभव हैं, संतपुरुषों की सूक्तियां हैं, प्रबुद्धजनों के जीवन का निचोड़ हैं। जिनकी प्रेरणा और ऊर्जा से इंसानों को रोशनी मिलती है, जो सबके घर में आनंद को और सूरज को अवतरित करने की क्षमता का स्रोत भी है।

इंटरनेट और ई-पुस्तकों की व्यापक होती पहुंच के बावजूद छपी हुई किताबों का महत्व कम नहीं हुआ है और वह अब भी प्रासंगिक हैं। भारत ही बल्कि दुनिया को बदलने में सत्साहित्य की निर्णायक भूमिका असंदिग्ध हैं। हजारीप्रसाद द्विवेदी ने तभी तो कहा था कि साहित्य वह जादू की छड़ी है, जो पशुओं में, ईंट-पत्थरों में और पेड़-पौधो में भी विश्व की आत्मा का दर्शन करा देती है।' निश्चित ही विश्व पुस्तक दिवस की पुस्तक-प्रेरणा भारतीय जन-चेतना को झंकृत कर उन्हें नये भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित कर रही है।

# मोदी की सऊदी अरब यात्रा



आदित्य कुमार चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

कभी सऊदी अरब पाकिस्तान का सबसे अच्छा मित्र माना जाता था। वह हर साल पाकिस्तान को अरबों डालर की मदद देता रहा। पाकिस्तान को जब भी कर्ज या कूटनीतिक समर्थन की जरूरत पड़ती तो सऊदी अरब सबसे पहले आगे आता था। कई बार संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मसले पर भी सऊदी ने पाकिस्तान के स्टैंड का समर्थन किया था लेकिन अब दृश्य पूरी तरह से बदल चुका है। सऊदी अरब और अन्य कई अरब देश भारत के अच्छे-खासे मित्र बन चुके हैं। भारत के सऊदी के साथ रिश्ते बहुत पुराने हैं लेकिन पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में प्रगाढ़ता आई है। अरब देश दुनिया के उन क्षेत्रों में शामिल हैं जिनके पास तेल, ऊर्जा और अन्य प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है। इन देशों में राजनीतिक व्यवस्था और विकास के बीच बहुत जटिल संबंध हैं।

विकास की बात करें तो वह भी कई सामाजिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक कारकों से प्रभावित होता है। अरब देशों में अधिकांश सरकारें राजशाही पर आधारित हैं लेकिन अब बहुत कुछ बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। अरब देशों में राजशाही की युवा पीढ़ी दुनिया को नए नजरिए से देख रही है। सऊदी अरब जैसे देश अब दुनिया को साथ लेकर चल रहे हैं। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व में भारत और सऊदी के बीच संबंधों को बहुत गहराई मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन में सऊदी अरब के दौरे पर जा रहे हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका और ईरान परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिए आगे बढ़ चुके हैं। पश्चिम एशिया में हमास-इजराइल संघर्ष के कारणतनाव की स्थिति बनी हुई है। प्रधानमंत्री की यह यात्रा अगले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सऊदी अरब यात्रा से पहले हो रही है।

यह यात्रा भारत में वक्फ कानून को लेकर चल रहे विवाद के बीच हो रही है। प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को लेकर समझौते हो सकते हैं। इसमें सऊदी सेना को भारतीय सेना की ओर से प्रशिक्षण देना भी शामिल है। पिछले दो वर्षों में 80 सऊदी नौसैनिकों को भारत में ट्रेनिंग दी गई और दोनों देश समुद्री व्यापार मार्गों और वैश्विक चैक प्वाइंट्स की सुरक्षा भी मिलकर कर रहे हैं। भारत और सऊदी अरब में हाल के वर्षों में रक्षा सहयोग तेजी से बढ़ा है। दोनों देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण और रक्षा व्यापार बढ़ रहा है। दोनों की रक्षा साझेदारी में बड़ा घटनाक्रम बीते साल देखने को मिला, जब दोनों देशों के बीच पहली बार संयुक्त थल सेना अभ्यास हुआ। दोनों देशों की नौसेना के भी दो संयुक्त अभ्यास हो चुके हैं। प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर भी नियमित रूप से दोनों मुल्कों में बातचीत हो रही है। भारत बीते कुछ समय से सऊदी अरब की रक्षा सामग्री का एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता बनकर उभर रहा है।

सऊदी अरब में 25 लाख से भी ज्यादा भारतीय काम करते हैं। सऊदी अरब को भारत से न केवल तकनीकी पेशेवर लोगों की सेवाओं की जरूरत है, बल्कि उन्हें कुशल श्रमिकों की भी जरूरत पड़ती है। भारत अपने नागरिकों के हितों को भी देखता है क्योंकि भारत को प्रवासी भारतीयों से काफी अधिक विदेशी मुद्रा हासिल होती है। मोहम्मद बिन सलमान सऊदी अरब के डिफेक्टी शासक माने जाते हैं। विजन बी 2030 के तहत उन्होंने देश को तेल आधारित अर्थव्यवस्था से विविध क्षेत्रों में ले जाने का लक्ष्य रखा है। इस योजना में भारत एक प्रमुख साझेदार के रूप में उभरा है। इसलिए मोहम्मद बिन सलमान ने अपनी पिछली भारत यात्रा के दौरान निवेश के कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। सऊदी अरब भारत का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

भारत सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सऊदी अरब से भारत का आयात 31.42 बिलियन अमेरिकी डालर तक पहुंच गया और सऊदी अरब को निर्यात 11.56 बिलियन अमेरिकी डालर का था, 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 42.98 बिलियन अमेरिकी डालर था, जिसमें भारतीय निर्यात 11.56 बिलियन अमेरिकी डालर और आयात 31.42 बिलियन अमेरिकी डालर था।

भारत से सऊदी अरब को निर्यात की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में इंजीनियरिंग सामान, चावल, पैट्रोलियम उत्पादन, रसायन, वस्त्र, खाद्य उत्पाद, सिरेमिन टाइलें शामिल हैं। जबकि भारत के लिएसऊदी अरब से आयात की जाने वाली प्रमुख वस्तुएं कच्चा तेल, एलपीजी, उर्वरक, रसायन, प्लास्टिक और इसके उत्पाद आदि हैं। सऊदी अरब 2023-24 के लिएभारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल और पैट्रोलियम उत्पाद सोर्सिंग गंतव्य बना रहा। सबसे बड़ी बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ हिन्द महासागर में सभी के हितों की रक्षा के लिए दोनों देशों के विचार समान हैं। सऊदी अरब ने अब तक भारत में वक्फ कानून को लेकर चल रहे विवाद पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। अब तक प्रधानमंत्री मोदी की विचारधारा अरब के इस्लामिक देशों से संबंध बढ़ाने में कोई बाधा नहीं बनी है।

कई अरब देश प्रधानमंत्री को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। भारत और सऊदी में करीबी संबंधों को लेकर पाकिस्तान की चिंताएं बढ़ी हुई हैं। क्योंकि भारत की भूमिका बढ़ने से पाकिस्तान की क्षेत्रीय भूमिका लगातार सिमट रही है। प्रधानमंत्री की यात्रा ऊर्जा, निवेश, सुरक्षा और क्षेत्रीय सहयोग जैसे अहम क्षेत्रों में साझेदारी की ओर आगे ले जाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

# फिल्म बनाना व्यवसाय नहीं

संतोष उत्सुक

पिछले दिनों प्रसिद्ध फिल्म निर्मात्री ने कहा कि फिल्म बनाना व्यवसाय नहीं है। जिस समाज में शिक्षा, धर्म, भक्ति और राजनीति व्यवसाय हो चुके हों, उनका हर अध्याय बाज़ार के हाथों लिखा जा रहा हो वहां ऐसा कहना व्यंग्य हो सकता है या फिर धर्म और राष्ट्रप्रेम में डूबे निर्माता का छवि बरकरार रखने के लिए हो सकता है ऐसा कहना। उन्होंने यह भी कहा कि देश का बड़ा हिस्सा अभी विकसित हो रहा है। यह डायलाग तो विपक्ष के नेता का लगा। यह भी कहा गया कि लोग किशोरावस्था और बचपन में जी रहे हैं। उन्हें संभवत पता नहीं कि विकासजी ने ज़िंदगी की इन दोनों अवस्थाओं के साथ क्या किया है।



व्यंग्य

उन्होंने फिर जलेबी जैसा बयान दिया कि मनोरंजन को बहुत से लोग व्यवसाय के रूप में देखते हैं। फिल्म बनाना, कंटेंट क्रिएट करना बिजनेस नहीं होता। यह तो एक कला है। फिर से लगा कि इतनी प्रसिद्ध ज़बान क्या कह रही है। यह तो उन्होंने खुद पर भी व्यंग्य का रंग डाल दिया। सिर्फ कला के लिए फिल्म बनाना निजी चुनाव हो सकता है लेकिन अधिकांश निर्माता ऐसे विषय लाते हैं जो आम दर्शकों के स्वाद को बदल दें। उन्हें ऐसे निर्देशक चाहिएं जो दर्शकों के विशाल वर्ग को काबू में कर लें। उनकी रुचियां बिगड़ती हैं तो बिगड़ें, फिल्म बनाने वालों को तो सिर्फ सफलता और पैसा चाहिए। पैसा होने के कारण ही चीज़ें खरीदी जाती हैं।

वह ऐसे सवालों को दिमाग में जगह नहीं देना चाहते कि बच्चों और किशोरों को क्या देखना चाहिए ताकि वे एक बार मिली ज़िंदगी में सुव्यवस्थित रह पाएं, शिक्षा पर ध्यान दें, स्वास्थ्य का ख्याल रखें, उत्तरदायित्व समझें। इन जैसे निर्माताओं ने सिर्फ कला या समाज को प्रेरित करने के लिए धारावाहिक या फ़िल्में नहीं बनाई बलिक दर्शकों की रुचियों को बिगाड़कर ऐसे विषयों पर धारावाहिक या फ़िल्में बनाई जिससे समाज में अपारिवारिक मनोरंजन, गलत रीतियों, द्विअर्थी संवाद, सेक्स कामेडी के कारण और उदंड व्यवहार की घास उगने लगी। जिसके कंटीलेपन के कारण सभी आयुवर्ग के दर्शक ज़ख्मी भी हुए। नैतिक और सामाजिक ज़िम्मेदारी को तिलांजलि देने के कारण मनोरंजन, शुद्ध धंधा हो गया।

सामयिक बदलावों की मांग के कारण विकासजी ने खूब योगदान दिया। ऐसा न करते तो बेचारे बॉक्स ऑफिस और उसकी शाखाओं का क्या होता। अब निर्माताओं की आर्थिक ज़िम्मेदारी हो गई है कि करोड़ों लगाएं। फिल्म के सीन और डांस दर्शकों के शरीर और दिमाग को हिला दें। हिंसा, नफरत, वीभत्स फूहड़ता में लिपटी अकहानियां जिन्हें देखकर कुत्सित भावनाएं जाग उठें। सामयिक, पारिवारिक, क्षेत्रीय, धार्मिक, आर्थिक और राष्ट्रीय समस्याएं डर कर वक्त के अंधेरे कोने में खड़ी रहें। फिल्म बनाना व्यवसाय है या नहीं यह अलग बात है। वास्तविकता यह है कि वर्तमान की उलझनों से मनोरंजन को कोई मतलब नहीं है। आवश्यक फिल्म बनाना कोई खेल नहीं है।

# संघर्ष और कारोबार के चलते भारत में बढ़ रही चीनी भाषा की प्रासंगिकता

उमेश चतुर्वेदी

बीते बीस अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र में चीनी भाषा दिवस मनाया गया। यूनेस्को के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा चीनी या मंदारिन ही है। इसे चीन के अलावा ताइवान, सिंगापुर, मलयेशिया, थाइलैंड, ब्रूनई, इंडोनेशिया और फिलीपिंस में भी इसका व्यवहार हो रहा है। मंदारिन को लेकर भाषा विज्ञानियों में मान्यता है कि यह कठिन भाषा है। हालांकि चीनी भाषाविदों ने इसे पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही सहज बनाने की दिशा में बड़ा काम किया है। इसलिए यह पहले की तुलना में अब कहीं ज्यादा सहज हो गई है। इसलिए दुनियाभर में इसे सहज रूप से इसे स्वीकार भी किया जाने लगा है।

जहां तक भारत का सवाल है तो चीन के साथ सीमाओं पर जारी तनातनी के चलते चीनी भाषा की पढ़ाई और जानकारी के लिए भारत में भी क्रेज बढ़ रहा है। गलवान में भारत-चीनी सैनिकों के संघर्ष के बाद चीनी सीमा पर तैनात सैनिकों को चीनी भाषा की जानकारी और शिक्षा देने की कोशिशें हो रही हैं। बेशक भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी चीन है, लेकिन उसकी भाषा और हमारी भाषाओं के बीच संबंधों की कोई सहज कडी नजर नहीं आती। इसलिए इस भाषा को सीखना थोड़ा कठिन होता है। चीन की भाषा को मंदारिन कहते हैं और मंदारिन का शाब्दिक अर्थ ही होता है, कठिन। इसलिए इस भाषा को सीखने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत पड़ती है।

मंदारिन में 21 व्यंजन और 16 स्वर होते हैं। इन ध्वनियों को मिलाकर लगभग 420 अलग-अलग शब्दांश बनाए जा सकते हैं। जहां तक मंदारिन में स्वरों की बात है तो इसमें चार स्वर होते हैं। ये चार स्वर - पहला स्वर, दूसरा स्वर, तीसरा स्वर, और चौथा स्वर ङ्क कहे जाते हैं। ये स्वर एक शब्दांश के उच्चारण में बदलाव करते हैं और अर्थ को बदल देते हैं। इसके अलावा, एक तटस्थ स्वर भी होता है, जिसे मंदारिन के भाषा विज्ञानी पाँचवाँ स्वर भी मानते हैं।

चीनी भाषा में, अक्षर को हांजी कहा जाता है। ये अक्षर, अंग्रेजी वर्णमाला या हिंदी वर्णमाला के अक्षरों की तरह नहीं हैं। प्रत्येक अक्षर एक शब्द या अर्थ के लिए एक प्रतीक है। चीनी भाषा में हज़ारों अक्षर हैं, लेकिन दैनिक उपयोग में छह हजार से लेकर आठ हजार अक्षरों का प्रयोग होता है। इतने स्वरों को याद रखना आसान नहीं है, इसीलिए मंदारिन को कठिन भाषा कहा जाता है।



भारत में कई संस्थान चीनी भाषा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम चला रहे हैं, लेकिन यहां के कई विश्वविद्यालयों मसलन दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, कुमार मंगलम विश्वविद्यालय, गुरूग्राम, पंजाब विश्वविद्यालय, विश्वभारती, जामिया मिलिया इस्लामिया, सिक्किम विश्वविद्यालय के साथ ही देहरादून के दून विश्वविद्यालय समेत कई विश्वविद्यालयों में चीनी भाषा की पढ़ाई होती है। लेकिन अब इसे चीनी सीमा से सटे राज्य उत्तराखंड के स्कूलों में भी पढ़ाया जाने लगा है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। जिसके तहत उत्तराखंड राज्य के पंद्रह सरकारी स्कूलों के 11 वीं और बारहवीं कक्षा के करीब ढाई सौ बच्चों को चीनी भाषा पढ़ाई जा रही है। इस पहल का मकसद स्कूली छात्रों को मंदारिन भाषा से लैस करना है। इसकी बड़ी वजह यह है कि वैश्विक बाजार में चीन की हिस्सेदारी बढ़ती चली गई है। इतना ही नहीं, चीन आज विश्व की नंबर दो आर्थिक महाशक्ति हो चुका है। इस वजह से चीनी संस्कृति और भाषा के साथ ही आर्थिकी की ओर दुनिया हाथ बढ़ा रही है। इसके लिए चीनी भाषा के कुशल लोगों की वैश्वक स्तर पर जरूरत बढ़ रही है। चीन की कंपनियों और बाजार से संपर्क अंग्रेजी के जरिए भले ही हो जाए,लेकिन वहां की असल जरूरत और समस्या को उसी की भाषा में ही समझा और जाना जा सकता है। इसीलिए चीनी भाषा को लेकर दुनिया भर में उत्सुकता बढ़ी है। उत्तराखंड भी इसी वजह से अपने छात्रों को चीनी भाषा सिखा रहा है।

उत्तराखंड राज्य के पीएमश्री विद्यालयों में जारी इस परियोजना की नींव पौड़ी गढ़वाल के डीएम आशीष चौहान ने 2023 में रखी थी। बच्चों को मंदारिन पढ़ाने का विचार साल 2021 में तत्कालीन भारतीय सेनाओं के चीफ ऑफ स्टॉफ जनरल बिपिन रावत और दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल के बीच चर्चा के बाद आया था। दून विश्वविद्यालय के चीनी अध्ययन विभाग के अध्यक्ष शैंकी चंद्रा के अनुसार, अभी यह परियोजना ऑनलाइन चलाई जा रही है, क्योंकि विश्वविद्यालय के पास अभी फिजिकल क्लास के लिए जरूरी संसाधनों की कमी है।

परियोजना के संचालकों के अनुसार, 'मंदारिन सीखने से वैश्विक स्तर पर नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसकी वजह यह है कि चीन अब भी भारत के सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में एक है। बारहवीं पास कर चुके तीन छात्रों को मंदारिन की वजह से ही पिछले साल भारत के कुछ पड़ोसी देशों में ऊंचे वेतन पर नौकरियां मिल चुकीं हैं। वैसे भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ ही चीनी बाजार और कंपनियों के साथ काम करने वाली भारतीय कंपनियों में भी चीनी भाषा जानने वालों की मांग बढ़ी है। चीनी पर्यटकों के साथ काम करने वाले भारतीय होटलों और पर्यटन उद्योग को भी चीनी दुभाषियों की जरूरत बढ़ रही है। लिहाजा इन क्षेत्रों में भी चीनी भाषा के जानकारों की मांग बढ़ी है। एक कहावत है कि आप सबकुछ बदल सकते हैं, पड़ोसी नहीं। चीन भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी है। लिहाजा इस वजह से भी जरूरी है कि चीन की भाषा सीखी जाए। यह सोच भारतीय समाज में भी बढ़ रही है।

भारत और चीन कई अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से एक-दूसरे के सहयोगी है। भारत-चीन आर्थिक और वाणिज्यिक व्यापारिक संबंध कई प्लेटफार्मों के जरिए बन रहे हैं। आर्थिक संबंध, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर संयुक्त समूह, सामरिक आर्थिक वार्ता, चीन का विकास अनुसंधान केंद्र, भारत-चीन वित्तीय वार्ता और अन्य संस्थागत तंत्रों के जरिए भारत और चीन के बीच संवाद और कारोबारी-बौद्धिक रिश्ते हैं। इसके साथ ही दोनों देश अंतरराष्ट्रीय संगठन ब्रिक्स के सक्रिय साझेदार हैं। इतना ही नहीं, चीन की करीब 150 से अधिक कंपनियां भारत में कारोबार कर रही हैं। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में दोनों देशों का कारोबार आसमान छू रहा है। कई चीनी कंपनियां मशीनरी, बुनियादी ढांचे के निर्माण, आईटी और हार्डवेयर विनिर्माण, मोबाइल हैंडसेट, इलेक्ट्रॉनिक और बिजली क्षेत्र में ईपीसी परियोजनाओं में शामिल हैं। इसके साथ ही चीनी मोबाइल हैंडसेट कंपनियां ओप्पो, वीवो, श्याओमी, वन प्लस आदि भारतीय मोबाइल हैंडसेट बाजार के लगभग सत्तर फीसद हिस्से पर काबिज हैं। इस वजह से भी चीनी भाषा की भारत में पूछ बढ़ रही है और वह जरूरत भी बनती जा रही है। चीन में सक्रिय भारतीय कंपनियों के लिए भी चीनी कंटेंट लेखकों और दुभाषियों की जरूरत बढ़ रही है। यही वजह है कि मंदारिन को लेकर भारत में भी जड़ता टूट रही है।


**- लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं**

# मोहम्मद यूनुस का मुस्लिम कट्टरपंथियों संग खतरनाक खेल

## मजबूत हो रहा आईएसआईएस बांग्लादेश, भारत है दुश्मन

ढाका

बीते साल अगस्त में एक हिंसक आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार के पतन और उनके देश छोड़कर भागने के बाद बांग्लादेश कट्टरपंथी इस्लामिक समूहों के साथ ही आतंकवादी संगठनों का घर बनता जा रहा है। शेख हसीना के बाद गठित मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने कट्टरपंथियों को खुली छूट दे रखी है, जो न केवल क्षेत्रीय, बल्कि वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन रहे रहे हैं। मोहम्मद यूनुस के राज में मिली ढील के चलते ही अगस्त के बाद से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर बड़े पैमाने पर हमले शुरू हुए थे, जो अभी तक जारी हैं।



बांग्लादेश के इन कट्टरपंथी इस्लामी समूहों ने राजनीतिक विरोधियों को चुन-चुनकर निशाना बनाया है। इन संगठनों के पाकिस्तान और वैश्विक आतंकवादी नेटवर्क के साथ नजदीक संबंध हैं। इन्हीं संगठनों में शामिल है, आईएसआईएस-बांग्लादेश, जिसे इस्लामिक स्टेट की शाखा या सहयोगी माना जाता है। यह मुख्य रूप से बांग्लादेश में काम करता है। यह कट्टर रूप से शरिया कानून से शासित इस्लामिक राज्य की स्थापना की वकालत करता है।

आईएसआईएस-बांग्लादेश को आधिकारिक तौर पर एक स्वतंत्र आईएसआईएस प्रांत के रूप में मान्यता नहीं दी गई है। ऐसे में यह वैश्विक आईएसआईएस के आतंकी नेटवर्क से करीब से जुड़ा हुआ है। माना जाता है कि ढ्डस्ढ्ढस्- बांग्लादेश 2014 के आसपास उभरा था, जब इराक और सीरिया में इस्लामिक स्टेट के कारनामों ने वैश्विक ध्यान आकर्षित करना शुरू किया था। उसी समय संगठन ने स्थानीय कट्टरपंथी समूहों की सरकार के खिलाफ नाराजगी का फायदा उठाया और बांग्लादेश में आतंकियों की भर्ती की। बांग्लादेश में इसकी उपस्थिति का पहला संकेत 2015 में आया, जब ढाका में इतालवी और जापानी नागरिकों पर हमला हुआ। समूह ने बाद में धर्मनिरपेक्ष ब्लॉगर्स और धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर सुर्खियां बटोरीं। वर्तमान में यह बांग्लादेश के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। हालांकि, हाल के वर्षों में शेख हसीना सरकार के दौरान आतंकवाद विरोधी अभियानों में वृद्धि के कारण इसकी गतिविधियां कम हो गई थी, लेकिन वर्तमान अस्थिरता के दौर में यह समूह महत्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है।

आईएसआईएस-बांग्लादेश जेहाद को धार्मिक कर्तव्य के रूप में देखता है। इसका उद्देश्य शिया मुसलमानों और हिंदुओं समेत दूसरे धर्मों के मानने वालों को खत्म करना है। यह समूह कट्टर रूप से पश्चिम और भारतीय विरोधी है। इसका मानना है कि पश्चिम और भारत इस्लाम के दुश्मन हैं। यह समूह बांग्लादेशी सरकार के पश्चिम और भारत के साथ संबंधों का विरोध करता है।

साल 2015 में इस समूह ने ढाका की शिया मस्जिद में हमले की जिम्मेदारी ली। इसके साथ ही इस्लाम की आलोचना करने वाले ब्लॉगर्स और कार्यकर्ताओं की हत्या समेत कई हाई-प्रोफाइल हमलों की जिम्मेदारी ली। 1 जुलाई 2016 को ढाका कैफे हमला आईएसआईएस-बाग्लादेश के सबसे कुख्यात कारनामों में से एक था। इसमें 22 लोग मारे गए थे, जिसने समूह की बढ़ती क्षमता को उजागर किया। अगले दो सालों तक समूह ने धार्मिक अल्पसंख्यकों और चर्चित धर्मनिरपेक्ष ब्लॉगर्स के खिलाफ हमले जारी रखे।

साल 2019 में बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार के आदेश पर सुरक्षा बलों ने आईएसआईएस-बांग्लादेश के खिलाफ अभियान तेज किया। इस दौरान इसके कई सदस्य मारे गए या उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। समूह को बड़ा झटका तब लगा, जब इसके नेता जियाउल हक को 2019 में आतंकवाद विरोधी छापे में मार दिया गया। वर्तमान में समूह की स्थिति कमजोर है, लेकिन इसने विचारधारा का प्रचार करने और नए सदस्यों की भर्ती करने के लिए सोशल मीडिया और एंक्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करना जारी रखा है।

# मिस्र ने चीन संग युद्धाभ्यास में उतारा मिग-29 जेट, भारत से किया विश्वासघात

काहिरा

मिस्र और चीन के बीच शुरू हुए युद्धाभ्यास में जिसका डर था, वही हुआ। मिस्र ने भारत से दोस्ती को नजरअंदाज करते हुए चीन के साथ अपने इस व्यापक युद्धाभ्यास में रूस से खरीदे गए मिग-29 फाइटर जेट को उतार दिया। मिस्र की वायुसेना के पास अमेरिका से खरीदा गया एफ-16 और फ्रांस से लिया गया राफेल फाइटर जेट है लेकिन उसने चीन के साथ अभ्यास में मिग-29 को उतारा। यह वही मिग-29 फाइटर जेट है जिसे भारतीय वायुसेना और नौसेना दोनों ने खरीदा है। विश्लेषकों का कहना है कि मिस्र का मिग 29एम/एम2 और भारत का मिग 29यूटीसी ताकत में लगभग एक जैसे हैं। इससे अब चीन की वायुसेना को मिस्र के रास्ते भारतीय वायुसेना के बेहतरीन फाइटर जेट की खूबियां और कमियां पता लग जाएंगी। इससे चीन की सेना आसानी से मिग-29 को भविष्य में निशाना बना सकेगी। खबरों के मुताबिक चीन ने मिस्र के साथ इस अभ्यास को कई उद्देश्यों को पूरा करने के लिए शुरू किया है। चीन को जहां मिग-29 की जानकारी मिल रही है, वहीं इसके जरिए वह अफ्रीका में अपने प्रभाव को बढ़ाना चाहता है। अफ्रीका इस समय महाशक्तियों के बीच नया अखाड़ा बन गया है। चीन, रूस, फ्रांस, तुर्की, भारत और अमेरिका सभी इस इलाके में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। गाजा युद्ध के बीच चीन ने इस अभ्यास के जरिए अमेरिका, इजरायल और खाड़ी के मुस्लिम देशों को भी संदेश दिया है।



इस अभ्यास में चीन ने अपने जे-10 सी विमानों को उतारा है जिसे उसने पाकिस्तान को बेचा है। अब चीन चाहता है कि इसे खाड़ी के मुस्लिम देशों और अफ्रीका में बेचा जाए। ईगल ऑफ सिवलाइजेशन 2025 अभ्यास के जरिए चीन मिस्र को जे 10 फाइटर जेट को बेचना चाहता है। इस अभ्यास में चीन ने हवा में तेल भरने के लिए वाई-20 रिफ्यूलर, केजे-500 अवाक्स विमान को भी उतारा है। दावा किया जा रहा है कि गाजा युद्ध को लेकर मिस्र अमेरिका से दूरी बना रहा है और चीन का जे-10 सी फाइटर जेट खरीद सकता है।

यह अभ्यास रविवार को शुरू हुआ और मध्य मई तक चलेगा। अभ्यास स्वेज नहर से 60 मील की दूरी पर किया जा रहा है। चीन ने इतने सारे प्लेन और सपोर्ट उपकरण तथा सैनिकों को 6000 किमी दूर भेजकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया है। वॉर जोन की रिपोर्ट के मुताबिक इस अभ्यास के जरिए चीन ने मिग 29 जैसे नए फाइटर जेट से जंग लड़ने की ट्रेनिंग लेना चाहता है। यह रूसी फाइटर जेट अभी भारतीय वायुसेना और नौसेना की जान है। मिस्र भारत से दोस्ती का दावा करता है। मिस्र के राष्ट्रपति भारत के राजकीय दौरे पर भी आ चुके हैं लेकिन उनकी इस चाल से भारत संग दोस्ती को बड़ा झटका लगा है।

# विकसित भारत की यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशन : सीतारमण



**सैन फ्रांसिस्को (वार्ता)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की भारत की यात्रा केवल एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और नवाचार-आधारित विकास के लिए एक साझा राष्ट्रीय मिशन है। श्रीमती सीतारमण ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम में कहा कि महामारी के झटके और बैंकिंग संकट के बावजूद, पिछले दशक में हमारी प्रगति, मजबूत मैक्रोइकॉनोमिक बुनियादी बातों तथा स्थिर सुधारों पर आधारित है, जो हमें आगे की राह के लिए आत्मविश्वास और दिशा देती है। नतीजतन, भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जो हमारी बढ़ती ताकत एवं वैश्विक प्रासंगिकता का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि अगले दो दशकों में, भारत की विकास गति को बनाए रखने के लिए साहसिक सुधारों, मजबूत घरेलू क्षमताओं, नए संस्थागत साझेदारियों और उभरते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल अनुकूली रणनीतियों पर आधारित एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पिछले दो केंद्रीय बजटों ने एक स्पष्ट बहुक्षेत्रीय नीति एजेंडे के साथ इस परिवर्तन की नींव रखी है। पिछले दशक में, बुनियादी ढांचे के विकास पर महत्वपूर्ण जोर ने निवेशकों के विश्वास को मजबूत करके विनिर्माण-आधारित विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। उन्होंने कहा कि यह 2017-18 और 2025-26 के बजट के बीच केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में चार गुना से अधिक की वृद्धि से संभव हुआ है। इंडियास्पोरा और बीसीजी की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि पहली पीढ़ी के भारतीय प्रवासियों ने 2018 और 2023 के बीच 72 यूनिकॉर्न की स्थापना की। इन यूनिकॉर्न का मूल्यांकन कम से कम 195 अरब डॉलर था और इनमें लगभग 55,000 लोग कार्यरत थे। भारत में 65 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों का मुख्यालय अमेरिका में है। ये जीसीसी अनुसंधान एवं विकास, प्रबंधन परामर्श और लेखा परीक्षा जैसे क्षेत्रों में उच्च-मूल्य-वर्धित, कस्टम सेवाएं प्रदान करते हैं। वहीं अमेरिका एक परिपक्व स्टार्ट-अप हब है जो 50-60 वर्षों में विकसित हुआ है, भारत की स्टार्ट-अप यात्रा अभी शुरुआती दौर में है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि पिछले दशक के दौरान, सरकार का ध्यान विनियामक और अवसंरचनात्मक बाधाओं को दूर करके उद्यमशीलता के जोखिम उठाने की लागत को कम करने पर था। पिछले दशक में, हमने संरचनात्मक सुधार किए हैं, 20,000 से अधिक अनुपालनों को युक्तिसंगत बनाया है, व्यावसायिक कानूनों को अपराधमुक्त किया है और सार्वजनिक सेवाओं का डिजिटलीकरण किया है।

# बिहार में मुख्यमंत्री पद की वैकेंसी नहीं : जीतनराम

गया, (वार्ता)

केंद्रीय मंत्री एवं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतनराम मांझी ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है।

श्री मांझी ने यहां खरखुरा मुहल्ले में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह के दौरान श्री यादव पर हमला बोला और कहा वह इंडिया गठबंधन के संयोजक हो सकते हैं लेकिन मुख्यमंत्री के दावेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का लगातार विकास हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 225 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। केंद्रीय मंत्री ने



वक्फ संशोधन कानून पर स्पष्ट किया कि उन्हें इस कानून के उस प्रावधान पर आपत्ति है, जिसमें गैर मुस्लिमों के प्रवेश की बात है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि जब हिंदू मठों में गैर हिंदू नहीं हो सकते तो फिर मुस्लिम संस्थानों में गैर मुस्लिम क्यों। उन्होंने कहा, हम इसके खिलाफ अंतिम सांस तक लड़ेंगे। सरकार से भी कहेंगे कि यह एकतरफा है और इसे संशोधित किया जाना चाहिए। श्री मांझी ने कॉमन स्कूलिंग सिस्टम प्रणाली पर भी सरकार की मंशा को लेकर सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि न तो पिछली सरकारों में हिम्मत थी और न ही मौजूदा सरकार में है। आखिर किससे डर कर समान स्कूलिंग प्रणाली लागू नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीयत में ही खोट है इसीलिए समान शिक्षा का सपना अब तक अधूरा है। पूरे देश में एक समान शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। हम के संरक्षक ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर सिंह को भी नसीहत देते हुए कहा, वह विद्वान जरूर हैं लेकिन हमारे बारे में जो कहा, उसे वह या तो सुधार लें या हम उसे स्पष्ट करें। हम मंदिर-मस्जिद में पूजा करने नहीं बल्कि भावनाओं का सम्मान करने जाते हैं।

# बिजली की कटौती से दिल्ली के लोग परेशान : आतिशी

नयी दिल्ली (वार्ता)



आम आदमी पार्टी ने कहा कि इस तपती गर्मी में यहाँ के अलग अलग हिस्सों में रात में घंटों बिजली की कटौती से लोग परेशान हैं और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ल वासियों का मजाक उड़ा रही है।


दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आज एक वीडियो जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से दिल्लीवालों का मजाक बनाने के बजाय बिजली कटौती की समस्या का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि, बिजली कटौती से दिल्लीवाले परेशान है। 40 डिग्री की तपती गर्मी में दिल्ली के अलग अलग हिस्सों में रात में घंटों लंबे पावरकट लगे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कहना है-दिल्ली में कहीं पॉवरकट नहीं हुए, लोग खुद अपनी लाइटें बंद करके कैंडल लाइट डिनर कर रहे है। सुश्री आतिशी ने मुख्यमंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि, क्या सोशल मीडिया पर सभी दिल्लीवाले झूठ बोल रहे है? क्या सभी ने कैंडल लाइट डिनर करने के लिए अपने घरों में लाइट बंद कर मोमबत्ती जला ली है? उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों का मज़ाक न उड़ाये; लोग बहुत परेशान है, उनकी बिजली कटौती की समस्या का समाधान करें।

उन्होंने कहा कि, कल दिल्ली में 40 डिग्री सेल्सियस तापमान था। बहुत ज़्यादा गर्मी थी। रात के समय भी तापमान बहुत ज़्यादा था। इतनी गर्मी में यदि बिजली चली जाए तो बहुत मुश्किलें होती है बावजूद इसके कल दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों के लंबे-लंबे पावरकट हुए।

# भारत से कारोबार कर ही अर्थव्यवस्था बचा सकता है पाकिस्तान

इस्लामाबाद

टैरिफ युद्ध, टेक्नोलॉजी को लेकर लगी रेस और लगातार बदलते गठबंधन के बीच चीन और अमेरिका के बीच जारी वैश्विक प्रतिस्पर्धा एक नये ग्लोबर ऑर्डर को आकार दे रही है। लिहाजा दुनिया एक नये शीत युद्ध में प्रवेश कर चुकी है, जिसमें आर्थिक स्थिति और इनोवेशन के आधार पर नेतृत्व हासिल करने की रेस लगी है। इस चौराहे पर भारत अपने विशालकाय बाजार और आर्थिक सुधारों का फायदा उठाकार दुनिया में अपनी ताकत बढ़ा रहा है, जबकि पाकिस्तान आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। पाकिस्तान इस व्यापार और टेक्नोलॉजी की दुनिया में अभी भी अपनी स्थिति को तलाश रहा है। पाकिस्तान के सिटीग्रुप के पूर्व प्रमुख और %द गेदरिंग स्टॉर्म% जैसी किताब लिखने वाले यूसुफ नजर ने डॉन में एक लेख लिखकर साफ शब्दों में इशारा किया है कि आधुनिक दुनिया में भारत जैसे देश एक नये ग्लोबल ऑर्डर का निर्माण कर रहे हैं, जबकि पाकिस्तान की औकात दो कौड़ी की भी नहीं बची है। उन्होंने लिखा है कि अमेरिका के टैरिफ युद्ध से साफ हो गया है कि ग्लोबलाइजेशन अब आखिरी सांस ले रहा है। अमेरिका चीन टैरिफ युद्ध, अमेरिका और यूरोपीय संघ व्यापार तनाव, अमेरिकी सरकारी बॉन्ड बाजार में अभूतपूर्व कदम और चीन की दुर्लभ खनिज संपदाओं पर प्रतिबंध... ये सिर्फ व्यापार युद्ध नहीं है, बल्कि एक गहरे आर्थिक अव्यवस्था की तरफ इशारा करते हैं, जिसमें छोटे देशों को अस्तित्व को बचाने के लिए काफी गहराई से रणनीति बनाने की जरूरत है। पाकिस्तानी



एक्सपर्ट ने लिखा है कि ट्रंप के टैरिफ युद्ध को काउंटर करने के लिए चीन ने दुर्लभ खनिज पदार्थों का निर्यात रोक दिया है, जिससे अमेरिका में कार बाजार, हथियारों का निर्माण और सेमीकंडक्टर सेक्टर पर असर होगा। लिहाजा अर्थशास्त्री लॉरेंस समर्स ने चेतावनी दी है कि टैरिफ-युद्ध अराजकता से आर्थिक अस्थिरता का जोखिम है। चीन ने अमेरिकी एयरलाइंस से चीनी कंपनियों को विमान खरीदने से रोक दिया है, जिससे बोइंग को गहरा धक्का लगा है। लेकिन पाकिस्तानी एक्सपर्ट ने लिखा है कि इस उथल-पुथल के बीच भी भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। अमेरिका-चीन युद्ध ने मल्टीनेशनल कंपनियों की सप्लाई चेन को चीन से बाहर निकलने के लिए दबाव बनाया है, भारत ने एप्पल जैसी दिग्गज कंपनियों को लुभाया है। भारत के टेक सेक्टर में अमेरिका का निवेश और बढ़ गया है, जो इस साझेदारी को और मजबूत करता है। वित्त वर्ष 24 में चीन के साथ भारत का व्यापार 118.4 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो निर्यात (.16.67 बिलियन) की तुलना में आयात (.101.7 बिलियन) की ओर झुका हुआ था, जो भारत के लिए एक मुश्किल बना रहा था। लेकिन अब चीन ने भी भारत को व्यापार घाटे को संतुलित करने का ऑफर दे दिया है, जो दिल्ली के लिए एक शानदार बात है। यूसुफ नजर ने पाकिस्तान की इकोनॉमी के ध्वस्त होने का खतरा जताया है और लिखा है किभारत के साथ व्यापार, पाकिस्तान को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। भारत के साथ खुली सीमाएं, पाकिस्तान के कपड़ा, सीमेंट और कृषि को पुनर्जीवित कर सकती हैं, भारत के अरबों डॉलर के बाजार से पाकिस्तान जबरदस्त फायदा उठा सकता है और चीन पर अपनी निर्भरता कम कर सकता है। वाघा-अटारी व्यापार का विस्तार करने जैसी पिछली बातचीत अविश्वास के कारण रुकी हुई थी। लेकिन पाकिस्तान को भारत से बातचीत करनी चाहिए, कारोबार शुरू करने पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और ये एक रास्ता है, जिसपर चलकर फिलहाल पाकिस्तान अपनी अर्थव्यवस्था को बचा सकता है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन



# मुझे खुशी है कि मुझे ठगलाइफ में अभिनय और निर्माण का मौका मिला : कमल हासन

दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार और फिल्म निर्माता कमल हासन ने कहा कि उन्हें इस बात की बेहद खुशी है कि उन्हें फिल्म ठग लाइफ में अभिनय और इसके निर्माण का मौका मिला है। कमल हासन ने वर्ष 1987 में प्रदर्शित फिल्म मणिरत्नम की फिल्म नायकन में काम किया था। वहीं 37 साल बाद यह जोड़ी फिल्म ठग लाइफ में काम कर रही है।कमल हासन ने ठग लाइफ की कहानी मणिरत्नम के साथ मिलकर लिखी है। कमल हासन ने ठग लाइफ का निर्माण भी किया है।हाल ही में फिल्म ठग लाइफ का पहला गाना जिंगुचा रिलीज हो गया है।इस दौरान कमल हासन ने कहा,मुझे गर्व है कि यह राजकमल के लिए मणिरत्नम की पहली फिल्म है। मुझे इसे बनाने के लिए महेंद्रन का शुक्रिया अदा करना चाहिए। कमल हासन ने कहा, ठग लाइफ सिनेमाघरों में अच्छी चलेगी।यह प्यार से की गई मेहनत है। ठग लाइफ़ समझदार दर्शकों के लिए बहुत प्यार से बनाई गई थी। आप जो भी चाहते हैं, वह सब वहां होगा, लेकिन एक अलग तरीके से। हमने बस मणिरत्नम के हाथ मजबूत किए और उनका समर्थन किया। ठग लाइफ एक ऐसी फिल्म है जिसे मैं देखना चाहता हूं... और मुझे खुशी है कि मुझे इसमें अभिनय और निर्माण का मौका मिला। कमल हासन ने कहा,आलोचनाएं तो होती रहेंगी लेकिन सिनेमा आगे बढ़ता रहेगा। इसकी रफ्तार जरूर धीमी है। इतनी धीमी कि जो बात हमने 35 साल पहले सोची थी, उस पर अब फिल्म रिलीज करने जा रहे हैं। मैंने और मणिरत्नम ने जो भी चर्चाएं की हैं, उन पर अब तक सिर्फ 25 फीसदी अमल ही हो सका है। हमें अभी साथ में और भी न जाने कितना काम करना है। हम सब सीख रहे हैं। मैं तो रोज ही कुछ नया सीखता हूं और कुछ पुराना भूलता भी हूं। मेरा मानना है कि सीखते रहने से ही समय के साथ कदमताल कर सकते हैं।

# जान्हवी ने सिद्धार्थ से स्कूटी चलानी सीखी



जान्हवी कपूर ने अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा से स्कूटी चलानी सीखी है। जान्हवी कपूर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आ रही हैं।जान्हवी कपूर ,सिद्धार्थ मल्होत्रा से स्कूटी चलाना सीख रही हैं। इन तस्वीरों के साथ जान्हवी ने कैप्शन में लिखा, परम को बहुत अच्छा लगता है जब मैं उसे घुमाने ले जाती हूं। जान्हवी की सिद्धार्थ के साथ इन तस्वीरों पर मैडॉक फिल्म्स ने लिखा, सुन्दर जोड़ी गोल। गौरतलब है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर जल्द ही मैडॉक फिल्मस के बैनर तले बन रही फिल्म परम सुंदरी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजन कर रहे हैं, जबकि निर्देशन तुषार जलोटा कर रहे हैं। यह फिल्म 25 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा परम के किरदार में नजर आएंगे जबकि जान्हवी कपूर सुंदरी का रोल निभाएंगी।

## सिद्धांत ने टीवी विज्ञापन में एक नए ट्रैक को अपनी आवाज़ दी



सिद्धांत चतुर्वेदी ने टीवी विज्ञापन में एक नए ट्रैक को अपनी आवाज़ दी है। सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे की वायरल हुई बीच फोटो ने प्रशंसकों को उत्सुकता से भर दिया था ,और अब सस्पेंस खत्म हो गया है। यह जोड़ी गहराइयां और खो गए हम कहां के बाद एक लगेज ब्रांड के लिए एक मजेदार और जीवंत टीवी विज्ञापन के लिए फिर से साथ आई है, लेकिन जो बात सबसे अलग है, वह है सिद्धांत की दिल को छू लेने वाली आवाज़ जो विज्ञापन के आकर्षक साउंडट्रैक को शक्ति प्रदान करती है। एक स्वप्निल समुद्र तट की पृष्ठभूमि पर सेट किए गए विज्ञापन में सिद्धांत और अनन्या को सहज केमिस्ट्री के साथ नाचते, हंसते और ताल पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। चाहे वह शरारती मुस्कान के साथ गा रहे हों या रेत पर नंगे पांव नाच रहे हों, सिद्धांत पूरी तरह से करिश्माई अंदाज में फ्रेम पर छा जाते हैं। सिद्धांत अगली बार त्रिप्ति डिमरी के साथ धड़क 2 में और विकास बहल की कॉमेडी दिल का दरवाज़ा खोल ना डार्लिंग में नज़र आएंगे।

# सेलिब्रिटी फ़ोटोग्राफर का किरदार निभायेंगे अली फ़ज़ल

अली फजल अपनी आने वाली फिल्म में सेलिब्रिटी फ़ोटोग्राफर (पैपराज़ी) का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड के सबसे बहुप्रतिभाशाली कलाकारों में से एक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कामयाबी हासिल कर चुके अली फज़ल अब अपने अगले प्रोजेक्ट में एक अनोखा किरदार निभाने जा रहे हैं। चर्चा है कि अली फजल इस बार एक सेलिब्रिटी फ़ोटोग्राफर की भूमिका में नज़र आएंगे, जो ग्लैमर वर्ल्ड की तेज़ रफ्तार और उथल-पुथल भरी दुनिया को दर्शाएगा। फिल्म की स्क्रिप्ट अब अपने आखिरी चरण में है और फाइनल ड्राफ्ट तैयार हो रहा है। माना जा रहा है कि अली जल्द ही इस किरदार की तैयारी भी शुरू कर देंगे। यह फिल्म एक डार्क ड्रामेडी होगी, जिसकी कहानी मुंबई की एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर आधारित है। अली फजल हमेशा से हटकर और अलग तरह के किरदार चुनते आए हैं और यह रोल भी कुछ ऐसा ही है। कहा जा रहा है कि यह फिल्म पैपाराज़ी संस्कृति के पीछे की असली सच्चाई को दिखाने की एक दिलचस्प कोशिश है। स्क्रिप्ट लगभग तैयार है और प्री-प्रोडक्शन कुछ महीनों में शुरू होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग 2025 के अंत तक शुरू हो सकती है।



# विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं कलेक्टर






**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की मौजूदगी में उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में विश्व वसुंधरा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। यहां बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने पक्षियों के लिए जल पात्र- सकोरे लगाये। कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, नाटक के माध्यम से जलवायु परिवर्तन आदि के बारे में बताया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने भाषण व चित्रकला आदि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मिशन लाइफ स्टाइल कार्यक्रम की शपथ भी दिलाई गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि बच्चों ने भाषण, पेंटिंग व पोस्टर के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त किया है। ये सभी विचार हमारे मन में होते हैं। हम सभी को पता है कि पानी का सदुपयोग नहीं हो रहा है और वायु को प्रदूषित कर रहे हैं। हम सबको मिलकर इसका समाधान करना चाहिये। हमें पर्यावरण के साथ जीना है, अत: इसे संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार एक पे?- मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। इस वर्ष भी राज्य शासन ने 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। इस अभियान के दौरान पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई व जीर्णोद्धार, नये जल संरचनाओं का निर्माण, संवाद के माध्यम से जल का सदुपयोग करने व दुरूपयोग को रोकने आदि जल संरक्षण व संवर्धन के लिए चर्चा करें और अपने जीवन में शामिल करें। इसके अलावा हमें बिजली का भी सदुपयोग करना चाहिये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि खेती में रासायनिक खादों का कम उपयोग करना चाहिये। यहां- वहां कचरा डालने से वायु व जल प्रदूषित होता है। इसके लिए हमें यहां- वहां कचरा नहीं फैलाना चाहिये। हमें कचरे उठाने वाली गा?ी का इंतजार करना चाहिये, जिससे यह कचरे का निपटान कर उसका सदुपयोग निर्माण कार्यों में किया जा सके। खेत में नरवाई/ पराली जलाने से रोकने के लिए जिला प्रशासन प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे घर की साफ- सफाई कोई और दूसरा आकर नहीं करता है, यह प्लेनेट भी हमारा ही घर है। धरती ने हम सभी को पर्याप्त जल, हवा और अन्न दिया है हम इस धरती का उपकार कभी नहीं चुका पायेंगे। आज के समय में हमने यदि जल संरक्षण व संवर्धन, साफ- सफाई और पौधे नहीं लगाये, तो आने वाली पी?ी के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण समय होगा। कार्यक्रम में प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय श्री जीएस पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। विश्व वसुंधरा दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय के अलावा, सीएम राइज स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, चांवरा विद्यापीठ नरसिंहपुर ने सहभागिता की। भाषण प्रतियोगिता में 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में चांवरपाठा विद्यापीठ की छात्रा तृषा कोष्टी प्रथम, उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा आराध्या मालवीय द्वितीय व चांवरा विद्यापीठ की छात्रा प्रमांशी कौरव तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में 57 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा समृद्धि नेमा प्रथम, दीक्षा बरक? द्वितीय व शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की छात्रा सृष्टि चौरसिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक श्री रामनरेश रावत ने मंच से क्विज प्रतियोगिता कराई। उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्लास्टिक और रसायन से होने वाले प्रदूषणों पर आधारित तथा केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर के विद्यार्थियों ने जल संरक्षण व संवर्धन पर आधारित नाटक का मंचन किया। इस अवसर पर मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा, मास्टर ट्रेनर पर्यावरण क्लब श्री आनंद नेमा, डॉ. अशोक उदेनिया, वरिष्ठ अध्यापक श्री बीएन पांडे, श्री रामदीन ठाकुर, समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शिवानी चौरसिया व श्री रूपेश भालसे और आभार श्रीमती गीता विश्वकर्मा ने व्यक्त किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

# विश्व पृथ्वी दिवस पर ग्राम पंचायत बसुरिया में आयोजित हुई जल संगोष्ठी

### जल संरचनाओं का निर्माण कर जल स्रोतों की हुई साफ-सफाई

**नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विश्व पृथ्वी दिवस पर मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में परिषद चीचली की नवांकुर संस्था हरदौल, जन सेवा समिति बसुरिया द्वारा जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बसुरिया में जल संगोष्ठी आयोजित हुई। इसके उपरांत जल संरचनाओं का निर्माण कर जल स्रोतों की साफ- सफाई की गई। जल संगोष्ठी के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान हम सभी को एक साथ जल संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य करने की जरूरत है, जिससे आने वाली पी?ी को जल सहजता से उपलब्धत हो सके। आज हम जल को सदुपयोग करेंगे तो कल हमें सहजता से पानी उपलब्ध होगा। हमें पुरानी जल संरचनाओं को भी सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। आज हम सब विश्व पृथ्वी दिवस मना रहे हैं, जो हमने भूमि से जल लिया है, अब उस जल को वापस करने का समय आ गया है। जल संगोष्ठी के उपरांत सभी की सहभागिता से जल संरचनाओं का निर्माण किया और पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई की। इस दौरान सभी ने जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ ली। इस अवसर पर सरपंच श्री कमलेश कुमार सिलोकिया, श्री मुकेश नगपुलिया, प्रस्फुटन समिति पलेरा के अध्यक्ष श्री लीलाधर लोधी, मप्र जनअभियान परिषद की संस्थाओं के पदाधिकारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।






## जनसुनवाई में आये 106 आवेदन

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 22 अप्रैल को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये।

# विश्व वसुंधरा दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**नरसिंहपुर।** विश्व वसुंधरा दिवस पर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगवानी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला गाडरवारा में विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगितायें आयोजित की गई। विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला, लघु नाटिका व रैली निकालकर नागरिकों को जल संरक्षण व संवर्धन, पौधरोपण सहित प्राकृतिक के संरक्षण का संदेश दिया। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगवानी में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित रचनात्मक पेंटिंग बनाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुरभि गोलहानी एवं कक्षा 10 वीं छात्रा महिमा ब्राम्हण, द्वितीय स्थान कक्षा 9 वीं की छात्रा खुशी जाटव और तृतीय स्थान कक्षा 11 वीं के छात्र निकिता लोधी व कक्षा 9 वीं के छात्र दशरथ ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्राचार्य फूलसिंह मेहरा द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री



मेहरा ने पृथ्वी संरक्षण, पौधरोपण, जल का संरक्षण व संवर्धन और प्लास्टिक का कम उपयोग करके पर्यावरण की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने प्रत्येक छात्र को एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने की बात कही। लघु नाटिका में निकिता लोधी, संध्या लोधी, हरिओम पटेल व और मोहित मेहरा प्रदूषण, वृक्षों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को दर्शाया। साथ ही पौधरोपण व स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ में चित्रकला, एकांकी कविता पाठ व शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर छात्रा मानसी लोधी, मुस्कान लोधी, रानी लोधी, सुहानी और अंकिता को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत किया शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला गाडरवारा में विश्व पृथ्वी दिवस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रैली एवं नाटिका का आयोजन किया गया।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर के सम्मान में विचार संगोष्ठी आज



**करेली।** नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाले पुरानी गल्ला मंडी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान में आयोजित गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन आज किया जाएगा। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी, विधायक विश्वनाथ सिंह, महेंद्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति ककोड़िया, कार्यक्रम अध्यक्ष जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक रहेंगे। जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को शाम 4 बजे से पुरानी गल्ला मंडी करेली में भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बाबा साहेब के विचारों से अवगत होते हुए उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण कर जीवन पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा प्राप्त होगी। उक्त कार्यक्रम में जिले में निवासरत जिले के समस्त सामाजिक बंधुओं, जनप्रतिनिधियों भाजपा पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों, प्रकोष्ठ संयोजकों, वार्ड पार्षद गणों जनपद सदस्यों सरपंचों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर खमरिया में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नरसिंहपुर।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विश्व पृथ्वी दिवस पर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने जल, पौधों, जीवन, जंगल, जमीन सहित जलचर, नभचर, थलचर के प्राणियों के कल्याण व सुरक्षा के लिए कार्यों व समस्याओं को रेखांकित करने वाली पेंटिंग बनाई। प्रतियोगिता के माध्यम से नागरिकों को जल के महत्व व उसके सदुपयोग करने, पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा, जैविक कृषि को ब?ावा देने आदि से संबंधित जागरूक किया। प्राचार्य ने बताया कि राज्य शासन जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। आज विश्व पृथ्वी दिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे विद्यार्थियों व शिक्षकों के माध्यम से लोगों में जागरूकता आयेगी और अभियान में जन सहभागिता सुनिश्चित हो सकेगी।

# आज से करेली में क्रिकेट महाकुंभ एनपीएल का आगाज

### स्व.उमाशंकर शर्मा कक्काजी स्मृति स्पर्धा

करेली।

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद द्वारा आयोजित स्व.उमाशंकर शर्मा कक्काजी की स्मृति में बुधवार शाम 23 अप्रैल से शुरू होने जा रहे क्रिकेट महाकुंभ का आगाज आईपीएल की तर्ज पर जिले की 16 टीमें करेगी। उद्घाटन मैच करेली इंडियन और शारदा क्रिकेट क्लब के मध्य होगा। वहीं प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला जीएमसीसी एवं करेली इंडियन के मध्य खेला जाएगा। जिले के प्रभावशाली एवं समृद्ध किसान रहे स्व. कक्का जी को याद करते हुए उनके सुपुत्र संजय शर्मा द्वारा पिछले 11 वर्षों से खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु पुरुष्कार दिए जाते है इस वर्ष भी ओपन टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम को 1 लाख की 21 हजार की राशि एवं उपविजेता टीम को 61 हजार की राशि वही एनपीएल सीजन 1 के विजेता को 51555 एवं उपविजेता को 27555 रुपए की राशि संजय शर्मा द्वारा दी जाएगी।



उक्त जानकारी आयोजन समिति से अमन खान ने दी। एनपीएल सीजन 1 में लगभग 270 खिलाड़ी और 16 टीमे अपना भाग्य आजमायेगी जिसमें जिले के चर्चित खिला?ियों पर जिलेवासियों की निगाहें रहेगी। इस सीजन में सबसे ज्यादा महंगे बिकने वाले स्टार प्लेयर साहिल बुंदेला, साहिल खान, सुमित कोटमबार, प्रतीक राजपूत, अभिषेक ठाकुर, शहबाज खान सचिन पटैल, मयंक सोनी, सौरभ, प्रदीप, वसीम, सौरभ रघुवंशी, रानू ठाकुर, अभिजीत सहित कई स्टार प्लेयर इस टूर्नामेंट में अपना प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा जिले के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति पूर्व विधायक सुनीता पटेल पूर्व विधायक सुनील जायसवाल पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत करेली नपा अध्यक्ष सुशीला ममार नरसिंहपुर नपा अध्यक्ष नीरज महाराज सहित कांग्रेस नेता देवेंद्र पटेल शैलेंद्र दीवान लाखन सिंह पटेल गौतम पटेल मनीष राय जिनेश जैन चंद्रशेखर साहू डॉ संजीव चंदोलकर नपा उपाध्यक्ष अनीता नेमा मैथिलीशरण तिवारी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संदीप पटेल प्रदीप रघुवंशी राजेंद्र रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को एवं पत्रकार बंधुओ गणमान्य नागरिकों खेलप्रेमियों को आमंत्रित किया गया है।

# 51वें सेन जन्मोत्सव 25 को आयोजन



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** सेन जागृति संघ के तत्वावधान में इस वर्ष सेन समाज के आराध्य देव सेन जी महाराज का जन्मोत्सव लगातार 51वें वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक गणमान्य व्यक्तियों, मातृशक्ति और युवा शक्ति बंधुओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन भोजराज सेठ की धर्मशाला में मुख्य अतिथि सविता जमना से एवं विशिष्ट अतिथि नीलम श्रीवास नायब तहसीलदार की उपस्थिति में किया जाएगा। 25 अप्रैल को सुबह 8.30 बजे झंडा चौक में भगवान सेन महाराज के चित्र पर पूजा अर्चना, आरती वंदना की जाएगी। इसके बाद शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी। इस भव्य समारोह में छात्र प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे के बीच भोजराज सेठ की धर्मशाला में आयोजित होगा। आयोजक समिति ने सभी सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## ग्रामीणों को बताया जल का महत्व

**नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विधायक श्री महेन्द्र नागेश गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भामा के ग्राम खुर्शीपार में प्राथमिक शाला में आयोजित जल संगोष्ठी में शामिल हुए। यह जल संगोष्ठी मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। संगोष्ठी में ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रेरित किया और जल का महत्व बताया। यहां आयोजित जल संगोष्ठी में ग्रामीणों को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। अभियान के दौरान जिले में खेत- तालाब व वर्षा जल को संचय करने के उद्देश्य से विभिन्न जल संरचनाओं का निर्माण, प्राचीन बाव?ियों की साफ- सफाई व जीर्णोद्धार, जल संरचनाओं की साफ- सफाई आदि कार्य किये जा रहे हैं।

# साईखेड़ा विकासखंड को मिली नई शिक्षा अधिकारी, सुश्री सीमा डोंगरे ने आज बीईओ कार्यालय में उपस्थिति दर्ज की

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

साईखेड़ा विकासखंड की नवनियुक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी (सहायक संचालक) सुश्री सीमा डोंगरे ने मंगलवार को गाडरवारा स्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालय स्टाफ से मुलाकात की।

इस अवसर पर उन्होंने विकासखंड के प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों- कर्मचारियों से भेंट की तथा शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रशासनिक कार्यों की जानकारी प्राप्त की। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर वर्तमान बीईओ प्रतुल इन्दुरख्या, बीआरसी संदीप स्थापक, प्राचार्य एस.के. मिश्रा, प्राचार्य सुशील शर्मा, प्राचार्य श्रीमति मुमताज



खान,प्राचार्य लेखा कौरव, चंद्रकांत साहू, अमित पटेल, हरिओम जाटव एवं आलोक सोनी,नवीन गुप्ता, कृष्ण कुमार पाठक,सहित कई शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।सुश्री डोंगरे ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारना एवं समय पर शिक्षकों की विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही उन्होंने टीम भावना से कार्य करते हुए छात्र हित में योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने पर बल दिया।प्राचार्य संघ की ओर से प्रतुल इन्दुरख्या एवं सुशील शर्मा ने नवागत सहायक संचालक को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ जिसमें सभी ने नवागत सहायक संचालक को शुभकामनाएँ दीं।

# बोतल व पाउच का पानी भी अमानक

## नहीं होती जांच, सेहत के लिए हानिकारक, कंपनियों से मिलीभगत, जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने



कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले के साथ ही स्वच्छ पेयजल की अनुप्लधता बढ़ गई है। मौके का फायदा उठाने विभिन्न कंपनियों ने अपने पेयजल प्रोडट बाजार में उतारने शुरू कर दिए है। पिछले एक पखवाड़े से पीने के पानी की डिमांड बढ़ी है। यही कारण है ये कंपनियां ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में प्रदूषित पानी बाजार में परोस रही है और लोग इन्हीं बोतलों में बन्द पानी मिनरल्स वाटर समझ कर पी रहे है। दिनों दिन बढ़ रहे इस कारोबार में अब दूषित पानी का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। जिसे लोग मिनरल्स पानी समझ पी रहे वो दरअशल बोरिंग का पानी है, जिसमे कंपनियां कुछ एसेस मिला कर बोतलों में कैद कर लोगो को पिला रही है, जिससे लोगो के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पनप रहा है। ऐसी बोतलों पाउच में पैकिंग की तारीख और उत्पादन की तारीख में भी काफी झोल नजर आता है। बाजार में महीनों पुरानी बोतलों और पाउच की भरमार हैं। पानी का करोबार दिनोंदिन अपने पैर पसारता जा रहा है। शहर में समय पहले तक पानी का करोबार करने वाली कंपनियों की संख्या जहां दर्जन भर भी नहीं थी।

***दुकानदारों को नहीं अमानक पानी की जानकारी***- हैरत की बात तो यह है कि इन पानी के पाउच पर स्पष्ट रूप से फॉर कुकिंग पर्पस लिखा दोने के बाद भी यह ड्रिंकिंग वाटल के रुप में बेचा जा रहा है। इस अमानक पानी की जानकारी शहर के दुकानदारों को वो नहीं है, लेकिन बैंकिग बैंकिंग करने वाली कंपनियों से मिलीभगत होने के कारण जिम्मेदार अधिकारी भी आख मुंद कर बैठे हैं।

### फैक्ट्री की जगह दुकानों से लेते रहे सैंपल

पैक पानी के इस अवैध कारोबार को बढ़ावा देने में सबसे बड़ा योगदान कहे या सहयोग खाद्य औषधी विभाग के अधिकारियों का ही है। ये अधिकारी दुकानों में सेंपल की कार्यवाही तो कर लेते है लेकिन कभी उस फैक्ट्री की जांच नही करते जहाँ से ये पानी आता है। पानी की ये बोतले पाउच स्टिकर, अन्य प्लास्टिक की सामग्री पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन रही है। लोग पानी पी कर कही भी पाउच और बोतले फेक देते है, इन्ही पाउचों को आवारा मवेशी खा लेते है जिससे उनकी मौत तक हो जाती है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का समय परिवर्तित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने तेज धूप की वजह से बड़ी गर्मी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य हित के मद्देनजर जिले के आँगनबाडी केन्द्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया है। कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार को जारी आदेश में वर्तमान समय में मौसम के तापमान मे हुई वृद्धि के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी आँगनबाड़ी केंद्र अब प्रात: 8 बजे से खुलेंगे और दोपहर 12 बजे तक बच्चों को छुट्टी दे दी जाएगी। जिले मे आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के समय में यह आंशिक परिवर्तन 30 जून तक की अवधि के लिए किया गया है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका को आंगनबाड़ी केन्द्रों मे निर्धारित समय प्रात: 8 बजे उपस्थित होकर दोपहर 3 बजे तक विभागीय गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा गृह भेंट, अभिलेखों का संधारण एवं अन्य गतिविधियां पूर्ववत रखने के निर्देश दिए है।

# नामांकन एवं मैपिंग करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करेगा शासकीय शिक्षक संगठन

कटनी (स्वतंत्रमत)



स्कूल शिक्षामंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह केबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा विगत दिवस कटनी प्रवास के दौरान बच्चों के नामांकन एवं मैपिंग के संबंध में जो लक्ष्य निर्धारण की बात व्यक्त की, उसके परिपालन में अपने संगठन के उददेश्य वाक्य प्रदेश में शिक्षा, शिक्षार्थी, शिक्षालय एवं शिक्षक का सर्वांगीण विकास के तहत अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए शासकीय शिक्षक संगठन जिला कटनी ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 में कक्षा 1 में 20 से अधिक छात्रों का नामांकन एवं मैपिंग करने वाले कटनी जिले के शासकीय विद्यालय के शिक्षकों के उत्साहवर्धन हेतु उनको सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया है। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए बतलाया कि संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य इस हेतु ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी अपने-अपने गृह क्षेत्र में अभिभावकों को बच्चों के शासकीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रेरित करते हुए ग्रीष्मावकाश के बाद जैसे ही विद्यालय प्रारंभ होंगे, तत्काल छात्रों को शासकीय विद्यालय में प्रवेश देने का कार्य करेंगे। संगठन ने इसके लिए अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों देवेंद्र तिवारी संयोजक, रजनीश तिवारी जिलाध्यक्ष, मनीष सिंह गौतम, अवधेश पांडे, शालिनी तिवारी, अनीता यादव, माधुरी तिवारी, अरुण सिंह परिहार, बालमुकुंद त्रिपाठी, अरुण दुबे, मनरमन पांडे, गंगाराम पटेल, चंद्रशेखर जायसवाल, अनिल परौहा, शैलेंद्र खम्परिया, राजाराम सोनकर, दीपक नामदेव को ब्लॉकवार जिम्मेदारी सौंपकर जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी कटनी एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के मार्गदर्शन में सत्र 2025-26 में संगठन का लक्ष्य शत प्रतिशत नामांकन का रखा है। संगठन उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में कटनी जिले के समस्त विकासखंड शिक्षाधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक से सतत संपर्क कर लक्ष्य प्राप्त करेगा।



## साहित्य की सेवा पर मिला सम्मान, पुस्तक मेले में समानित हुए सामाजिक संगठन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** स्थानीय साधुराम विद्यालय प्रांगण में गत 16 से 20 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेला के अंतिम दिन समापन समारोह के अवसर पर कटनी जिले की साहित्य संपदा का संकलन करने सहित ठा. जगमोहन सिंह एवं रायबहादुर हीरालाल के साहित्य को पुन: सामने लाने वाले इंटैक कटनी चेप्टर के राजेंद्र सिंह ठाकुर को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राव उदय प्रताप सिंह प्रभारी मंत्री तथा परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा शाल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 52 लाख की लागत से होगा नाला निर्माण कार्य

## विकास शुल्क जमा करनें हेतु पुनः आयोजित करें शिविर : महापौर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** महापौर प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार प्रात: इंदिरा गांधी वार्ड पहुंकर क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी के साथ बालाजी नगर, रामनगर एवं शिवनगर की गलियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ भ्रमण किया। इस दौरान महापौर ने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उनकी रोड नाली एवं विद्युत संबंधी समस्याएं जानी तथा उनके निराकरण करानें का आश्वासन भी दिया। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व सुभाष साहू, डॉ. रमेश सोनी पार्षद सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक पूर्व पार्षद संजीव सूरी क्षेत्रीय उपयंत्री अश्वनी पाण्डेय सहित निगम के अन्य अधिकारियों एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय रहवासियों द्वारा रोड नाली की निर्माण की मांग कराये जानें पर महापौर नें उपयंत्री अश्वनी पाण्डेय से जानकारी चाही गई जिस पर बताया गया कि अवैध कॉलोनी होनें के कारण स्थल पर विकास कार्यो को करानें में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शासन निर्देशानुसार अवैध कॉलोनियों के रह वासियों को निगम के माध्यम से सुविधांए प्रदान किये जाने हेतु पूर्व में शिविर आयोजित किये जाकर विकास शुल्क की जानकारी प्रदाय की जा चुकी है। विकास शुल्क जमा होनें के पश्चात शीघ्र ही विकास कार्य प्रारंभ करा दिये जाएगें। जिस पर महापौर प्रीति सूरी नें शीघ्र ही दुबारा शिविर आयोजित कर विकास शुल्क की राशि जमा करानें की सुविधा प्रदान के निर्देश दिए।



### 52 लाख की लागत से होगा नाला निर्माण

इंदिरा गांधी वार्ड पहुंची महापौर प्रीति संजीव सूरी ने जल निकासी की व्यवस्था हेतु शिव नगर में पुरवार स्कूल से दुर्गा मंदिर तक 52 लाख रुपए की लागत से निर्मित कराए जाने वाले वार्ड के मुख्य नाले के स्थल का निरीक्षण कर शेष आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए ताकि वर्षों में वार्ड में जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो। इस मुख्य नाले से वार्ड की गलियों की नालियों को जोड़कर वर्षा जल निकासी की सुविधा मिलेगी। महापौर नें जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में वार्ड में लगभग 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्य कराये जा चुके है। जो आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

### पानी निकासी की करें वैकल्पिक व्यवस्था

महापौर नें निरीक्षण के दौरान निगम के स्वास्थ्य अमले को इंदिरा गांधी वार्ड की बस्तियों से पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था दुरूस्त करानें के भी निर्देश दिए। वार्ड की सफाई व्यवस्था हेतु नियुक्त स्वच्छता दूतों की दौनों पालियों की जानकारी ली जाकर बस्तियों की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखनें के निर्देश दिए।

### विद्युत तारों को किया जाएगा व्यवस्थित

महापौर ने बालाजी नगर से पुरवार स्कूल पैदल होते हुए जैन नर्सरी मार्ग के पास अव्यवस्थित विद्युत लाइन का निरीक्षण कर नगर निगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की सामूहिक बैठक आयोजित कर इस समय का निराकरण कराने का आश्वाशन स्थानीय जनों को दिया।

### भोलेनाथ का लिया आशीर्वाद

महापौर ने निरीक्षण के दौरान स्थानीय शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मंदिर में सार्वजनिक नल कलेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की जिसका उपस्थित जनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

### इनकी रही मौजूदगी

निरीक्षण के दौरान स्थानीय वार्डवासी एडवोकेट संजय चौदहा, मनोज गौतम, आशीष बरसैंया, चक्रेश तिवारी, संतराम विश्वकर्मा, पवन तोमर, रोमी नायक, नीरज सेठिया, शरद यादव, के पी शिवहरे, अखिलेश चम्पुरिया, राजू मोर सहित अन्य स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी रही।

# शिक्षक के द्वारा छात्रों को शराब पिलाने पर बिफरी युकां एनएसयूआई

## फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

कटनी (स्वतंत्रमत)



विकास खंड बड़वारा अंतर्गत बरही के बालक विद्यालय के शिक्षक लाल सिंह द्वारा बच्चों को शराब का सेवन कराने वाले वीडियो पर बिफरी युवा कांग्रेस एनएसयूआई कटनी ने बड़वारा थाने के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस निंदनीय घटना ने राजनैतिक और सामाजिक आक्रोश को जन्म दिया है। बड़वारा युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने थाना तिराहे में घटना के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। मोहम्मद इसराइल ने बताया कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है, शिक्षित युवा नौकरी को दर बदर भटक रहा है, ऐसे में शिक्षक द्वारा ऐसा कृत किये जाने से समूचा शिक्षा जगत शर्मसार है। बड़वारा के गांव गांव में अवैध शराब बिक रही है वीडियो में देखे जाने वाली शराब भी कच्ची शराब दिखाई देती है, जिले में स्मैक, शराब, गांजा खुलेआम गली गली बिक रहा है एवं पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बने देख रहा है। प्रदेश एनएसयूआई सचिव अजय खटिक एवं छात्र नेता अवध यादव ने भाजपा सरकार को छात्र विरोधी सरकार बताया एवं नवीन शिक्षा नीति को पूरी तरह विफल बताया, स्कूल कालेजों में पर्याप्त स्टाफ की कमी है, नए कोर्स प्रारम्भ करने की ओर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। जिन्होंने ने बच्चों को बैठ कर शराब पिलाई ऐसे शिक्षक ने शिक्षक शब्द को कलंकित किया है। ग़ैरतलब है की शिक्षक का दारू परोसते का वीडियो वायरल होते ही युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंशु मिश्रा ने त्वरित कार्यवाही की माँग करते हुए बाल संरक्षण आयोग एवं पुलिस अधीक्षक कटनी से शिक्षक पर मामला पंजीबद्ध करने की मांग की थी, जिसके फलस्वरूप प्रशासन दबाव में आया एवं शिक्षक पर मुकदमा दर्ज किया। युवा कांग्रेस ने प्रशासन से अवैध शराब एवं अन्य पदार्थों के खुलेआम बिकने पर जल्द मुहिम चलाकर बड़ी कार्यवाही करने की मांग की जल्द ऐसा ना होने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी है। इनकी रही उपस्थिति राहुल चौधरी, अवधलाल यादव, ताहिर अंसारी, राजाराम पटेल, मंगल सिंह, पूरन सिंह, अजय सिंह, विजय चौधरी, साजनदार चौधरी, प्रीतम चौधरी, नागेंद्र चौधरी, दीपक चौधरी, शिवप्रसाद, अंकुश पाठकर, नितेश यादव, संजय यादव, सत्यम दुवेदी, सौरव पांडेय, गगन, अजय, राहुल, संदीप, अतुल, धनीराम, पवन साहू, सुनील चौधरी, राजू आदिवासी, दीपक सिंह, रम्मू कोल इत्यादि उपस्थित रहे।

# शिविर में ड्राइंग, पेंटिंग और स्केचिंग के गुर सीख रहे बच्चे

## बाबा ईश्वरशाह ने किया हरे माधव ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ

कटनी (स्वतंत्रमत)





सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब के आशीर्वाद से माधवनगर में हरे माधव रुहानी बालसंस्कार का पौधा रोपा गया, जो आज वटवृक्ष बन गया। 24 नगरों में हरे माधव रूहानी बालसंस्कार की कक्षाएं संचालित है, जहां 3 वर्ष से 15 वर्ष के बालक-बालिकाओं को व्यवहारिक ज्ञान, बौद्धिक ज्ञान, सामान्य ज्ञान, अनुशासन, शिष्टाचार, कम्प्यूटर, प्रेरक प्रसंगों, महापुरुषों के जीवन चरित्र, सफल लोगों के जीवन सूत्रों निज अनुभवों की शिक्षा के साथ ही बागवानी, वृक्षारोपण, साफ सफाई स्वच्छता, खेलकूद व्यायाम, योगाभ्यास, नाटक, सिमरन, ध्यान, सेवा, भजनगायन, नृत्य, एकांकी, हैंडक्राट, सिलाई कढ़ाई बुनाई आदि की शिक्षा के साथ एकांकी, कहानियों के माध्यम से एकता भाईचारे का पाठ सिखाया जाता है। हरेनारायण भवन में सतगुरु सांई ईश्वरशाह द्वारा हरे माधव बालका ग्रीष्म शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमे बच्चो के लिए ड्राइंग, पेंटिंग, स्केचिंग, फायरलेस कुकिंग, प्लैटिंग, रंगोली, गायन, संगीत वाद्ययंत्र का वादन-गायन, हरे माधव भजन योगा द्वारा नृत्य व्यायाम, चैस, फोनिक्स, क्रिलिंग, वैदिक मैथ्स, आर्ट क्राट्स, स्कैचिंग सेल्फ ग्रुमिंग एवं स्पोकन इंग्लिश, हैड एब्राइडरी, अबैक्स, फानिक्स, राईटिंग स्किल्स, वैदिक गणित अनुभवी प्रक्षिशित सेवादारों द्वारा बच्चो को बुनियादी प्रशिक्षण प्रतिदिन दिया जा रहा है।

## अखिल भारतीय दूढोमर वैश्य समाज द्वारा किया गया सम्मान

**कटनी।** अखिल भारतीय दूढोमर वैश्य समाज अंचल कटनी के तत्वावधान मैं बहोरीबन्द में स्थित निजी मैरिज गार्डन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के स्वजातीय बन्धु शामिल हुए आयोजन में प्रतिभावान छात्र छात्राओं के साथ बुजुर्गों का भी शॉल श्री फल देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम की शुरुआत देवी सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई भोज के साथ हुए सम्मान समारोह की सभी अतिथियों ने भूरी, भूरी प्रशंसा की कार्यक्रम के मुख्यातिथि अखिल भारतीय दूढोमर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में पाटन विधायक अजय विश्नोई, स्थानीय विधायक प्रणय पाण्डे, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टन्डन सोनी रहे। अध्यक्षता पूर्व विधायक सरोज बच्चन नायक ने की वहीं कार्यक्रम के संयोजक अंचल कटनी अध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता रहे। मंच संचालन धर्मेंद्र गुप्ता ने किया इनकी रही उपस्थित प्रकाश गुप्ता, पूर्व जनपद अध्यक्ष मधु बृजेश गुप्ता, सरपंच सुनील गुप्ता, सचिन गुप्ता, जबलपुर सुरेंद्र गुप्ता, मंजू नायक, रतन चंद्र गुप्ता, गणेश नारायण गुप्ता, मिथलेश गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, पंकज गुप्ता, परसोत्तम गुप्ता, अमित गुप्ता रहे।

# बुजुर्ग दंपति ने निभा दी साथ जीने-मरने की कसम

## फांसी लगाकर दुनियां से अलविदा

## शारीरिक कष्टों से थे परेशान

## मझगवां के ग्राम सिंघुली का वाक्या



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कहते हैं कि पति-पत्नी का रिश्ता सात जन्मों का होता है। दोनों अग्नि को साक्षी मानकर जीवन की आखिरी सांस तक एक दूसरे का साथ निभाने और साथ जीने मरने का वचन देते हैं। यह भी सच है कि जिंदगी और मौत का समय भी ऊपर वाला ही मुकर्रर करता है। ये पंक्तियां मझगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंघुली में चरितार्थ हो गई। लंबी आयु तक साथ निभाने के बाद 80 और 82 बरस के बुजुर्ग जोड़े ने एक साथ दुनियां को अलविदा कह दिया। साथ जीने की रस्म निभाने के बाद दोनों ने फांसी लगाकर साथ मरने की कसम भी पूरी कर ली। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बुजुर्ग दंपत्ति शारीरिक कष्टों से परेशान थे। इलाज से उनकी परेशानियों का निवारण न हो पाने के कारण दोनों ने एक साथ प्राण त्याग दिए। एक साथ सजी दोनों की चिता को देख ग्रामवासियों की आँखें नम हो गई। पुलिस के मुताबिक ग्राम सिंघुली निवासी विकल्प कुमार पटेल वर्तमान में एसडीओ पीएचई के पद पर कटनी जिले के स्लीमनाबाद में पदस्थ हैं। स्लीमनाबाद से प्रतिदिन अपने घर सिंघुली आते जाते है। रोज की तरह जब वे ड्यूटी जाने को तैयार हो रहे थे, तभी इस घटना की सूचना मिली। बताया जाता है कि उनके पिता की चाची पार्वती बाई पटैल का घर बस स्टेण्ड सिंघुली में है जो अपने पति राजकुमार एवं छोटे लडक़े धर्मेन्द्र पटेल, बहू प्रीति पटैल एवं बच्चों के साथ रहती थी। सुबह लगभग 8-15 उसके परिवार के चाचा संदीप पटैल ने घर आकर बताया कि छोटी दादी पार्वती पटैल एवं छोटे दादा राजकुमार पटैल दोनों घर मे बनी बेंटीलेटर में लायलोन की रस्सी बांधकर स्वंय के गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दादी पार्वती पटैल 80 वर्ष एवं छोटे दादा राजकुमार पटैल 82 वर्ष ने फांसी लगाकर मौत को गले लगाया। सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया तथा लोग घटनास्थल पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर कोई यही चर्चा कर रहा था कि बुजुर्ग दंपत्ति ने साथ जीने मरने का वादा निभा दिया।

***टीवी, हार्ट की बीमारी से थे परेशान***- बताया जाता है कि मृतक हार्ट की बीमार से परेशान था तो पत्नी हार्ट और टीवी की बीमार से ग्रस्त थी। दोनों ने बीमारी का इलाज कराया लेकिन आराम नहीं मिल रहा था। जांच में यह बात सामने आई कि पति-पत्नी ने बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की है।

***एक साथ हुआ अंतिम संस्कार***- प्यार की मिसाल कायम करने वाली इस जोड़ी की एक शवयात्रा निकाली गई। यह दृश्य देखने वालों की आँखें छलछला आई। अंतिम संस्कार भी एक ही चिता पर हुआ। बड़ी संख्या में मौजूद ग्राम वासियों ने दंपत्ति को आखिरी विदाई दी। दोनों की शवयात्रा साथ-साथ निकाली गई और दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ एक ही चिता पर किया गया।

# हैदराबाद पर जीत के इरादे से उतरेगी मुम्बई

**हैदराबाद।** आईपीएल में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का मुकबला मुम्बई इंडियंस से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। सनराइजर्स को हालांकि अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। मुम्बई इंडियंस लगातार दो मैच जीतकर अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि सनराइजर्स की टीम नौवे नंबर पर है। ऐसे में मुंबई का पलड़ा भारी नजर आता है क्योंकि पिछले दो मैच जीतने से उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। सनराइजर्स की ताकत उसकी बल्लेबाजी है और उसमें वह इस सत्र में असफल रही है जिसके कारण उनकी संभावनाएं कम हो गयी हैं। सात मैचों में दो जीत के बाद सनराइजर्स के लिए आगे की रहा भी कठिन है । उसके आक्रामक बल्लेबाज विफल रहे हैं इसके अलावा गेंदबाज भी लय में नहीं दिखे। सनराइजर्स को अब तक धीमी और टर्निंग पिचों पर दिक्कतें आई है। कप्तान पैट कमिंस की ये टीम पिछले दो मैच अपने घरेलू मैदान पर हारी है। वहीं



वानखेड़े स्टेडियम की कठिन पिच पर मुंबई ने उसे चार विकेट से हराया और इसी मैच में उसकी कमजोरियां उभर आयीं थीं। सनराइजर्स की ओर से रन बनाने की जिम्मेदारी सलामी जोड़ी अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड पर रहेगी।

पावरप्ले में उनका सफल रहना टीम के लिये जरूरी है। अभिषेक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ यहां पिछले मैच में 55 गेंद में 141 रन बनाए बनाकर अपनी क्षमता दिखायी थी पर हेड के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है। सनराइजर्स को अब उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ सनराइजर्स ने 24 में से 10 मैच जीते और 14 हारे हैं।

वहीं मुंबई इंडियंस के लिये अपने मैदान से बाहर अपने को आजमाने का और लय बनाए रखने का यह अच्छा अवसर है। इससे प्लेऑफ के लिए भी उसकी संभावनाएं बनेंगी। पिछले मैच में अनुभवी रोहित शर्मा के भी फार्म में आने से मुम्बई को लाभ होगा। इसके अलावा सूर्यकुमार यादव व तिलक वर्मा जैसे अच्छे बल्लेबाज उसके पास है। उसकी गेंदाज जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट पर आधारित रहेगी। वहीं मुम्बई के बल्लेबाजों का हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंट और मोहम्मद शमी से सावधान रहना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।



## मंधाना और बुमराह को विज्डन के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का सम्मान

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। वर्ष 2024 के लिए विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना है। जसप्रीत बुमराह को 2024 मे औसत 14.92 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्ड तोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने अकेले 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके। महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मधाना ने यह उपलब्धि दो बार पाने वाले पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। बीते वर्ष उन्होंने चार एकदिवसीय शतक और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट शतक (149 रन) बनाया था। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय में 747 रन के साथ-साथ टी-20 में 763 रन बनाकर शीर्ष पर रहीं। इसके अलावा मंधाना ने पिछले वर्ष रॉयल चैजेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अपने पहले महिला प्रीमियर लीग का खिताब जिताया था।

## क्रेक्स ने बनाया हरमनप्रीत कौर को ब्रांड एंबेसडर



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दुनिया के शीर्ष क्रिकेट विश्लेषण मंच क्रेक्स ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। क्रेक्स ने आज हरमनप्रीत को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने की घोषणा करते हुए कहा कि यह साझेदारी महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड द्वारा निरंतर प्रयास को दर्शाता है। साथी भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन के साथ, दो प्रसिद्ध खिलाड़ी मंच को व्यापक दर्शकों से जुड़ने में मदद करेंगे। क्रेक्स ऐप के जरिए क्रिकेट के सभी प्रारुपों टेस्ट, एकदिवसीय, टी-20 और यहां तक कि क्लब मैचों गेंद-दर-गेंद कमेंट्री, स्कोर, फिक्स्चर, टीम/खिलाड़ी रैंकिंग, समाचार और विस्तृत आँकड़े प्रशंसक प्राप्त कर सकते हैं। भारत की महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने पर कहा, मैं क्रेक्स के साथ साझेदारी करके रोमांचित हूँ, यह एक ऐसा मंच जो क्रिकेट के लिए मेरे जुनून को साझा करता है और महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। युवा लड़कियों को उनके क्रिकेट के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए क्रेक्स की प्रतिबद्धता को देखना प्रेरणादायक है। इस अवसर पर क्रेक्स के मुख्य रणनीति अधिकारी रजत वल्लभ ने कहा, क्रेक्स ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। यह अभियान महिला क्रिकेट के लिए और अधिक समर्थन बनाने, इसे आगे बढ़ाने, अधिक प्रशंसक बनाने और पुरुष क्रिकेट की तरह ही इसे उचित पहचान दिलाने की दिशा में एक कदम है।

### भारत ने आईएसएसएफ विश्व कप में जीते सात पदक

**लीमा(वार्ता)।** आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय निशानेबाजों ने दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल सात पदक जीते। भारतीय निशानेबाज सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक के साथ अपना पहला सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक जीता, वहीं पेरिस ओलंपिक की दोहरी पदक विजेता मनु भाकर टूर्नामेंट में सोमवार को 22 हिट्स के साथ चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं।

### आईपीएल ने भारत में क्रिकेट के प्रति जुनून को दी हवा

**लखनऊ (वार्ता)** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट के दीवाने देश भारत में क्रिकेट के प्रति जुनून को हवा दी है और दीवानगी का आलम यह है कि 47 फीसदी भारतीय दर्शक स्टेडियम में जाकर लाइव मैच देखना चाहते हैं अन्य प्रदेश अथवा विदेश यात्रा करने वालों की भी कोई कमी नहीं है।



## ओडिशा को हराकर पंजाब सुपरकप के क्वार्टर फाइनल में

भुवनेश्वर (वार्ता)।

पंजाब एफसी ने राउंड ऑफ 16 के एकतरफा मुकाबले में ओडिशा एफसी को 3-0 से हराकर कलिंगा सुपर कप 2025 के क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली हैं कलिंगा स्टेडियम में सोमवार रात खेले गये मैच में पंजाब एफसी के खिलाड़ियों ने तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ओडिशा एफसी की खराब रक्षापंक्ति का फायदा उठाया। ओडिशा एफसी के कई बार गोल करने के मौके आये लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रहे। असमीर सुलजिक ने (14वें) मिनट में गोलकर पंजाब एफसी को बढ़त दिलाई। एजेकिएल विडाल ने (69वें) मिनट में गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद निहाल सुदेश ने (90वें) मिनट में गोलकर स्कोर 3-0 कर अपनी टीम की जीत पक्की कर दी।

### नजमुल शान्तो ने बंगलादेश की पारी को संभाला

**सिलहट (वार्ता)** कप्तान नजमुल शान्तो (नाबाद 60), मोमिनुल हक (47) और जाकेर अली (नाबाद 21) की जूझारू पारियों के दम पर बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन मंगलवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरी पारी में स्टंप के समय चार विकेट पर 194 रन बना लिये है। बंगलादेश ने कल के एक विकेट पर 57 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 20वें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने महमुदुल हसन जॉय (33) को आउट कर जिम्बाब्वे को दूसरी सफलता दिलाई।



## लेडी श्री राम कॉलेज की बास्केटबॉल में विजयी शुरुआत



**नयी दिल्ली (वार्ता)** लेडी श्री राम कॉलेज और रामजस कॉलेज ने पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। मुख्य अतिथि इंटरनेशनल बास्केटबॉल कोच एंड एयरफोर्स वेटेरियन प्रदीप तोमर और मेजबान गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह ने बास्केटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। महिला वर्ग में लेडी श्री राम कॉलेज ने किरोड़ी मल को 38-28 से हराया और प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड लेडी श्रीराम कॉलेज की अन्वी को मिला। वहीं एक अन्य मैच में रामजस कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 39-28 से हराया और रामजस कॉलेज की अनीका को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। पुरुष वर्ग में हंसराज कॉलेज ने रामजस कॉलेज को 54-40 से हराया और हंसराज कॉलेज के अनुभव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। पुरुष वर्ग के दूसरे मैच में किरोड़ी मल कॉलेज ने दयाल सिंह कॉलेज को 54-51 से हराया और प्लेयर ऑफ द मैच किरोड़ी मल कॉलेज के अनस बने। वहीं एक अन्य मुकाबले में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने भारत अकादमी को 69 -63 से हराया और विजई टीम के नितिन हुडा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली (वार्ता)।** विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 36 रिंगिट बढ़कर 4106 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.41 सेंट की बढ़त लेकर 48.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।



सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3450-3550 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

### टाटा पावर रिन्यूएबल और टाटा मोटर्स का परियोजना के लिए समझौता

**कोलकाता (वार्ता)।** टाटा पावर की अक्षय ऊर्जा इकाई टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने देश की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स के साथ मिलकर 131 मेगावाट की पवन-सौर हाइब्रिड परियोजना स्थापित करने के लिए एक बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। परियोजना सालाना करीब 30 करोड़ यूनिट स्वच्छ बिजली उत्पन्न करेगी, जिससे हर साल दो लाख टन से अधिक कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन की भरपाई की।

## जुपी ने कमाया 146 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** गेमिंग प्लेटफॉर्म जुपी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 146 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया और इस दौरान कंपनी का शुद्ध राजस्व 1123 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) दिलशेर सिंह माल्ही ने मंगलवार को यहां यह घोषणा करते हुये कहा, वित्त वर्ष 2023-24 हमारे लिए एक ऐतिहासिक साल रहा। हम लाभ में आए, तेजी से बढ़े और हमारे गेम्स हमारी शुरुआती सीमाओं से कहीं आगे के उपयोगकर्ताओं तक पहुंचे। हमने न सिर्फ विकास किया बल्कि भारत में गेमिंग की एक नई श्रेणी भी स्थापित की। हमारी सफलता यह साबित करती है कि संस्कृति से जुड़े गेम सीमाओं और पीढ़ियों से परे जाकर लोगों को जोड़ते हैं। नवाचार, नियमों का पालन और जिम्मेदार गेमिंग को लेकर हमारा फोकस जुपी को भारत के गेमिंग बाजार में एक मजबूत और भरोसेमंद नाम बनाता है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 1123 करोड़ रुपये का शुद्ध राजस्व अर्जित किया गया और 146 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया गया है। अपनी स्थापना के बाद यह पहला अवसर है जब कंपनी ने पूरे वर्ष के लिए लाभ कमाया है, जो कंपनी की सुदृढ़ व्यावसायिक नींव और स्थायी विकास को दर्शाता है। इस वित्त वर्ष के दौरान कंपनी ने 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ अपने पंजीकृत उपयोगकर्ताओं का आधार मजबूत किया। उत्तर भारत में अपने परंपरागत बाजारों में नेतृत्व स्थापित करने के बाद कंपनी ने देशभर में विस्तार किया और नए क्षेत्रों में प्रवेश करते हुए विविध आयु और सामाजिक पृष्ठभूमि के उपयोगकर्ताओं को जोड़ा।

## आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने टीसीएस से किया करार




**मुंबई (वार्ता)।** देश की अग्रणी ब्रोकरेज कंपनी आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने अपने खुदरा कारोबार और ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म को उन्नत बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के साथ रणनीतिक साझेदारी की आज घोषणा की। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि इस साझेदारी के तहत टीसीएस अपने वैश्विक स्तर पर सिद्ध टीसीएस बैंक्स ट्रेडिंग समाधान को तैनात करेगा। यह ग्राहकों के लिए बेहतर प्रदर्शन, स्थिरता और यूजर अनुभव सुनिश्चित करेगा। टीसीएस बैंक्स के माध्यम से आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लाखों ग्राहकों को अधिक तेज, स्केलेबल और क्लाउड-रेडी ट्रेडिंग अनुभव प्रदान करेगा। यह पहल ऑर्डर प्रबंधन, एक्सचेंज कनेक्टिविटी, ऑनलाइन जोखिम प्रबंधन, समाशोधन और निपटान, कॉर्पोरेट कार्रवाई और ग्राहक प्रबंधन जैसे प्रमुख कार्यों को भी मजबूत बनाएगी। टीसीएस के बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं (बीएफएसआई) उत्पाद एंड प्लेटफॉर्म के अध्यक्ष आर. विवेकानंद ने कहा, यह साझेदारी पूंजी बाजार क्षेत्र में हमारे नेतृत्व को मजबूत करेगी और कारोबार समाधान में हमारी विशेषज्ञता को रेखांकित करती है। हम आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के साथ मिलकर एक आधुनिक और अत्यधिक स्केलेबल प्लेटफॉर्म तैयार कर रहे हैं, जो भारत के तेजी से विकसित हो रहे वित्तीय बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगा।

### जिन गाँवों में चकबंदी नहीं हुई फसल ऑफलाइन खरीदी जाएगी : सैनी

**चंडीगढ़ (वार्ता)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि अब तक जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई है, उन गांवों के किसानों की फसल 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल की बजाय ऑफलाइन माध्यम से खरीदी जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज यहां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिन गांवों में चकबंदी नहीं हुई है, उन गांवों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर डाटा न होने के कारण वहां के किसानों को फसल बेचने में परेशानी हो रही थी। इस पर संज्ञान लेते हुए अब सरकार ने निर्णय लिया है कि पोर्टल की बजाय इन गांवों में ऑफलाइन माध्यम से खरीद करवाई जाएगी।

# आरबीआई के तरलता बढ़ाने के उपाय से चढ़ा बाजार

मुंबई (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जारी आलोचना से विश्व बाजार के कमजोर संकेत के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तंत्र में तरलता बढ़ाने के उपाय से स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और रियल्टी समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.09 अंक की मजबूती के साथ 79,595.59 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 41.70 अंक की तेजी के साथ 24167.25 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,252.46 अंक और स्मॉलकैप 0.82 प्रतिशत उछलकर 49,143.12 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4130 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2476 में लिवाली जबकि 1504 में बिकवाली हुई वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह



एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1834 में तेजी जबकि 1059 में गिरावट रही वहीं 93 में टिकाव रहा। आरबीआई ने तरलता मानकों को और मजबूती देने तथा तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) ढांचे में संशोधन संबंधी अंतिम दिशा-निर्देश सोमवार को जारी किए हैं। केंद्रीय बैंक के इस उपाय से बीएसई के 11 समूहों में तेजी रही। इस दौरान रियल्टी 2.40, एफएमसीजी 1.87, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.43, वित्तीय सेवाएं 0.66, हेल्थकेयर 0.75, कमोडिटीज 0.17, सीडी 0.72, इंडस्ट्रियल्स 0.27, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.61 और धातु समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत मजबूत रहे। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43, हांगकांग का हैंगसेंग 0.78 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.16 और जापान के निक्केई में 0.17 प्रतिशत में गिरावट रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 320 अंक की तेजी के साथ 79,728.39 अंक पर खुला लेकिन ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,253.44 अंक के निचले स्तर पर आ गया।

वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 79,824.30 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,408.50 अंक के मुकाबले 0.24 प्रतिशत चढ़कर 79,595.59 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी 60 अंक बढ़कर 24,185.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,072.00 अंक के निचले जबकि 24,242.60 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,125.55 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत बढ़कर 24,167.25 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें आईटीसी 2.58, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.89, एचडीएफसी बैंक 1.78, इटरनल 1.41, कोटक बैंक 1.11, एसबीआई 0.72, सन फार्मा 0.54, आईसीआईसीआई बैंक 0.47, नेस्ले इंडिया 0.30, टाटा मोटर्स 0.16, टेक महिंद्रा 0.13, टाइटन 0.01 और अल्ट्रासिम्को 0.01 प्रतिशत शामिल रहीं। वहीं, इंडसइंड बैंक 4.88, पावरग्रिड 2.30, इंफोसिस 1.93, भारती एयरटेल 1.68, बजाज फिनसर्व 1.25, एनटीपीसी 1.10, अडानी पोर्ट्स 0.85, टाटा स्टील 0.79, एलटी 0.59, एशियन पेंट 0.47, एक्सिस बैंक 0.39, रिलायंस 0.38, बजाज फाइनेंस 0.26, टीसीएस 0.11 और मारुति के शेयरों ने 0.05 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# मेडिकल टूरिज्म बढ़ाने में भागीदारी करें आयुष विभाग: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग की समीक्षा में दिये निर्देश



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेडिकल टूरिज्म एक उभरता हुआ सेक्टर है। प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म की असीम संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ आयुष विभाग भी इस क्षेत्र में भागीदारी करें। प्रदेश के हर पर्यटन स्थल, धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व के स्थलों के आसपास वैलनेस सेंटर स्थापित किए जाएं, इससे यहां आने वाले पर्यटक आयुष विभाग की प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति और पंचकर्म सुविधा का भी लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव आयुष डी.पी. आहूजा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**आपसी तालमेल से काम करें** :-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन में प्रदेश में जहां-जहां नए आयुर्वेद महाविद्यालय स्थापित किए जाने हैं, इन्हें प्रारंभ करने के लिए तेज एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएं। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग आपसी समन्वय और तालमेल से काम करें और अधिक से अधिक मरीजों को अपनी-अपनी चिकित्सा पद्धतियों से उपचार का लाभ दें। उन्होंने कहा कि दोनों ही विभाग रोजगारपरक शिक्षा की ओर बढ़ें, ताकि प्रदेश को अधिकाधिक डॉक्टर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी मिलें।

**आयुष के डॉक्टर्स गांवों में उपलब्ध** :-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुष विभाग द्वारा 543 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, 36 होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, 14 यूनानी चिकित्सा अधिकारी, 65 आयुर्वेद व्याख्याता एवं 150 से अधिक पैरामेडिकल स्टॉफ एवं संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटर की पोस्टिंग भी कर देने की जानकारी मिलने पर विभागीय अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब आयुष के डॉक्टर्स गांव-गांव में उपलब्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिना किसी डिग्री के क्लीनिक चलाकर एवं घर-घर जाकर भोले-भाले ग्रामीण मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप डॉक्टर (क्वेक्स) पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंचे सेवाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और पारम्परिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। देश और प्रदेश में आयुर्वेदिक उपचार पद्धति की ओर लोगों का रुझान निरंतर बढ़ रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए आयुष विभाग की अपनी सभी चिकित्सा प्रणालियों यथा आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विस्तार के लिए जरूरी मानव संसाधन की पूर्ति कर अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनमानस में आयुष पद्धति के प्रति विश्वास और बढ़े, इसके लिए जन जागरूकता अभियानों को तेज किया जाए तथा आयुष सेवाओं की पहुंच दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक भी सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि जिन आयुर्वेदिक महाविद्यालय को हम निकटतम बड़े विश्वविद्यालय से जोड़ सकते हैं, उन्हें जोड़ने की कार्रवाई केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार करें। क्योंकि क्षेत्रीय बहुउद्देशीय विश्वविद्यालय से शिक्षा एवं उपचार की सभी पद्धतियों के महाविद्यालयों के लिंक होने पर अध्ययन और अध्यापन दोनों में सुविधा होगी।

**मध्यप्रदेश पांचवें स्थान पर**:- आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान लांच किया गया है। इस अभियान में प्रदेश में तेजी से कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि अब तक 8.50 लाख से अधिक परीक्षण किए जा चुके हैं। इस मामले में मध्यप्रदेश देश में 5वें स्थान पर रहा है।

**खजुराहो में योग संस्थान**:- प्रमुख सचिव आयुष ने बताया कि छतरपुर जिले के खजुराहो में योग संस्थान की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार का यह प्रस्ताव केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद में विचारार्थ है। कलेक्टर छतरपुर द्वारा योग संस्थान के लिए खजुराहो के समीप ग्राम खर्रोही में 25 एकड़ भूमि आयुष विभाग को आवंटित कर दी गई है। इस भूमि का केन्द्र सरकार के दल द्वारा निरीक्षण भी किया जा चुका है। जल्द ही इस पर अगली कार्यवाही होनी है। इसके साथ ही खजुराहो में ही इंटर यूनिवर्सिटी सेन्टर फॉर योगिक साइंस की स्थापना का प्रस्ताव भी विचाराधीन है।

**उज्जैन में आयुर्वेद संस्थान**:- प्रमुख सचिव ने बताया कि उज्जैन जिला मुख्यालय में केन्द्र सरकार के सहयोग से अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना के लिए मध्यप्रदेश राज्य के चयन के लिए केन्द्र सरकार में प्रस्ताव विचाराधीन है। केन्द्र सरकार द्वारा ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट के तहत प्रस्ताव मांगा गया है। राज्य सरकार द्वारा ग्रीनफील्ड प्रस्ताव भेज दिया गया है।



# जान जोखिम में डालकर सुनार नदी को किया जा रहा छलनी

## हारट खदान पर प्रतिदिन निकाली जा रही 50 ट्राली रेत

**हटा।** मध्यप्रदेश सरकार खनन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दे रही है। साथ ही राजस्व वसूली के लिए भी सख्ती दिखा रही है और विभागों को राजस्व बसूली के टारगेट भी दे रही है लेकिन हटा में खनिज विभाग की उदासीनता के चलते दिन दहाड़े नदियों को छलनी कर रेत निकालने का काम किया जा रहा है। हटा के नजदीक सुनार नदी के हारट घाट पर खनन माफिया द्वारा पुलिस और खनिज विभाग की मिलीभगत से प्रतिदिन पचास से अधिक ट्राली रेत निकाली कर जा रही है। रेत का खनन दिन रात किया जा रहा है। घाट पर नदी में बीचों-बीच टेक्टर खड़े कर मजदूरों से टेक्टर के ट्यूब से खतरों के बीच नदी से रेत निकाली जाती है। नदी से जो रेत प्रतिदिन निकलती है उसकी बाजार में बिक्री हो जाती है। शेष बची रेत का स्टाक जगह जगह किया जा रहा है करीब एक दर्जन जगहों पर रेत का स्टाक बना हुआ है लेकिन खनिज विभाग कभी कभार दिखावे की कार्यवाही कर इतिश्री कर लेती है। वर्तमान में जिस हारट घाट से रेत निकाली जा रही है। वह हटा एवं मगरोंन पुलिस थाना का सीमावर्ती क्षेत्र है जहां से शहर तक आने में चार किलोमीटर का रास्ता सफर करना पड़ता है रास्ते मे ही एसडीओपी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय पड़ता है लेकिन बिना रोक-टोक के प्रतिदिन टेक्टरों का निकलना और किसी पर भी कार्यवाही नहीं होना सबकी मिलीभगत की ओर इशारा करती है। इस संबंध में खनिज अधिकारी मेजर सिंह जावरा का कहना कि लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

## समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग को दिए दिशा निर्देश



**दमोह।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का जिले में त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर्यवेक्षण निगरानी मूल्यांकन तथा नियामक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने के उददेश्य से जिला स्तरीय स्टेयरिंग समिति की बैठक कलेक्टर एवं अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सभी अधिकारीगण एवं नामंकित सदस्यगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कोचर ने खाद्य सुरक्षा प्रशासन को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी एवं मैजिक बॉक्स के माध्यम से आमजन को खाद्य सामग्री में मिलावट के प्रति जागरूक करने निर्देश दिये। उन्होंने कहा आंगनबाडी एवं मध्यान्ह भोजन, जिला चिकित्सालय, दीनदयाल अंत्योदय रसोई में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच एवं निरीक्षण की निरंतर कार्यवाही करने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। ग्रीष्म ऋतु में शीतल पेय पदार्थों, गन्ना जूस, लस्सी, आइस क्रीम, कुल्फी, बच्चों की पेप्सी, आइस कैंडी, बर्फएवं कोल्ड ड्रिंक्स पर विशेष निगरानी रखी जाये। कलेक्टर कोचर ने अमानक खाद्य सामग्री के विक्रय की रोकथाम हेतु निरंतर नमूना संग्रहण एवं निरीक्षण कार्य करने के निर्देश खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा आमजन को सही खाद्य सामग्री का उपयोग एवं चयन करने के लिये एडवाइजरी जारी की जाये। बैठक में अभिविहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बैठक का एजेण्डा बिंदुबार प्रस्तुत किया जिस पर अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# महेन्द्रा बुलेरो वाहन नीलामी 28 को कलेक्टर कार्यालय में

**दमोह।** कलेक्टर कार्यालय दमोह के राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को आवंटित चार महिन्द्रा बुलेरो वाहन दस वर्ष से अधिक पुराने हो जाने से जैसी स्थिति में है नीलाम किये जाने हेतु खुली निविदा 28 अप्रैल को दोपहर 3 बजे आयोजित की जायेगी। नीलामी में भाग लिये जाने हेतु सुरक्षा निधि दस हजार रूपये का बैंक ड्राफ्ट कलेक्टर दमोह के नाम से कार्यालय में जमा कर नीलामी में भाग लिया जा सकता है। वाहन का निरीक्षण कलेक्टर कार्यालय परिसर में कार्यालयीन समय में किया जा सकेगा। वाहन जिस हालत में खड़ा है, उसी स्थिति में नीलाम किया जावेगा। नीलामी के दौरान उच्चतम बोली जिस पक्षकार की होगी उसको नीलामी बोली समाप्त होने के पश्चात नीलामी राशि की 25 प्रतिशत राशि तुरंत जमा करनी होगी। राशि जमा न करने की स्थिति में जमा सुरक्षा निधि राजसात की जावेगी एवं उसकी नीलामी निरस्त की जावेगी। किसी भी प्रकार के विवाद में अंतिम निर्णय कलेक्टर दमोह का होगा। वाहन अंतिम रूप से निराकरण होने के पश्चात पक्षकार को परिवहन विभाग के नियमों के अधीन रजिस्ट्रेशन एंव इंश्योरैंस की कार्यवाही करना अनिवार्य होगा।

# कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान पर उठाया सवाल



**रायपुर (वार्ता)** छत्तीसगढ़ के रायपुर पहुंचे मध्यप्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान पर कहा कि जो अपनी जेब में संविधान की किताब लेकर घूम रहे हैं, मूल उसमें है क्या? संविधान का उपयोग कांग्रेस राजनीति के लिए कर रही है। अगर कांग्रेस संविधान के अनुरूप चली होती तो ये दुर्दशा नहीं होती। संविधान का जितना मजाक कांग्रेस ने उड़ाया, उतना किसी ने नहीं किया।भारत रत्न भीमराम अंबेडकर के सम्मान में आयोजित राजनांदगांव में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे रायपुर पहुंचे थे कैलाश विजयवर्गीय ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि संविधान की धज्जियां कांग्रेस ने उड़ाई है, आपातकाल लगाया, और जब यूपीए की सरकार थी तब उनके नेता ने बिल की कॉपी फाड़ी थी। अब वहीं नेता देश के संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ विदेश में बयान दे रहे हैं। इससे क्या देश का सम्मान बढ़ेगा। चुनाव प्रणाली पर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के सवाल उठाए जाने पर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस का दोहरा चरित्र है, जनता इसे समझ रही है। इसलिए कांग्रेस को हर जगह नकार रही है। जहां जीत होती है, वहां सवाल नहीं है. जहां हारे वहां सवाल उठाना है।

# बच्चों ने सीखा भौगोलिक हुनर




हटा। सीएम राइज स्कूल में भौगोलिक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें भोपाल से आये दीपक सोनी व्याख्याता एवं आशीष पोरे द्वारा बच्चों के समक्ष भूगोल के क्रियाशील माडलों का प्रदर्शन कर भूगोल विषय का महत्व, चंद ग्रहण, सूर्य ग्रहण, ज्वार भाटा, पृथ्वी का घूर्णन एवं परिक्रमण से संबंधित घटनाओं के बारे में बच्चों को समझाया। गौरतलब है कि भौगोलिक मॉडलों की प्रदर्शनी सभी विकासखंडों में आयोजित की जा रही है। भूगोल शिक्षिका ऋचा चौबे ने बताया कि कार्यशाला के आयोजन से बच्चों में भूगोल विषय के प्रति रुझान तो बढ़ेगा ही साथी बच्चे भूगोल के मूल सिद्धांतों से भी परिचित होंगे इसके साथ ही उन्होंने भूगोल एवं अन्य विषयों से भूगोल के संबध पर प्रकाश डाला। सहयोगी मनीष चौरसिया ने भूगोल विषय में कैरियर के संबध में जानकारी देते हुए बताया कि भूगोल विषय पढ़कर आप सभी बड़ी कंपनियों में सलाहकारए शहरी योजनाकार, मौसम विज्ञान, मानचित्र कार, शिक्षक, शोधकर्ता एजीआईएस ऑफिसर एवं अन्य प्रशासनिक पदों पर जा सकते हैं। कार्यशाला में भोपाल की टीम के अतिरिक्त मॉडल स्कूल प्राचार्य भूपेंद्र सिंह राजपूत ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया। अंत में संस्था प्राचार्य डॉ अशोक अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए भूगोल विषय का महत्व बताया एवं आमंत्रित सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# सीएम राइज विद्यालय जबेरा में लॉटरी चयन प्रक्रिया संपन्न



**जबेरा।** सीएम राइज शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में लॉटरी चयन प्रक्रिया का आयोजन मंगलवार को सरपंच शिवलाल धुर्वे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार बाजपेई एवं अनेकों अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें कक्षा छठवीं हेतु 45 रिक्त सीटों के लिए कुल प्राप्त 89 आवेदनों में से 45 पर्ची एवं 7 पर्ची प्रतीक्षा सूची के साथ कुल 52 छात्रों के लिए मटके में से पर्चीया निकल गई। इसी तरह कक्षा नवमी हेतु 65 रिक्त सीटों के लिए कुल प्राप्त 200 आवेदनों में से 65 पर्ची एवं 12 प्रतीक्षा सूची सहित कुल 77 छात्रों के लिए पर्ची निकली गई जिनका रिक्त सीटों के लिए चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही और जिन छात्रों का चयन नहीं हुआ उनमें निराशा भी देखी गई। इस दौरान सरपंच शिवलाल धुर्वे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार बाजपेई ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सभी छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने विद्यालय के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन करें और जिन छात्रों का चयन नहीं हुआ है वह निराश नहीं हो विद्यालय कोई भी हो मेहनत आपको करनी है और इस मेहनत की दम पर आपको सफ्लता की कहानी लिखनी है हम सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हैं। वहीं विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई ने सभी चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सभी छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें और एक कामयाब इंसान बनकर विद्यालय के साथ अपने परिवार का नाम रोशन करें साथ ही सभी अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय अनिवार्य रूप से भेजें क्योंकि विद्यालय का लक्ष्य प्रत्येक कक्षा में 100 प्रतिशत वार्षिक परीक्षा परिणाम देने के लिए निर्धारित है जिसमें आप सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक मुकेश नामदेव, शिक्षक उमेश शर्मा, रामकिशोर शर्मा, सुखनंदन साहू, माखनलाल साहू, विवेक जैन, अर्चना खरे, मुन्नी ठाकुर, दुर्गा पटेल, उषा लोधी, विभा तिवारी, प्रमोद अहिरवार सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# ट्रेक्टर-ट्राली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**भोपाल (वार्ता)।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कोलार इलाके में एक मोटरसायकल के ट्रेक्टर-ट्राली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोलार थाना क्षेत्र के कजली खेड़ा का निवासी सोनू बाल्मीकि (39) अपनी पत्नी के साथ कल शाम मोटरसायकल से बाजार गया था। जहाँ से रात में लौटते समय ग्राम बोरदा जोड के पास दंपत्ति ट्रेक्टर-ट्राली की चपेट में आ गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान आज सुबह सोनू की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।



# फास्ट फूड दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए फास्ट फूड दुकानों में विक्रय किए जा रहे मंचूरियन एवं चाउमिन के नमूने जांच हेतु लिए। खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में घंटाघर स्थित श्रीनाथ पाव भाजी एण्ड फास्ट फूड सेंटर का निरीक्षण किया गया। परिसर से मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित मंचूरियन एवं चाउमिन के नमूने जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। इसी तरह जबलपुर रोड स्थित दमोह दरबार में फास्ट फूड दुकानों में कार्यरत शेफ एवं रसोइयों को चाइनीज फूड एवं फास्ट फूड में अजीनोमोटो के ज्यादा मात्रा में इस्तेमाल करने एवं रीयूज्ड खाद्य तेल को उपयोग करने पर मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव होने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। मौके पर फास्ट फूड दुकान संचालकों को अजीनोमोटो एवं रीयूज्ड खाद्य तेल के उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए है।

# सीतानगर परियोजना: हर खेत तक पहुंचेगा पानी

## कलेक्टर ने पिपरिया चम्पत, बिजौरी तथा खेजरा का किया भ्रमण



**दमोह। कलेक्टर** सुधीर कुमार कोचर ने मंगलवार को जिले की सीतानगर परियोजना के माध्यम से सिंचाई का पानी खेत-खेत तक पहुंचाने सरकार और प्रशासन की प्रतिबद्धता के मद्देनजर ग्राम पिपरिया चम्पत, बिजौरी तथा खेजरा कला का भ्रमण किया। कलेक्टर श्री कोचर ने किसानों से सिचाई के लिए मिल रहे पानी के सबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा किसानों को पर्याप्त सिंचाई के लिए पानी मिले सरकार का लक्ष्य हैं। इस दौरान सिचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी-कमर्चारी मौजूद रहे।कलेक्टर श्री कोचर ने कहाए सीतानगर परियोजना के माध्यम से सिंचाई का पानी किसान के खेत-खेत तक पहुंचाने सरकार और प्रशासन की प्रतिबद्धता के मद्देनजर सीतानगर डैम से लेकर जहाँ तक लोगों के खेत में पानी जाता है, इसकी पूरी व्यवस्था सिंचाई विभाग के अधिकारियों और कम्पनी इसको मैनेज कर रही हैए उनके अधिकारियों के साथ भ्रमण किया है। किसानों से भी चर्चा की है, इसको देखने का प्रयास किया है, कहां-कहां तक पानी कैसे पहुंच रहा है, अंतिम छोर तक पहुंचने में क्या-क्या समस्याएं आ रही है इस संबंध में एक बैठक रखी है इसमें किसान संगठनों को भी बुलाया है अधिकारी भी रहेंगे। उन्होंने कहा निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा करने के बाद जहाँ-जहाँ समस्याएं आ रही है उनको कैसे समाधान किया जा सकता है इसकी तरफ आगे कदम बढ़ाये जायेंगे।कलेक्टर श्री कोचर से बिजौरी के किसान मूलचंद पटेल ने कहा यहाँ सिचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल जाता हैं, कभी स्प्रिंकलर के माध्यम से वह अपने खेत की सिचाई करते हैं। किसान ने बताया यह योजना बहुत अच्छी योजना हैं जिसके लिए उन्होंने शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया।


**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में भवन क्रमांक MIG-MD-39 श्री सुखवंत सिंह लांबा पिता स्व. श्री सरदार सिंह लांबा के नाम आवंटित्त है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 27.05.2006 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री सुखवंत सिंह लांबा पिता स्व. श्री सरदार सिंह लांबा ने पंजीकृत दान-पत्र दिनांक 16.07.2019 के माध्यम से उनके पुत्र एवं पुत्रवधु श्री अमनप्रीत सिंह लांबा पिता श्री सुखवंत सिंह लांबा एवं श्रीमती नवप्रीत पति श्री अमनप्रीत सिंह लांबा को दान किया है। अतः श्री अमनप्रीत सिंह लांबा पिता श्री सुखवंत सिंह लांबा एवं श्रीमती नवप्रीत पति श्री अमनप्रीत सिंह लांबा द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्र. एलआईजी 1300 श्रीमती ममता रैकवार पति श्री सीताराम रैकवार के नाम आवंटित है. जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11.8.2017 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती ममता रैकवार पति श्री सीताराम रैकवार ने पंजीकृत विक्रय विलेख 10.10.2022 के माध्यम से श्री बाबूलाल चौधरी पिता स्व. श्री प्रीतम लाल चौधरी को विक्रय किया है। अतः श्री बाबूलाल चौधरी पिता स्व. श्री प्रीतमलाल चौधरी द्वारा उक्त भवन अपने नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/ आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/ भूखण्ड) बाबत आपत्ति हो तो इश सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

गौ संरक्षण के लिए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने लिया संकल्प

# देश की हर विधानसभा में बनेगा रामा धाम



## वक्फ पर बोले, हिंदू समाज को फायदा नहीं

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गौरक्षण और गौ संवर्धन को अपने जीवन का लक्ष्य बना चुके देश के बेहद चर्चित शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने संकल्प लिया है कि देश की सभी 4123 विधानसभा क्षेत्रों में गौ माता के लिए एक-एक रामाधाम का निर्माण करेंगे। प्रत्येक रामाधाम में देशी नस्ल की सौ-सौ गायों को रखा जाएगा। इसके साथ ही देश में चल रहे सभी 3600 बूचड़ खानों के प्रबंधकों को वे पत्र लिखेंगे कि हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए वे अपने बूचड़खानों में गोवंश को काटना बंद कर दें। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि हिंदू समाज की भावना को आदर के भाव से बूचड़ खानों की प्रबंध समिति देखेगी। शंकराचार्य बगलामुखी मठ में रुके महाराजश्री आर्य समय से चर्चा कर रहे थे। महाराजश्री ने दो टूक कहा कि यदि हमारी भावनाओं का आदर नहीं किया जाता और हमारे पत्र के बाद भी बूचड़खानों में गायों का कटना बंद नहीं किया गया तो फिर गायों की रक्षा हम अपने हिसाब से करेंगे।

### धारा 48 देती है अधिकार

ये पूछे जाने पर कि क्या ये कदम विधि सम्मत होगा ? महाराजश्री ने कहा कि संविधान की धारा 48 हमें इसका अधिकार देती है। इस धारा में गौ रक्षण और गो संवर्धन का अधिकार दिया गया है। हमारे सामने हमारी मां को काटा जाएगा तो हम चुप नहीं रहेंगे। महाराजश्री ने कहा कि उनके द्वारा जारी गौ आंदोलन का अब तक की बड़ी उपलब्धि यही रही है कि वे इस आंदोलन के कारण वे और देश जान गया है कि देश की कोई भी पार्टी गौ माता के रक्षण और गौ माता के वध रोकने के पक्ष में नहीं है।

### अपने स्तर पर काम करने मजबूर

उन्होंने कहा कि हमने हर दल के प्रमुखों से इस मुद्दे पर अपनी बात स्पष्ट करने कहा, लेकिन किसी ने इस पर स्पष्ट राय नहीं दी। ऐसे में हम सरकार के भरोसे न रह कर अपने स्तर पर काम करने मजबूर हैं। महाराजश्री ने कहा कि पूरे देश में रामाधाम की स्थापना के साथ ही वे सप्त दिवसीय गौ प्रतिष्ठापन यज्ञ का आयोजन भी करेंगे। आज इस बारे में शहर के लोगों से चर्चा होगी। इस यज्ञ के माध्यम से लोगों को गौ रक्षा का संकल्प दिलाया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि वे गौ समर्थित सरकार या दल की चिंता छोड़ अब गौ समर्थित मतदाता तैयार करेंगे।

### सांठगांठ कर लाया वक्फ बिल

संकल्प दिलाया जाएगा कि वे उसी दल को सरकार चुनें जो गौ हत्या बंद करने की बात कहे। वक्फ को लेकर हुई चर्चा में महाराजश्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी एक वीडियो में मुस्लिम समाज के लोगों से कह रहे हैं कि छह सालों तक मुस्लिमों के प्रतिष्ठित जनों से चर्चा के बाद ये बिल लाया गया है। उनकी बात ये साबित करती है कि ये वक्फ बिल मुस्लिम समाज के साथ सांठगांठ करके ही लाया गया है। इससे हिंदू समाज को कोई फायदा नहीं होने वाला। मानस जन्म को बहुत मुश्किल से मिलने वाला जन्म बताते हुए महाराजश्री ने सभी से अपील की कि इसे ईश्वर प्राप्ति और भगवत आराधना में लगाएं।

## कलेक्टर दरबार में पहुंचे 143 पीड़ित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर दीपक सक्सेना, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड और अन्य अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 143 आवेदन दिये। जिसमें 102 नये आवेदन हैं तथा 41 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई-झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम राकेश मेहरा है, जो ग्राम पेमाखेडा का निवासी था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है। ग्राम कोटवार बालकिशन मेहरा ने बताया कि रविवार शाम लगभग 6 बजे उसे नीतेश सिंह ठाकुर ने फोन कर बताया कि उनके खेत के पास एक व्यक्ति नाले में पड़ा हुआ है और पास में एक मोटरसाइकिल भी पड़ी है। जब बालकिशन मौके पर पहुंचा, तो पाया कि एक युवक जिसका सिर और मुंह में चोटें आई थीं, जो कि उल्टा पड़ा हुआ था।

हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में

# विश्व पृथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इको क्लब के अंतर्गत विश्वपृथ्वी दिवस पर पोस्टर (पर्यावरण संरक्षण) प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। जिसके अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। मंगलवार को आयोजित विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखने के लिए सभी ने संकल्प लिया की हम अधिक से अधिक पौधा रोपण कर अपनी पृथ्वी को सुरक्षित रखेंगे। इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर छात्राओं ने भाग लिया इसमें प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजना ठाकुर, द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान रोषनी सोनी द्वितीय सेमेस्टर और तृतीय स्थान दीप शिखा सिंह चतुर्थ सेमेस्टर को प्राप्त हुआ। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 50 छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में इको क्लब की अध्यक्ष,दीपशिखा, उपाध्यक्ष, प्रियंका उईके, सचिव, वैशाली सिंगोतिया की मुख्य भूमिका रही व इको क्लब के सभी सदस्यों ने अपना सहयोग दिया। महाविद्यालय की वर्षा दुबे, जया सामदेकर, डॉ निधि माथुर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालय कर्मचारी नितिन साहू , प्रेमलता, सुधा चौधरी एवं विजय दहायत का योगदान रहा।

## हितकारिणी डेंटल कॉलेज में हिंदी में क्लास लेंगे डॉ. खंडेलवाल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र आयुर्विज्ञान विष्वविद्यालय जबलपुर द्वारा प्रथम बार आयुर्विज्ञान संकाय में चिकित्सा षिक्षा मातृभाषा में दी जा रही है। इस अवसर पर हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि मप्र आयुर्विज्ञान विष्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ अशोक खंडेलवाल और विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ पुष्पराज सिंह बघेल रहेंगे। संवाद कार्यक्रम हितकारिणी डेंटल कॉलेज और अस्पताल में आज प्रात: 11 बजे से आयोजित की गयी है। उपस्थिति की अपील डायरेक्टर डॉ राजेश धीरावाणी और डीन डॉ रोहित मिश्रा ने की है।

## अनियंत्रित होकर पलटी कार, महिला की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरगी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुकरी रैपुरा के पास मंगलवार सुबह लगभग 11:30 बजे एक अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में जहां कार सवार एक महिला की मौत हो गई, वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कार सवार मैहर दर्शन कर गृह जिला छिंदवाड़ा लौट रहे थे। पुलिस ने मृतिका के शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी बरगी कमलेश चौरिया ने जानकारी दी बताते हुए बताया कि छिंदवाड़ा जिले में रहने वाला परिवार मैहर शारदा माता मंदिर दर्शन के लिए गया हुआ था। वापस लौटते वक्त सुबह सुकरी रैपुरा के पास उनकी अर्टिगा कार अनियंत्रित हो गई और हादसे का शिकायत हो गई। घटना में गंभीर चोटे आने के कारण कार सवार सुनीता बाई की मौके पर ही मौत हो गई।

## अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर रोपे पौधे

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय द्वारा अंतराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यावन प्रांगण में मौलश्री के पौधे प्राचार्य डॉ अलकेश चतुर्वेदी एवं प्रो अरुण शुक्ल की उपस्थिति में रोपित किए गए। इस अवसर पर प्रो अरुण शुक्ल ने बताया कि पृथ्वी के संरक्षण एवं जीवन रक्षा के लिए पौधारोपण करना आवश्यक है। पृथ्वी दिवस पर अपने पर्यावरण को ग्रीन बनाये रखने की शपथ दिलवाई गई।

# महिलाओं से चैन लूटने वाला गिरफ्तार

## चोरी की बाइक से दिया था वारदात को अंजाम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

संजीवनी नगर थानाक्षेत्र के धनवंतरी नगर में सुबह की सैर पर निकली दो महिलाओं से सोने की चैन लूटने वाले शातिर लुटेरे को क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने चोरी की बाइक से अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। हालांकि उसका एक साथी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जानकारी अनुसार द्वारका परिसर संजीवनी नगर निवासी प्रोफेसर रुचि पटेल और धनवंतरी नगर जैन मंदिर के पास रहने वाली दीक्षा चढ़ार से लुटेरों ने कुछ ही मिनट के अंतराल में सोने की चैन छीन ली थी। दोनों ने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई, जिससे पुलिस को अंदेशा हुआ कि लूट की दोनों वारदातें एक ही गिरोह द्वारा की गई हैं। क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई योजना बनाने के बाद उन्होंने कोतवाली क्षेत्र की संगम कॉलोनी से बाइक चोरी की और उसी से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरी और लूट की घटनाओं की जानकारी जुटा रही है।





करते हुए कृषि उपज मंडी के पास रहने वाले साहिल बेन को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी कृष जाटव के साथ लूट को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के पास से एक सोने की चैन और लूट में प्रयुक्त बाइक जब्त कर ली है। फरार साथी कृष जाटव की तलाश जारी है। आरोपी साहिल ने पूछताछ में बताया कि लूट की

## स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने हुईं गतिविधियां



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पोषण पखवाड़ा के समापन दिवस पर मंगलवार को महिला बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना एवं आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर जिले के समस्त 2 हजार 486 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने तथा जीवन के प्रथम एक हजार दिवस के महत्व की थीम पर आधारित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। आंगनबाड़ी केन्द्रों में मोटे अनाज एवं स्थानीय स्तर पर पोषक तत्वों से युक्त अनाज से निर्मित पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यकर्ताओं द्वारा मोटे अनाज एवं पोषकतत्व युक्त अनाज विषय पर चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## वेटरनरी विवि. में वन्य जीवों पर होगा सम्मेलन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ एंड फोरेंसिक हैल्थ, वन विभाग मप्र एवं भारतीय वन्य जीवन संस्थान देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में,भारतीय चिड़ियाघर एवं वन्य जीव सम्मेलन और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन दिनांक 24 से 26 अप्रैल 2025 में किया जा रहा है। जिस हेतु कुलगुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा ने बताया कि यह वन्यजीव पशुचिकित्सक संघ का 15वां वार्षिक सम्मेलन और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन जिसका शीर्षक है,



एकीकृत स्वास्थ्य प्रबंधन के माध्यम से मानवीय आवश्यकताओं और वन्य जीवन संरक्षण में संतुलन स्थापित करना। इस सम्मेलन में देश विदेश लगभग 350-400 प्रतिभागि सम्मिलित होने की होने जा रहे हैं जिनमें से फॉरेन डेलिगेट्स 10 तथा फॉरेन स्टूडेंट्स की संख्या 5 हैं। वैज्ञानिक सत्र 12 विषयगत क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 8 मौखिक और 4 पोस्टर सत्र शामिल होंगे। इसमें जू एवं वाइल्ड लाइफ मेडिसिन, वन हेल्थ, वन्यजीव फोरेंसिक, मानव वन्यजीव अंतर्द्वंद और अन्य तकनीकी सत्र शामिल होंगे, महिलाओं का एक विशेष सत्र रहेगा।

## संभागायुक्त ने ज्ञानाश्रय में मनाया जन्मदिवस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

संभागायुक्त अभय वर्मा ने मॉडल स्कूल में संचालित नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के छात्र-छात्राओं के साथ अपना 60 वाँ जन्मदिवस मनाया। जिसमें संस्था से संबंधित सभी व्यक्ति मौजूद थे। संभागायुक्त श्री वर्मा ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी कक्षाओं में निरंतरता ही आपकी सफलता के लिए रामबाण साबित होगी। उन्होंने



बताया कि जबलपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए ज्ञानाश्रय एक बेहतर प्लेटफार्म है, जिसमें सफलतम अधिकारियों द्वारा नियमित मार्गदर्शन दिया जाता है। इस दौरान संयुक्त संचालक संभाग प्राची जैन ने कहा कि अपने सपनों को हमेशा जिंदा रखना होगा, क्योंकि सिर्फ सोचने से मंजिल हासिल नहीं होती है इसके लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी व मॉडल स्कूल प्राचार्य ने भी युवाओं को मार्गदर्शन कर प्रोत्सा हित किया।

# जलपरी क्षेत्र में अब नहीं होगी गंदगी

## पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने लगवाया मदर ट्री ऑन अर्थ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह करते हुए नगर निगम के सहयोग व समन्वय से नगर के सबसे सुन्दर क्षेत्र ऐतिहासिक जलपरी में हरित पहल के अंतर्गत डस्टबिन का व्यापक प्रबंधन किया है। जलपरी क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह व शाम हजारों की संख्या



में मार्निंग व इवनिंग वॉक करने वाले तो आते ही हैं इनके साथ दिन भर यहां तफरीह करने वालों की बड़ी संख्या रहती है। जलपरी में घूमने आने वालों की सुविधा और स्वच्छता की दृष्टि से हरे व नीले रंग के डस्टबिन स्थापित किए गए हैं। इनका उपयोग सिर्फ राहगीरों तक सीमित रखा गया है। घर व दुकान से निकलने वाले कचरा इनमें न डालने की साफ हिदायत दी गई है। हरे रंग के डस्टबिन में गीला व नीले रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा डालने की व्यवस्था की गई है। शक्तिभवन से जलपरी क्षेत्र तक कुल आठ डस्टबिन के सेट स्थापित किए गए हैं। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी प्रबंधन ने जानकारी दी कि जलपरी क्षेत्र को सुन्दर व स्वच्छ बनाए रखने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गत वर्ष जलपरी में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा पर्यावरण संदेश देती मदर ट्री ऑन अर्थ स्क्रेप स्कल्पचर इंस्टॉलेशन आर्ट की स्थापना की गई है। स्कल्पचर में सामने की ओर नीचे अथर्व वेद का सूत्र माता भूमि: पुत्रो अहं पृथिव्या: अंकित है। इसका अर्थ है धरती हमारी मां है, हम इसकी संतान हैं। मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन ने जलपरी क्षेत्र में आने वाले नागरिकों से अपेक्षा की है कि वे संस्कारधानी की इस विरासत को साफ व स्वच्छ बनाए रखने में आना पूर्णत सहयोग दें।






हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एमएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**